सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 06 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 58, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**हाइपरवॉल्ट करेगी 70,000 करोड़ का निवेश**

हाइपरवॉल्ट ने हैदराबाद में बड़े स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) डेटा सेंटर परिसर विकसित करने के लिए 70,000 करोड़ का निवेश करेगी। } 10

**वैज्ञानिक सोच रखने वाली पीढ़ियां तैयार करें शिक्षक**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की ऐसी पीढ़ियां तैयार करने का आह्वान किया जिनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण हो और जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से आगे बढ़ें। } 12



## डॉ. दिनेश शर्मा बने अंडमान निकोबार के उप राज्यपाल

एजेंसी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा अंडमान निकोबार के उपराज्यपाल बनाए गए हैं। शनिवार देर रात राष्ट्रपति भवन से उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई। शनिवार देर रात जारी एक बयान में राष्ट्रपति भवन में बताया गया है कि भारत के राष्ट्रपति डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का उप-राज्यपाल नियुक्त करते हुए प्रसन्न हैं। यह नियुक्ति उनके पदभार संभालने की तारीख से प्रभावी होगी।' 62 वर्षीय शर्मा इससे पहले उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका राज्यसभा कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त होने वाला था। वे



राज्यसभा के उप-सभापति भी हैं।

लखनऊ यूनिवर्सिटी के कॉमर्स डिपार्टमेंट में प्रोफेसर रहे दिनेश शर्मा दो बार लखनऊ के मेयर रह चुके हैं। वह 2008 में पहली बार लखनऊ के मेयर चुने गए और 2012 में फिर मेयर बने। 2014 में केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद भाजपा ने उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया और साथ ही गुजरात का प्रभारी भी नियुक्त किया।

उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता डॉ. दिनेश शर्मा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर (उपराज्यपाल) नियुक्त किया है. राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, यह नियुक्ति उनके द्वारा पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी. राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी लेटर में लिखा गया- यह नियुक्ति उनके पदभार संभालने की तारीख से लागू होगी.दिनेश शर्मा वर्तमान में उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के कोटे से राज्यसभा सदस्य के रूप में संसद में अपनी सेवाएं दे रहे थे. इससे पहले उन्होंने वर्ष 2017 से 2022 तक उत्तर प्रदेश के 5वें उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यों का निर्वहन किया था।

## सच की हुंकार के आगे नहीं टिक सकती झूठ की गूंज : मोदी

### प्रधानमंत्री श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह में हुए शामिल, बच्चों को किया संबोधित

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली मेट्रो से पहुंचे। मेट्रो में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यात्रियों और छात्रों से बातचीत की। उनके हाथ में मेट्रो कार्ड भी नजर आया।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि मैं आपके पास अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आया हूं। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि सच की हुंकार के आगे झूठ की गूंज कभी टिक नहीं सकती। 2013 के इसी कार्यक्रम में जब मैंने कहा था कि हमें 'मेड इन इंडिया' पर काम करना है, तब उस इकोसिस्टम के लोगों को यह बात समझ में ही नहीं आई थी। उन्हें लगा कि निराशा के उस दौर में 'मेड इन इंडिया' जैसी चीज संभव ही नहीं होगी। वे लोग आज भी 'मेड इन इंडिया' का मजाक उड़ाते हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि मैं छोटे लक्ष्य लेकर चलने वाला इंसान नहीं हूं; मैं हमेशा बड़े लक्ष्य तय करता हूं और उन्हें पूरा करने के लिए जी-जान लगा देता हूं। पहले भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए ज्यादातर सामान बाहर से खरीदा जाता था। यहां तक कि थलसेना, वायुसेना और नौसेना को छोटे-छोटे उपकरणों के लिए भी महीनों इंतजार करना पड़ता था। हमने ऐसे सामानों की एक सूची बनाई और भारतीय कंपनियों से कहा कि वे इन्हें देश में ही बनाएं। आज भारत का रक्षा उत्पादन इतिहास के सबसे उच्चतम स्तर (ऑल टाइम हाई) पर पहुंच गया है और देश में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का उत्पादन हो रहा है। 2013 तक जहां हम महज 600-700 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात करते थे, वहीं आज भारत 40 हजार करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है।

प्रधानमंत्री की मेट्रो यात्रा ने आम यात्रियों के रोजमर्रा के सफर को खास बना दिया। पीएम मोदी ने ट्रेन में मौजूद लोगों से बातचीत की और छात्रों से भी संवाद किया। इसके बाद प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) की सराहना करते हुए कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### मिर्जापुर : स्टोन क्रशर प्लांट की इमारत ढही, चार की मौत

मिर्जापुर (उप्र)। मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक पत्थर क्रशर प्लांट की इमारत ढहने से चार मजदूरों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हादसा जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर भगवती देई स्थित एसएस रंजन स्टोन प्लांट में हुआ। बताया जा रहा है कि इमारत की नींव का रैंप धंसने के कारण यह हादसा हुआ। चुनार के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अनेग सिंह ने बताया कि हादसे के समय कार्यालय के अंदर चार मजदूर मौजूद थे, जिनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान लाल बहादुर (35), अशोक (38), राकेश (28) और दुर्योधन (28) के रूप में हुई है, जो पड़ोसी जिले सोनभद्र के चुर्क-चोपन क्षेत्र के बड़गांव के निवासी थे। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मलबा हटाने के लिए मशीनें लगाई गईं। घटनास्थल पर अफरा-तफरी के बीच तलाशी अभियान चलाया गया।

### जोहेरी मोला बनीं मिस वर्ल्ड 2026

**वियतनाम।** 5 सितंबर को वियतनाम के न्हा ट्रांग में आयोजित 73वें मिस वर्ल्ड ग्रैंड फिनाले में जोहेरी मोला ने दुनिया भर की 110 कंटेस्टेंट्स को पीछे छोड़ते हुए यह खिताब अपने नाम किया। वहीं भारत की ओर से हिस्सा लेने वाली निकिता पोरवाल टॉप 40 फाइनलिस्ट्स में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहीं। फिनाले में स्पेन की एलिजाबेथ रेयनेस अलाबर्न को फर्स्ट रनर अप और मलेशिया की तानुसिया को सेकंड रनर अप चुना गया। वहीं इस प्रतियोगिता का खिताब जोहेरी मोला ने जीता। जोहेरी मोला सिर्फ एक मॉडल नहीं हैं, बल्कि वह एक एजुकेटर, कम्युनिटी एडवोकेट और कम्युनिकेटर भी हैं। मिस वर्ल्ड की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, उन्होंने बिजनेस मैनेजमेंट और एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की है। जोहेरी मोला वॉइस ऑफ टुमारो नाम की एक पहल की फाउंडर और प्रेसिडेंट हैं।

# शिक्षा में राजनीति का कोई स्थान नहीं : योगी

### ○ सीएम योगी ने शिक्षकों को किया सम्मानित ○ अमीर-गरीब के बीच की खाई पाट रहे हैं डिजिटल पुस्तकालय

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कि शिक्षा में राजनीति का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। राजनीति के चश्मे से देखने वालों को 2017 के बाद प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में आया आमूलचूल परिवर्तन दिखाई नहीं देगा।

उन्होंने प्रदेशभर के शिक्षकों का आह्वान किया कि वे शिक्षा व्यवस्था में उत्कृष्टता और नवाचार को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आगे बढ़ाएं। यही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा प्रदेश और देश का भविष्य बनाएगी। सीएम योगी शनिवार को शिक्षक दिवस पर बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर में योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बेसिक शिक्षा विभाग के 61 और माध्यमिक शिक्षा विभाग के 20 शिक्षकों (कुल 81) को पुरस्कृत किया गया। सभी शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से पुरस्कृत किया। शिक्षकों को पुरस्कार देते समय सीएम योगी ने उनसे आत्मीय संवाद कर बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विगत साढ़े नौ साल में शिक्षा व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 10 पर



### सीएम योगी ने वाराणसी में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण, बांटी राहत सामग्री



लखनऊ/वाराणसी। वाराणसी के विद्या विहार इण्टर कॉलेज में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाढ़ प्रभावितों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 81 शिक्षकों को दिया पुरस्कार

गोरखपुर। शिक्षा व्यवस्था के उत्थान और शिक्षकों के सम्मान के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता की झलक शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर गोरखपुर में देखने को मिली। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री ने चयनित सभी 81 शिक्षकों को अपने हाथों से पुरस्कार प्रदान किया। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री को मंच पर बेसिक शिक्षा विभाग के पांच और माध्यमिक शिक्षा विभाग के पांच, यानी कुल 10 शिक्षकों को ही सम्मानित करना था। हालांकि, जब पुरस्कार वितरण का समय आया तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सभी चयनित शिक्षकों की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एके-203 राइफल के गोला-बारूद की आपूर्ति करेगा अदाणी डिफेंस

नयी दिल्ली। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारत में बनाई जा रही एके-203 राइफल के लिए देश में उत्पादित 7.62.39 मिमी गोला-बारूद की आपूर्ति के लिए इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ पांच साल का समझौता किया है।

इस समझौते से भारत-रूस राइफल कार्यक्रम के लिए देश में ही एक एकीकृत आपूर्ति शृंखला तैयार होगी। कंपनी के अनुसार, इस समझौते के तहत अदाणी डिफेंस पांच साल तक एके-203 कार्यक्रम के लिए आवश्यक छोटे हथियारों के गोला-बारूद की आपूर्ति करेगी। इससे इस कार्यक्रम के लिए भारत में ही गोला-बारूद की आपूर्ति का स्रोत उपलब्ध होगा और अनुबंध की अवधि के दौरान इसकी उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह समझौता एके-203 कार्यक्रम के तहत राइफल निर्माण और गोला-बारूद उत्पादन को एक साथ जोड़ता है। इंडो-रशियन राइफल्स (आईआरआरपीएल) राइफल का निर्माण कर रही है, जबकि अदाणी डिफेंस गोला-बारूद का उत्पादन करेगी। आईआरआरपीएल की स्थापना भारत-रूस ...शेष पृष्ठ 10 पर

## झीरम घाटी नक्सली हमला : 10 लोग दोषी करार

### हमले में वरिष्ठ नेताओं समेत 29 लोगों की हुई थी मौत

एजेंसी

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने 2013 के झीरम घाटी माओवादी हमले के मामले में सभी 10 आरोपियों को शनिवार को दोषी ठहराया। इस हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं समेत 29 लोगों की मौत हुई थी।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद चौधरी ने बताया कि जगदलपुर में एनआईए के विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत ने दो महिलाओं समेत सभी 10 आरोपियों को दोषी करार दिया। उन्होंने बताया कि अदालत ने सजा की अवधि पर आदेश 16 सितंबर के लिए सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान 101 गवाहों के



बयान दर्ज किए गए। दोषी ठहराए गए आरोपियों में प्रमिला मोदियाम (40), चैतू लेकाम, सुमित्रा पुनेम मोदियाम, मुक्का मंडावी, कोसा कवासी, आयता मरकाम, मडकामी देवा, जोगा मडकामी, बंजामी सन्ना और महादेव नाग शामिल हैं। चौधरी ने कहा, हम इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करेंगे। हमें अभी तक फैसले की प्रति नहीं मिली है। इसके बाद ही अपील के आधार के बारे में बता पाएंगे। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

### रूस ने 72 घंटों के लिए रोका हमला

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कीव पर हमले 72 घंटे रोकने का आदेश दिया है। क्रेमलिन ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर रूस पहुंचे हैं और रूस के यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने के आक्रमण को समाप्त करने की रुकी हुई कोशिश को फिर से आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास से कहा, पुतिन ने आज आधी रात से शुरू होने वाले तीन दिनों तक कीव पर कोई हमला नहीं करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला विटकॉफ और कुशनर के यूक्रेन की राजधानी की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों से जुड़ा है। कीव ने कहा है कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## युवाओं में राष्ट्र निर्माण की अपार क्षमता

### नेस्ट फेस्ट में सीएम धामी ने की पूर्वोत्तर की संस्कृति व उपलब्धियों की सराहना

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविध संस्कृतियों, परंपराओं और भाषाओं के बावजूद एक राष्ट्र के रूप में एकजुट रहने की क्षमता में है। देश की यही विविधता भारत को दुनिया में अलग पहचान देती है। उन्होंने कहा कि इस विरासत को आगे बढ़ाने में युवा पीढ़ी की भूमिका महत्वपूर्ण है और युवा शक्ति के सामर्थ्य से भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में माई होम इंडिया की ओर से आयोजित नेस्ट फेस्ट-2026 में मुख्यमंत्री ने पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों से पहुंचे युवाओं एवं विद्यार्थियों के



साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर केवल देश का भौगोलिक हिस्सा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय है। यहां की विशिष्ट परंपराएं, लोक कलाएं और जीवनशैली देश की सांस्कृतिक समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेस्ट फेस्ट जैसे आयोजनों की सार्थकता इस बात में है कि इनके माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों के युवा ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- लखनऊ में होगा खिलाड़ियों की चोट का इलाज (पृष्ठ-02)
- लखनऊ में ड्रग नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई (पृष्ठ-02)
- अंतरराष्ट्रीय कानून को कायम रखने की जरूरत (पृष्ठ-10)
- उपराष्ट्रपति कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे (पृष्ठ-10)
- मेट्रो रेल मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ देगा भारत (पृष्ठ-10)


विशेष खबर **डाटा सेंटर परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश ने पेश किये निवेश के अवसर**

# ताइवान की टेक कंपनियों को यूपी में निवेश का न्योता

विशेष संवाददाता

ताइपे/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत प्रौद्योगिकी के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश ने ताइपे में 2 से 4 सितंबर तक आयोजित ह्वसेमिकॉन 2026ह्व में प्रमुख ताइवानी टेक कंपनियों के समक्ष राज्य में निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत किया और उन्हें सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स परियोजनाओं में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

योगी सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, तैयार औद्योगिक बुनियादी




ढांचे, कुशल मानव संसाधन और तेजी से विकसित हो रहे इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम को ताइवानी कंपनियों के सामने प्रमुख ताकत के रूप में रखा गया। राज्य ने चिप निर्माण, सेंसर, डाटा सेंटर और सप्लाई चेन के स्थानीयकरण आदि क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी और निवेश के अवसरों पर जोर दिया। प्रमुख सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी आलोक कुमार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने इंडिया-ताइवान सेमीकंडक्टर फोरम में भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल में इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनीष मीना शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने क्रिएटिव सेंसर्स इंक के चेयरमैन यूजीन हुआंग और कंपनी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बैठक कर भारत में कंपनी के विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। इसके अलावा मीडियाटेक, एडीएटीए टेक्नोलॉजी और टीआईबीए बिजनेस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सहारनपुर : कलेक्ट्रेट परिसर में ढहायी गयी अवैध मस्जिद

जिला संवाददाता

सहारनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कथित तौर पर अवैध मस्जिद को शनिवार तड़के गिरा दिया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने पत्रकारों को बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद को सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत द्वारा अवैध घोषित किए जाने के बाद आज प्रशासन ने इसे हटाने की कार्रवाई शुरू की।

सिंह ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद जिला अदालत में अपील की गई थी लेकिन अपील खारिज होने के बाद सरकारी भूमि को खाली कराने की कार्रवाई की जा रही है। मामले के अनुसार, वर्ष 2025 में इस मस्जिद को अवैध बताते हुए बजरंग दल के प्रांतीय संयोजक विकास त्यागी ने नगर मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद 16 जुलाई 2026 को नगर मजिस्ट्रेट ने मस्जिद को अवैध माना और अपने फैसले में इसे हटाने का आदेश दिया। मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने नगर मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ जिला अदालत में अपील की और करीब डेढ़ माह की सुनवाई के बाद जिला न्यायाधीश ने नगर मजिस्ट्रेट के आदेश को बहाल रखते हुए मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सिंह ने कहा कि पूरी कार्यवाही निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है।

C M Y K

# अयोध्या-काशी की तर्ज पर संवरेगा ब्रज

## बाबर व औरंगजेब के अनुयायी फिर से समाज में जहर घोलने का काम करने में जुटे: मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या काशी के भव्य विकास के बाद अब ब्रजभूमि को भी जन-भावनाओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा। डबल इंजन सरकार इसमें कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ब्रजभूमि के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां ऐसा भव्य परिसर तैयार किया जाएगा, जैसा अयोध्या और काशी में हुआ है। पिछली सरकारें श्रीकृष्ण जन्मभूमि आने से डरती थीं, क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता होती थी। यह सरकार कृष्ण कन्हैया, प्रभु श्रीराम, बाबा विश्वनाथ और मां विंध्यवासिनी पर विश्वास करती है। लेकिन, जिनकी आस्था बाबर और औरंगजेब में रही हो, क्या वे आपकी आस्था का सम्मान कर पाएंगे?

मुख्यमंत्री शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन-पूजन करने के उपरांत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबर और औरंगजेब के अनुयायी फिर से समाज में जहर घोलने का काम करने जा रहे हैं। उनकी आदत समाज में विष वमन करने की है, जिससे समाज व राष्ट्र विरोधी तत्वों के हौसले बढ़ सकें, वे आपकी सुरक्षा में सेंध लगा सकें, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर सकें, बहन-बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगा सकें, अन्नदाता किसानों की खुशहाली पर डकैती डाल सकें और उद्यमी बनने की ओर अग्रसर कारीगरों व हस्तशिल्पियों को फिर से लाचार बना सकें। लेकिन डबल इंजन की सरकार इन मंसूबों पर पानी फेरेगी और इन्हें कभी पूरा नहीं होने देगी।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जन्मभूमि पहुंचे सीएम योगी



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने ब्रज प्रवास के दूसरे दिन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार सुबह श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूरे विधि-विधान व आस्था के साथ मुख्य गर्भगृह में विराजमान 'लाला' (बाल कृष्ण) के दर्शन और विशेष पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री के रूप में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का यह 20वां दर्शन रहा। मंदिर परिसर में आगमन पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। जन्माष्टमी के इस विशेष और दिव्य पर्व पर जन्मभूमि के मुख्य गर्भगृह की दीवारों को चांदी की परत लगाकर बेहद अलौकिक रूप से सजाया गया था। मुख्यमंत्री योगी काफी देर तक चांदी से सजे गर्भगृह की इस अद्भुत छटा और लाला के मनमोहक स्वरूप को भक्तिभाव से निहारते रहे। मुख्य गर्भगृह में दर्शन-पूजन के बाद सीएम ने परिसर में ही स्थित योगमाया मंदिर, केशवदेव मंदिर और भागवत भवन में भी जाकर दर्शन-पूजन किया और देश-प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि की मंगल कामना की। मंदिर में पूजन-अर्चन से पहले मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में गोमाता का विधिवत पूजन किया। इस पावन पर्व पर जन्मभूमि परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए सीएम योगी ने उन पर देर तक पुष्प वर्षा की और सभी देशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने जन्मभूमि परिसर में अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दे रहे उज्जैन से आए कलाकारों के मध्य पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया और साथ में फोटो भी खिंचवाई। सीएम योगी करीब 30 मिनट तक जन्मभूमि परिसर में रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्यावासियों को कल्पना भी नहीं थी कि कभी अयोध्या का इतना भव्य विकास होगा। वहां न सड़क थी, न बिजली और न ही पानी की समुचित व्यवस्था। गंदगी का अंबार लगा रहता था। अयोध्या रेलवे की सिंगल लाइन से जुड़ी थी। जो श्रद्धालु वहां जाता था, अव्यवस्था और अराजकता देखकर रोता हुआ लौटता था। आज प्रतिदिन करीब एक लाख श्रद्धालु अयोध्या धाम आते हैं। रामनवमी, कार्तिक माह, सावन का झूला मेला, दीपोत्सव आदि पर्वों पर यह संख्या बढ़कर पांच से 50 लाख तक पहुंच जाती है।

कहीं कोई असुविधा नहीं होती। सामाजिक समता का अद्भुत उदाहरण भी देखने को मिलता है। प्रभु श्रीराम के नाम को जन-जन तक पहुंचाने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन गया है। कनेक्टिविटी के लिए चारों ओर से फोरलेन सड़कें बन चुकी हैं। रेलवे की डबल लाइन हो चुकी है। अयोध्या में जहां भी जाएंगे, आपको भक्तिपथ, रामपथ जैसे नामों की फोरलेन सड़कें मिलेंगी। सीएम ने कहा कि 500 वर्ष पहले 1528 में विदेशी आक्रांता ने हमारी आस्था को समाप्त करने का प्रयास किया था। लेकिन, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्रति हमारी सनातन आस्था निरंतर बढ़ रही है। वहां उमड़ रहे जनसैलाब से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जो आक्रांता खुद को अविजित मानते थे, आज उनका कहीं अता-पता नहीं। सब समाप्त हो गए। लेकिन, हमारी आस्था कभी पराजित नहीं हुई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दुनिया का विशालतम भव्य मंदिर बन गया। जिन लोगों को ये सब अच्छा नहीं लगता, वे अयोध्या को बदनाम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अभी यहां योगमाया का दर्शन कर रहा था। इसी धरा पर योगमाया ने अवतरित होकर कंस के अहंकार को चुनौती दी थी और वही योगमाया विंध्यवासिनी धाम में प्रकट हुई थीं। मैं जब भी यहां आता था, मुझे तत्काल मां विंध्यवासिनी का स्मरण आता था। आज मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि योगमाया के प्रति हमारी आस्था ने विंध्यवासिनी धाम को एक भव्य परिसर उपलब्ध कराया है।

# 591 करोड़ अलर्ट मैसेज से बाढ़ प्रभावितों को समय रहते मिली चेतावनी

विशेष संवाददाता (vol)

- जुलाई-अगस्त में भेजे गये संदेश 17 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

**लखनऊ।** भारी बारिश, आंधी-तूफान, वज्रपात और बाढ़ के बीच मौसम की चेतावनी का तंत्र लोगों के लिए मददगार साबित हुआ। राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जुलाई और अगस्त में मोबाइल फोन पर 591 करोड़ से अधिक अलर्ट मैसेज भेजे गए। समय रहते मिली चेतावनी के साथ स्थानीय प्रशासन की सक्रियता से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

जुलाई में 306 करोड़ और अगस्त में 285 करोड़, कुल 591 करोड़ से अधिक अलर्ट मैसेज प्रसारित किए गए। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से एक करोड़ से अधिक लोगों तक मौसम और संभावित बाढ़ से संबंधित सूचनाएं पहुंचाई गईं। संदेशों के जरिए लोगों को खतरे के प्रति सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने की जानकारी दी गई।

बाढ़ के दौरान राहत एवं बचाव अभियान के तहत अब तक 3.52 लाख से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई गई, जबकि 17.54 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी और राहत कार्य में जुटी हैं। राहत आयुक्त कार्यालय की 1070 हेल्पलाइन भी आपदा के दौरान महत्वपूर्ण माध्यम बनी। हेल्पलाइन पर मिली सूचनाओं को संबंधित जिलों के प्रशासन तक पहुंचाकर राहत और बचाव दलों को सक्रिय किया गया। चित्रकूट, प्रयागराज और मिर्जापुर समेत विभिन्न जिलों में बाढ़ में फंसे लोगों की लोकेशन मिलने पर बचाव दलों को मौके पर भेजा गया और लोगों को सुरक्षितनिकालने की कार्रवाई की गई।

मौसम और नदियों के जलस्तर से जुड़ी चेतावनियां समय पर मिलने से प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को संभावित खतरे के प्रति पहले से सचेत होने का मौका मिला। प्रशासन ने भी अलर्ट के आधार पर संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाई और जरूरत के अनुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। इस दौरान मोबाइल अलर्ट, सोशल मीडिया, हेल्पलाइन और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय ने राहत एवं बचाव अभियान को गति देने में मदद की।

# अब लखनऊ में हो सकेगा खिलाड़ियों की चोट का इलाज

## योगी सरकार का खेल प्रतिभाओं को बड़ा तोहफा

- राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस सेंटर
- स्पोर्ट्स कॉलेज में 7.17 करोड़ से बन रहा स्पोर्ट्स साइंस एंड इंजरी मैनेजमेंट सेंटर

**लखनऊ।** खिलाड़ियों को खेल के दौरान होने वाली चोटों के इलाज और पुनर्वास के लिए अब दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। राजधानी के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में करीब 7.17 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स साइंस एंड इंजरी मैनेजमेंट सेंटर तैयार किया जा रहा है। इसे प्रदेश का पहला ऐसा केंद्र बताया जा रहा है, जहां चोट के इलाज से लेकर फिजियोथेरेपी, पुनर्वास, फिटनेस, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं एक ही जगह मिलेंगी। सेंटर का सिविल कार्य प्रगति पर है, जबकि उपकरणों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परियोजना को कार्य शुरू होने की तारीख से एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।

सेंटर में खिलाड़ियों के उपचार और रिकवरी के लिए सात प्रमुख उपकरण लगाए जाएंगे। इनमें हॉल बॉडी क्रायोथेरेपी चैंबर, रेडियल शॉकवेव थेरेपी, टीईसीएआर थेरेपी, न्यूमैटिक कंप्रेशन थेरेपी, कॉम्बो पेन मैनेजमेंट इलेक्ट्रोथेरेपी, क्लास-4 चिकित्सीय लेजर और फोकस्ड शॉकवेव थेरेपी यूनिट शामिल हैं। क्रायोथेरेपी सुविधा में अत्यधिक कम तापमान के जरिए रिकवरी में मदद की जाएगी। शॉकवेव और लेजर जैसी तकनीकों का इस्तेमाल मांसपेशियों, टेंडन, लिगामेंट और जोड़ से जुड़ी चोटों के उपचार में किया जाएगा। केंद्र में केवल चोटों का इलाज ही नहीं होगा, बल्कि खिलाड़ियों की फिटनेस और खेल प्रदर्शन का वैज्ञानिक आकलन भी किया जाएगा। फिजियोथेरेपी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य और चोट के बाद पुनर्वास की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। विशेषज्ञों की निगरानी में खिलाड़ी चोट के बाद मैदान पर वापसी की तैयारी कर सकेंगे। सेंटर में खिलाड़ियों के अलावा आम लोगों को भी शुल्क देकर उपचार और पुनर्वास की सुविधा देने का प्रस्ताव है। इससे खेल चोटों और पुनर्वास से संबंधित आधुनिक सेवाएं आम लोगों को भी उपलब्ध हो सकेंगी।

खेल विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों के प्रशिक्षण के लिए भी किया जाएगा। आधुनिक चोट प्रबंधन और खेल विज्ञान की तकनीकों से जुड़े प्रशिक्षण के जरिए खेल क्षेत्र से जुड़े मानव संसाधन की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया जाएगा। खेल विभाग के विशेष सचिव कुमार विनीत के अनुसार, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के साथ अत्याधुनिक चिकित्सा और खेल विज्ञान सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। केंद्र में फिटनेस, चोट उपचार, फिजियोथेरेपी, पुनर्वास, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार से जुड़ी सुविधाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध होंगी।

# पिछड़ों, वंचितों के हितैषी थे जगदेव प्रसाद : श्रवण कुमार



**लखनऊ।** बिहारशरीफ के दीपनगर में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) बिहारशरीफ के द्वारा अमर शहीद बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद्, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर मंत्री बिहार सरकार सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ों के हक के लिए न्योछावर कर दिया। वे समाजिक न्याय के प्रणेता जगदेव बाबू ने कहा था कि 'पहली पीढ़ी मारी जाएगी, दूसरी पीढ़ी जेल जाएगी, तीसरी पीढ़ी राज करेगी'। आज तीसरी पीढ़ी राज कर रही है, यह उनकी कुबार्नी का ही फल है। जगदेव प्रसाद का विचार आज भी जिंदा हैं। उनके बताए रास्ते पर चलकर शिक्षा, समानता और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन महान शिक्षक, दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति थे। उनके जन्मदिवस को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन गुरु-शिष्य परंपरा को नमन करने का दिन है।

# एनडीए के कार्यकर्ता पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव : विनोद तावड़े

## तावड़े का सपा के पीडीए पर कसा तंज, पीडीए का मतलब पराया धन अपना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने शनिवार को राजधानी लखनऊ पहुंचकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्देश पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का उत्तर प्रदेश पर विशेष फोकस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के दिशा-निर्देशन में एनडीए के कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और एक बार फिर उत्तर प्रदेश में जीत हासिल करेंगे। उत्तर प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारियों का संदेश साफ कर दिया है।

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए के कार्यकर्ता पूरी ताकत से मैदान में उतरेंगे और जीत के बाद अगले पांच वर्ष उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा इसके लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने सपा के पीडीए नारे पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि सपा के पीडीए का मतलब पराया धन अपना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एनडीए और उत्तर प्रदेश की जनता ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने इस तंज में पराया धन को सपा शासन की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मुद्दे से जोड़ते हुए रुपया-पैसा और जमीन-जायदाद के साथ स्त्रीधन का जिक्र करते हुए यह संदेश दिया कि भाजपा चुनाव में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और संपत्ति के अधिकार के मुद्दे पर सपा सरकार के कार्यकाल में महिलाओं और बहू-बेटियों की सुरक्षा को लेकर उठे सवालों को पार्टी आगामी चुनाव में फिर जनता के बीच ले जाएगी।

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रभारी विनोद तावड़े का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, मुख्यालय प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला समेत वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया।

# पंकज चौधरी ने गुरुजन संवाद कर किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षक दिवस पर संवाद कर गुरू के महत्ता पर दिया जोर

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को राजधानी लखनऊ में अपने आवास पर गुरूजन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों के साथ संवाद किया और उन्हें सम्मानित किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि महान शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी गुरूजनों को सादर नमन एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पाय।

बलिहारी गुरू आपने, गोविन्द दियो बताय से भारतीय संस्कृति में गुरू का स्थान सदैव सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक वे शिल्पकार हैं, जो हमारी भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं और विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास का दीप प्रज्वलित कर उन्हें आदर्श नागरिक और राष्ट्र नवनिर्माण के पथ पर अग्रसरित करते हैं। हमारी परम्परा गुरू के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं संस्कार युक्त बनाने की दिशा में महत्पूर्ण कदम उठाये गए हैं। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कौशल, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का विकास करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय शिक्षा नीति से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में शिक्षकों के परिश्रम, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा से देश के नौनिहालों को गढ़कर राष्ट्र के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करने के लिए आप सभी गुरूजनों को कृतज्ञतापूर्ण सादर नमन एवं अभिनंदन।

# जातिगत जनगणना के मौजूदा प्रारूप दोषपूर्ण : कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। इस मौके पर कांग्रेस के यूपी प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम भी मौजूद रहे। जातिगत जनगणना के मौजूदा प्रारूप में मूलभूत कमियों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिन्द ने कहा कि जातिगत जनगणना के मौजूदा प्रारूप दोषपूर्ण है, जिससे साफ पता चलता है कि इस जातिगत जनगणना करने में मोदी सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि इसकी प्रश्नावली रद्द की जाए। तेलंगाना और बिहार में अपनाई गई पद्धति के अनुसार जातियों की प्रमाणित सूची (ड्रॉपडाउन सूची) के आधार पर नई प्रश्नावली तैयार कर देशभर में पारदर्शी तरीके से जातिगत जनगणना कराई जाए। साथ ही राजनीतिक दलों, विशेषज्ञों और जनता से व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही नई प्रश्नावली तैयार की जाए, ताकि प्रत्येक जाति और समुदाय की सही संख्या सामने आ सके तथा जाति जनगणना सटीक, सार्थक व सामाजिक न्याय के लिए उपयोगी साबित हो।

हमारा मानना है कि आगामी जनगणना के लिए अधिसूचित 40 प्रश्नों में से सवाल नंबर 10 से ही स्पष्ट हो जाता है कि मोदी सरकार जातिगत जनगणना से भाग रही है। इस सवाल में मोदी सरकार ने ओपन-एंडेड (खुला प्रारूप) विकल्प अपनाने का फैसला किया है, जबकि इसकी जगह ड्रॉपडाउन सूची का होना बेहद जरूरी था। ड्रॉपडाउन सूची में सरकार द्वारा मान्य जातियों की एक तय सूची पहले से ही दर्ज होती है। जनगणना करने वाले गणनाकार को नागरिक की जाति पूछकर सूची में से उसे चुनना होता है लेकिन दूसरी तरफ ओपन-एंडेड सवाल में कोई पूर्वनिर्धारित सूची नहीं होती। नागरिक अपनी जाति या उपजाति का जो भी नाम बताएगा, गणनाकार उसे हूबहू (स्पेलिंग सहित) फॉर्म में लिख लेगा। ऐसे में मौजूदा प्रारूप के अंतर्गत ओपन-एंडेड सवालों के जरिए जातियों की सही गिनती संभव नहीं हो पाएगी और इस प्रक्रिया से आने वाला डेटा पूरी तरह अव्यवहारिक हो जाएगा।

# सांसद तनुज पुनिया का पांचवे दिन धरना जारी

**लखनऊ।** कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई जनसभा के बाद जनसभा के मंच को भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बजाय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गये फर्जी एफ आई आर को निरस्त किए जाने एवं दोषियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा अनिश्चितकालीन धरने के तहत इको गार्डेन में शनिवार को पांचवें दिन उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं लखनऊ के सैंकड़ों कांग्रेसजनों द्वारा धरना दिया। धरना देने वालों में प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति विभाग की प्रवक्ता सिद्धिश्री, पवन देवी कोरी, राम बदन बौद्ध, मनीष हिंदवी, विद्या गौतम, विशम सिंह, मुरली मनोहर, आशीर्वाद श्रीवास्तव सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।



# गुमशुदा बच्चों को घर पहुंचाने में यूपी की बाल हेल्पलाइन बनी मददगार

**लखनऊ।** प्रदेश में गुमशुदा बच्चों की तलाश और उन्हें सुरक्षित परिवार तक पहुंचाने के लिए संचालित बाल हेल्पलाइन-1098 पर सात माह में करीब 20,500 गुमशुदगी से जुड़े मामले दर्ज हुए। इनमें 18,123 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। बच्चों के मिलने से संबंधित 9,146 मामलों में भी 8,419 मामलों का समाधान किया गया है। बाल हेल्पलाइन के आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी से एक अगस्त 2026 तक बच्चों से संबंधित कुल 58,293 मामले प्राप्त हुए। इनमें 50,589 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। गुमशुदा बच्चों से जुड़े मामले हेल्पलाइन पर आने वाले प्रमुख मामलों में शामिल रहे। बाल हेल्पलाइन के माध्यम से गुमशुदगी की सूचना संबंधित अधिकारियों और बाल संरक्षण इकाइयों तक पहुंचाई जाती है। इसके बाद बच्चे की तलाश, बरामदगी और परिवार से पुनर्मिलन की प्रक्रिया शुरू की जाती है।

# लखनऊ में ड्रग नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

## एएनटीएफ-एफएसडीए की संयुक्त छापेमारी में 9.60 लाख एल्प्राजोलाम टैबलेट

विशेष संवाददाता (vol)

- 1.20 लाख ट्रामाडोल कैप्सूल और 720 कोडीनयुक्त कफ सिरप जब्त; छह गिरफ्तार
- 228 किलो नशीली दवाएं बरामद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को नशे के कारोबार से मुक्त कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में ड्रग माफिया और नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई चेन के खिलाफ कार्रवाई तेज है। सरकार के इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए एएनटीएफ लखनऊ यूनिट और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की संयुक्त टीम ने राजधानी लखनऊ में नशीली दवाओं के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया है।

ट्रांसपोर्ट नगर में की गई कार्रवाई में करीब 228 किलोग्राम नशीली दवाएं बरामद हुई हैं। इनमें 9.60 लाख एल्जोमैक-0.5 (एल्प्राजोलाम) टैबलेट, 1.20 लाख स्पैसमोनाम प्लस (ट्रामाडोल एचसीएल) कैप्सूल और कोडीनयुक्त ओनेरेक्स 100 एमएल कफ सिरप की 720 बोतलें शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान सात मोबाइल फोन और 11,140 रुपये नकद भी मिले। मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एएनटीएफ को ट्रांसपोर्ट नगर में नशीली दवाओं की बड़ी खेप पहुंचने की सूचना मिली थी। 3 सितंबर को टीम ने मकान संख्या एस-363/364 के आसपास निगरानी शुरू की। इसी दौरान तीन लोग कार्टूनों को बोरियों में छिपाते दिखाई दिए। संदेह के आधार पर तलाशी लेने पर किशन वासवानी, समीर अहमद और शाद इरशाद के कब्जे से बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद हुईं। कार्रवाई में एफएसडीए की टीम भी शामिल रही। औषधि निरीक्षकों ने बरामद दवाओं के नमूने जांच के लिए सुरक्षित किए। पूछताछ आगे बढ़ी तो सप्लाई नेटवर्क की अगली कड़ी सामने आई। किशन वासवानी और समीर अहमद ने दवाओं की आपूर्ति कन्हैया फार्मा के संचालक उमेश कुमार से होने की जानकारी दी। इसके आधार पर उमेश कुमार और सतेन्द्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि उमेश कुमार कथित तौर पर सतेन्द्र सिंह की फर्म के दस्तावेजों का इस्तेमाल नशीली दवाओं की बिलिंग के लिए करता था। इसके एवज में सतेन्द्र सिंह को कमीशन दिए जाने की बात सामने आई है। एफएसडीए की जांच के दौरान कन्हैया फार्मा में प्रॉक्सीमेक-एसपीएएस कैप्सूल के 1,116 डिब्बों सहित सात प्रकार की दवाएं मिलीं। फर्म संचालक दवाओं के खरीद और बिक्री से संबंधित पूर्ण अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सका। इसके बाद एफएसडीए ने कन्हैया फार्मा को सील कर दिया। जांच का दायरा बढ़ाते हुए टीम ने शाद इरशाद से पूछताछ की। इसमें विशाल चौरसिया का नाम सामने आया। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में विशाल ने शाद को नशीली दवाओं की आपूर्ति करने की बात बताई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कोडीन से जुड़े एक मामले में अमीनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद उसका दवा लाइसेंस निरस्त हो चुका था। इसके बाद वह कथित तौर पर दूसरी फर्मों के माध्यम से नशीली दवाओं का कारोबार कर रहा था।

# चीनी-इथेनॉल के नाम पर किसानों के साथ बड़ा अन्याय, पूरे मामले की जांच हो : सुनील


विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार की चीनी और इथेनॉल नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार को देश के किसानों को यह बताना होगा कि चीनी और इथेनॉल से पैदा होने वाले आर्थिक लाभ में गन्ना किसान का हिस्सा आखिर कहां है? उन्होंने कहा कि किसान खेत में खून-पसीना बहाकर गन्ना पैदा करता है। उसी गन्ने से चीनी बनती है और उसी से इथेनॉल का कारोबार खड़ा किया जा रहा है। जब मिलों और कारोबारियों के लिए कमाई के रास्ते बढ़ रहे हैं तो किसान की आमदनी और गन्ने के मूल्य में उसी अनुपात में बढ़ोतरी क्यों नहीं हो रही?

उन्होंने कहा कि लोकदल को इस पूरे खेल में पारदर्शिता चाहिए, केवल सरकारी दावे नहीं। वर्ष 2014 से 2026 तक चीनी और इथेनॉल नीति के तहत हुए पूरे आर्थिक लेन-देन का हिसाब जनता के सामने रखा जाए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए सीबीआई जांच होनी चाहिए। जांच में यह सामने आना चाहिए कि इस नीति से किसे कितना आर्थिक लाभ मिला, किसानों को कितना मिला और किसानों के हिस्से का वास्तविक लाभ कहां गया। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी स्तर पर अनियमितता, मिलीभगत या किसानों के हितों के साथ धोखा सामने आता है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सुनील सिंह ने कहा कि लोकदल की स्पष्ट मांग है कि चीनी के आयात पर सरकार तत्काल रोक लगाए। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब देश का किसान गन्ना पैदा कर रहा है, चीनी मिलें देश में मौजूद हैं और उसी गन्ने से इथेनॉल भी बनाया जा रहा है, तो फिर बाहर से चीनी मंगाने की जरूरत क्यों पड़ रही है।

# सपा ने शिक्षक दिवस पर आयोजित किया पाठशाला पुकारे




**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिक्षक दिवस पर देशवासियों और सभी शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश में जिन 26 हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद किए हैं, उन सभी स्कूलों में सपा शनिवार को शिक्षक दिवस 5 सितंबर के दिन पाठशाला पुकारे कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसका मूल उद्देश्य ये संदेश देना है कि बंद स्कूल खुलेगा, तो पीडीए पढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे मूल भावना ये है कि शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए क्योंकि शिक्षा से ही शोषित-वंचित, गरीब-पीड़ित समाज में वो सामाजिक-राजनीतिक चेतना और जागरूकता आएगी जो प्रभुत्ववादियों के वर्चस्व को चुनौती देकर भेदभाव को खत्म करेगी, बराबरी लाएगी और समता-समानता पर आधारित सामाजिक न्याय का राज लाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाएगी, हमारे बंधु राष्ट्र के संकल्प को साकार कर दिखाएगी। शिक्षक दिवस के अवसर पर सपा भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में बंद किये सभी प्राथमिक विद्यालयों के पास पाठशाला पुकारे कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रमों में सभी जगहों पर पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता और समर्थक बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

# सुप्रीम कोर्ट की टीम ने अवैध निर्माणों का लिया जायजा

## अलीगंज से गोमती नगर विस्तार और वेलनेस सिटी तक पहुंची छह सदस्यीय टीम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर नामित एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) की छह सदस्यीय टीम ने शनिवार को लखनऊ में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ की गई कार्रवाई का सर्वे किया। टीम के साथ आईआईटी दिल्ली के एक प्रोफेसर ने भी विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई का जायजा लिया।

टीम ने सबसे पहले अलीगंज के सेक्टर-डी में आवासीय भूखंड पर बने अवैध व्यावसायिक भवनों का निरीक्षण किया। यहां 22 जून को हुए अग्निकांड के बाद ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई की गई थी। टीम ने आवासीय भू-उपयोग के विपरीत बने अन्य व्यावसायिक भवनों का भी सत्यापन किया। इसके बाद टीम गोमती नगर विस्तार के सरसवां क्षेत्र में पुलिस मुख्यालय के पीछे ध्वस्त किए गए अवैध निर्माणों का निरीक्षण करने पहुंची।




- ध्वस्तीकरण व सीलिंग कार्रवाई का किया सत्यापन

वेलनेस सिटी में भी ध्वस्त किए गए अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग का जायजा लिया गया। दरअसल, लोकनाथन बनाम तमिलनाडु राज्य सरकार मामले की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने लखनऊ समेत देश के अन्य महानगरों में अवैध निर्माण के मामलों को गंभीरता से लिया था। अलीगंज में अग्निकांड के बाद न्यायालय ने भी सख्त रुख अपनाया था। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने न्यायालय को बताया था कि अलीगंज में आवासीय भू-उपयोग में मानकों के विपरीत बने 51 व्यावसायिक निर्माण चिन्हित किए गए हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

न्यायालय के आदेश पर एमिकस क्यूरी को इन क्षेत्रों में कार्रवाई का सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई है। निरीक्षण के दौरान एलडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र वर्मा सहित संबंधित जोनल अधिकारी मौजूद रहे। टीम अपनी सर्वे रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

# लखनऊ मेट्रो के सफर के 9 साल पूरे 15 करोड़ यात्रियों का आंकड़ा पार

विशेष संवाददाता (vol)

- 9वें मेट्रो दिवस पर उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो के परिचालन के नौ वर्ष पूरे होने पर शनिवार को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 9वां मेट्रो दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को एमडी मेडल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही लखनऊ मेट्रो के 15 करोड़वें यात्री हिमांशी कश्यप का अभिनंदन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया।

समारोह में सर्वाधिक कार्ड का इस्तेमाल करने वाले तीन यात्रियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें अनामिका मिश्रा प्रथम, मोहम्मद मोइन-उल-हक द्वितीय और एल.पी. मौर्य तृतीय रहे। आगरा के ताजमहल मेट्रो स्टेशन को बेस्ट केप्ट मेट्रो स्टेशन का पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत विश्व फोटोग्राफी दिवस पर आयोजित फोटो-वॉक की तस्वीरों की प्रदर्शनी से हुई। UPMRC के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और लखनऊ की विरासत व मेट्रो यात्रा को कैमरे में कैद करने वाले फोटोग्राफरों के प्रयासों की सराहना की। विभिन्न श्रेणियों में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। समारोह में लखनऊ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पुष्पक से मेट्रो तक विषय पर नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें परिवहन के विकास को दशार्या गया। एमडी सुशील कुमार ने कहा कि लखनऊ मेट्रो की नौ वर्ष की यात्रा कर्मचारियों की मेहनत और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रति यात्री किराया राजस्व में 30 प्रतिशत, प्रति किलोमीटर आय में 29 प्रतिशत और गैर-किराया राजस्व प्रति किलोमीटर में 95 प्रतिशत अधिक प्रदर्शन दर्ज किया गया है। सिग्नलिंग विश्वसनीयता और ऊर्जा दक्षता में भी बेहतर प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने बताया कि नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर का निर्माण निर्धारित समय से पहले पूरा किया गया। अब ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य है। यह कॉरिडोर पुराने लखनऊ को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा और लोगों के आवागमन को आसान बनाएगा।

## बीबीएयू में कल तक पीएचडी प्रवेश पंजीकरण

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अभ्यर्थी बिना विलंब शुल्क के 5 सितंबर तक पंजीकरण कर सकते हैं। वहीं, विलंब शुल्क के साथ 6 सितंबर से 7 सितंबर तक पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पंजीकरण शुल्क सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 1,000 रुपये तथा एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 750 रुपये निर्धारित किया गया है। विलंब शुल्क सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए 1,500 रुपये निर्धारित है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। संबंधित विस्तृत जानकारी एवं पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी अधिसूचना को देख सकते हैं। साथ ही किसी भी प्रकार की जानकारी संबंधित विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।

## बीबीएयू में बीकॉम (ऑनर्स) में 180 सीटों पर होगा प्रवेश

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ के वाणिज्य विभाग द्वारा संचालित बी.कॉम. (ऑनर्स) कार्यक्रम में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बी.कॉम. (ऑनर्स) कार्यक्रम की प्रवेश क्षमता 90 सीटों से बढ़ाकर 180 सीटें करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रवेश क्षमता में हुई इस वृद्धि से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को बीबीएयू के मुख्य परिसर में बी.कॉम. (ऑनर्स) कार्यक्रम में अध्ययन का अवसर प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं उच्च शिक्षा के बढ़ते अवसरों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, प्रवेश प्रक्रिया एवं संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी दिशा-निर्देशों को देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की जानकारी संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं।

# नियमित क्लास लेने वाले शिक्षकों का छात्र सहज सम्मान करते हैं : प्रो. जेपी पाण्डेय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णनन की जयंती पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के पांच शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया गया। पिछले सत्र में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरू का अलग महत्व है। वह न केवल अपने आचरण से पथ प्रदर्शक का कार्य करता है बल्कि शिक्षा से छात्रों को समाज के लिए पल्लवित और पोषित करता है। यह दिन शिक्षकों के लिए आत्ममंथन का भी है। एक शिक्षक का सबसे बड़ा धर्म और दायित्व है पढ़ाना। जो शिक्षक नियमित रूप से अपनी कक्षाएं लेता है उसके प्रति छात्रों के मन में सहज सम्मान होता है इसलिए अपने शिक्षण कार्य को हर हाल में करिये। शिक्षकों के सामने वर्तमान में अवसर और चुनौतियों को रेखांकित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. वीके सिंह रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर और एआई आने के बाद शिक्षकों के सामने कई चुनौतियां भी हैं इसलिए शिक्षक को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभानी चाहिए। कहा कि दीक्षांत होता है। यानि दीक्षा का अंत न कि शिक्षा का अंत इसलिए हमेशा सीखने के लिए तत्पर रहना चाहिए।

**इन्हें मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान :** समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के गलगोटिया कॉलेज ग्रेटर नोएडा के प्रोफेसर रिषव गर्ग, नोएडा इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा के असिस्टेंट प्रोफेसर अनंत प्रकाश अग्रवाल, आरईसी बांदा के असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह, आरईसी कन्नौज के असिस्टेंट प्रोफेसर सिम्पी सिंह जाडोन एवं आरईसी सोनभद्र के असिस्टेंट प्रोफेसर हरिश्चंद्र उपाध्याय को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिया गया। पिछले सत्र में सेवानिवृत्त इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की प्रो. नीलम श्रीवास्तव एवं फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के प्रो. ईश्वरचंद्र विद्यासागर को सम्मानित किया गया।

इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया गया। समारोह की रूपरेखा प्रो. अरूण कुमार तिवारी ने प्रस्तुत की।

# नर्सिंग ऑफिसर भर्ती की जांच शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 को लेकर शिकायतों की जांच शुरू हो गयी है। एसटीएफ की टीम केजीएमयू पहुंचकर भर्ती प्रक्रिया से जुड़े जरूरी दस्तावेज जुटा रही है। शनिवार को एसटीएफ कुलपति और कुलसचिव कार्यालय पहुंची। भर्ती से जुड़े दस्तावेज जुटाने की कवायद शुरू कर दी है।

केजीएमयू में नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 में 1276 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। शिकायत में कहा गया था कि भर्ती का विज्ञापन जारी होने के बाद चयन प्रक्रिया के बीच में परीक्षा प्रणाली में बदलाव किया गया। परीक्षा को ओएमआर आधारित मैनुअल प्रणाली से कराया गया। जबकि विज्ञापन के समय निर्धारित प्रक्रिया अलग थी। जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाते हुए जांच की मांग की थी। अब शासन के निर्देश पर एसटीएफ की जांच शुरू होने से भर्ती प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल है। केजीएमयू में नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 को लेकर जनप्रतिनिधियों की ओर से राजस्थान के बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के चयन का मामला उठाए जाने के बाद पुरानी भर्तियां भी चर्चा में आयीं।

## केजीएमयू में सौ से अधिक रोबोटिक सर्जरी पूर्ण

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के जनरल सर्जरी विभाग ने 100 से अधिक रोबोटिक सर्जरी पूर्ण की हैं। सर्जरी विभाग को पिछले साल पावरग्रिड के सीएसआर सहयोग से यह रोबोटिक सिस्टम मिला था। प्रशिक्षित विशेषज्ञ नियमित रूप से रोबोटिक सर्जरी कर रहे हैं। इनमें जनरल सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिनव अरूण सोनकर डॉ. एचएस पाहवा, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. अक्षय आनंद, डॉ. अजय के. पाल और डॉ. फराज अहमद शामिल हैं। डा. अभिनव अरूण सोनकर ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी का फायदा खासतौर पर जटिल ऑपरेशन में मिला, इसमें सर्जन को शरीर के संकरे हिस्सों में अधिक सटीक तरीके से काम करने में मदद मिली। रोबोट के उपकरण अधिक आसानी से मुड़ सकते हैं। इससे कठिन स्थानों तक पहुंच बेहतर हो सकती है।

## स्वाइन फ्लू के 31 नये मरीज मिले, 63 केस सक्रिय

**लखनऊ।** स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। शुक्रवार को 11 और शनिवार को 20 नये मरीजों में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि की गयी है। कुल मिलाकर सक्रिय मरीजों की संख्या 63 हो गयी है। शुक्रवार को 11 नए मरीज मिले, इनमें दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नौ मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। पहले से भर्ती मरीजों में दो स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किये गये। इसी प्रकार शनिवार को एनफ्लूएंजा-ए एच1एन1 के 11 नये रोगी पाये गये, जिसमें दो रोगी एडमिट तथा नौ रोगी होम आइसोलेशन में है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि तेज बुखार के साथ सीने में दर्द, सांस फूलना, रक्तचाप कम होना, बेहोशी, नाखून नीले पड़ना या बलगम में खून आने जैसे लक्षण गंभीर हैं। ऐसे मरीजों की रियल टाइम आरटी-पीसीआर जांच कराकर जरूरत पड़ने पर तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जाना चाहिए। बच्चों में लगातार तेज बुखार, अत्यधिक सुस्ती, खाना-पीना बंद होना, झटके आना या सांस लेने में परेशानी भी गंभीर संकेत हैं।

## बिना ऑपरेशन संभव होगा घुटने के दर्द का इलाज

लखनऊ। पीजीआई में घुटने के अहसनीय दर्द (ऑस्टियो आर्थराइटिस) से पीड़ित रोगियों को बिना ऑपरेशन दर्द से राहत मिलेगी। पीजीआई के पीएमआर विभाग ने कूल्ड आरएफए तकनीक से उपचार शुरू किया है। यह तकनीक बुजुर्गों के लिए सुरक्षित है और मरीजों को तुरंत काम पर लौटने की अनुमति देती है। एपेक्स ट्रामा सेंटर के शारीरिक औषधि एवं पुनर्वास (पीएमआर) विभाग ने घुटने के दर्द रोगियों के लिये आधुनिक कूल्ड रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन (कूल्ड आरएफए) तकनीक से उपचार शुरू किया है। एपेक्स ट्रामा सेंटर के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन के प्रमुख डॉ. सिद्धार्थ राय के अनुसार राजधानी की 64 वर्षीय शांता देवी लंबे समय से घुटनों के दर्द (ऑस्टियोआर्थराइटिस) से पीड़ित थीं। चलना-फिरना और सीढ़ियां चढ़ना दूभर हो गया था। डाक्टरों ने उन्हें घुटना बदलवाने (नी-रिप्लेसमेंट) की सलाह दी थी, लेकिन वे बड़े ऑपरेशन से डर रही थीं। पीजीआई में बिना सर्जरी कूल्ड आरएफए तकनीक से उनका इलाज किया। यह बुजुर्ग बिना सर्जरी के सामान्य जीवन जी रही हैं।

# अवध कॉलेजिएट में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस समारोह



**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं ने दरोगा खेड़ा शाखा के प्रेक्षागृह में शनिवार को शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अवध एंथम की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

समारोह में रामगढ़, दरोगा खेड़ा, पारा, मोहन, एसबीएस एवं लिटिल मंचकिंस सहित सभी शाखाओं के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिक्षकों के समर्पण, मेहनत एवं विद्यालय के विकास में उनके योगदान को सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार स्वरूप कई लाखों के नगद पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने अपने प्रेरणादायी विचारों से शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। संस्थापिका प्रबंध निदेशिका जतिंदर वालिया ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए उनके समर्पण एवं योगदान की सराहना की। निर्देशिका डॉ. ब्रह्मजोत कौर ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं द्वारा शानदार नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

विद्यालय के उत्कृष्ट बोर्ड परिणामों में योगदान देने वाले शिक्षकों एवं शैक्षिक नेतृत्वकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् की सामूहिक प्रस्तुति के साथ हुआ। समारोह ने शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और गौरव की भावना को और मजबूत किया।

## बीमारियों के बढ़ते मामलों में डाक्टरों की कमी दूर करने की जरूरत

**लखनऊ।** केजीएमयू के कलाम सेंटर में जॉर्जियन एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से शनिवार को आयोजित शिक्षकों के सम्मान समारोह में डॉ. जिले सिंह मेहरवाल ने कहा कि हृदय रोगों का इलाज लगातार बेहतर हो रहा है। वाल्व रिप्लेसमेंट, बाईपास सर्जरी और जटिल हृदय रोगों के ऑपरेशन से लेकर हार्ट ट्रांसप्लांट तक की सुविधा ने गंभीर मरीजों के इलाज की उम्मीद बढ़ाई है। अधिक उम्र के मरीजों में भी जरूरत के अनुसार हृदय की सर्जरी की जा सकती है। 94 वर्ष की उम्र के मरीज की बाईपास सर्जरी भी की गई थी। अब तक 35 हजार से अधिक दिल की सर्जरी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल की बीमारियों के बढ़ते मामलों के बीच विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर करने की जरूरत है। इलाज के साथ ही नई पीढ़ी के डाक्टरों को बेहतर प्रशिक्षण देकर इस कमी को पूरा किया जा सकता है। यह कहना है केजीएमयू के 1976 बैच के पूर्व छात्र और वरिष्ठ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन डॉ. जिले सिंह मेहरवाल का। उन्होंने अपने करीब 40 वर्ष के चिकित्सा करियर के अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस दौरान 35 हजार से अधिक हृदय संबंधी सर्जरी की गई हैं।

# शिक्षक दिवस पर एलपीएस के 781 शिक्षक हुए सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की सभी 10 शाखाओं में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया। अवसर पर स्कूल के 781 शिक्षकों को उनके अतुलनीय योगदान के लिए चेक, प्रशस्ति पत्र, ट्रॉली बैग और अन्य आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

शिक्षकों के सम्मान में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



लखनऊ एल्डिको, साउथ सिटी, सेक्टर-डी, सेक्टर-आई व जानकीपुरम शाखाओं के साथ उन्नाव की प्रियदर्शिनी नगर सेक्टर-बी व सेक्टर-सी और रायबरेली की अहियारायपुर व प्रगतिपुरम शाखाओं में शिक्षक दिवस समारोह की धूम रही। समारोह में स्कूल के 781 शिक्षकों को उपहार और चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने वाले और पूरे सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण गुरु वंदना से हुआ, जिसके बाद बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में मनमोहक नृत्य और मधुर गीतों की प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के प्रति आदर व्यक्त करते हुए उन्हें अपने हाथों से बनाकर क्राउन, बैंड और ग्रीटिंग कार्ड्स भेंट किए। समारोह में शिक्षकों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और मधुर गीतों व नृत्यों की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। शिक्षकों के लिए आयोजित की गई मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का उन्होंने जमकर लुत्फ उठाया। इसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डॉ. रश्मि पाठक और प्रबंधक लोकेश सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की अद्वितीय भूमिका की सराहना की।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए के कर्मचारी सम्मानित



**लखनऊ।** स्टेशन महोत्सव के तहत लखनऊ जंक्शन पर भव्य आयोजन किया गया। स्टेशन परिसर में योगेश्वर श्री कृष्ण का जन्मोत्सव भी मनाया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारी सम्मानित भी किये गये। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) ने भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के रथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर आयोजन का शुभारंभ किया। स्काउट एवं गाइड के बच्चों और लखनऊ मण्डल के कलाकारों ने धार्मिक, देशभक्ति एवं सामाजिक विषयों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सामाजिक सरोकारों और देशभक्ति की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि लखनऊ जंक्शन स्टेशन लखनऊ शहर की शान, इतिहास और संस्कृति का प्रतीक है। इसी वर्ष लखनऊ जंक्शन स्टेशन की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण हुए है। उन्होंने कहा की मण्डल द्वारा विरासत को संजोने के साथ-साथ आधुनिकता का भी समायोजन किया गया है।

## बैडमिंटन में सीएमएस छात्रों ने जीता गोल्ड

**लखनऊ।** सीएमएस के आनंद नगर कैम्पस के कक्षा-9 के प्रतिभाशाली छात्रों आशुतोष कुमार सिंह एवं मोहम्मद अमान ने मेजर ध्यानचंद बैडमिंटन एवं टेबिल-टेनिस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। स्कूल छात्र टीम ने यह गोल्ड मेडल अण्डर-18 बैडमिन्टन डबल्स कैटेगरी में जीता है। टूर्नामेंट का आयोजन महानिदेशालय, युवा कल्याण प्रांतीय रक्षक दल, उप्र के तत्वावधान में किया गया। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने विद्यालय के इन उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# परिवहन कार्यालय में औचक निरीक्षण, दो कर्मचारी मिले अनुपस्थित

## सीसीटीवी की 15 दिन की रिकॉर्डिंग मुख्यालय को भेजने के निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिवहन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को देवा रोड स्थित सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, विस्तार पटल, ट्रांसगोमती का औचक निरीक्षण किया। अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) श्रीमती चित्रलेखा सिंह ने उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), लखनऊ श्री राधेश्याम के साथ सुबह करीब 11 बजे कार्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में दो सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

अधिकारियों ने अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकने की कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत कार्यालय परिसर के बाहर और अंदर मौजूद लोगों से रैंडम संवाद से हुई। अधिकारियों ने लोगों से कार्यालय आने का कारण पूछा और उनके पास मौजूद आवेदन पत्रों तथा पहचान पत्रों की जांच की। इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि कार्यालय में मौजूद व्यक्ति स्वयं आवेदक हैं या किसी अन्य व्यक्ति के काम के लिए आए हैं। पूछताछ में सभी व्यक्ति वास्तविक आवेदक पाए गए। उनसे यह भी पूछा गया कि क्या किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति ने काम कराने के एवज में अतिरिक्त धनराशि की मांग की है। सभी आवेदकों ने ऐसी किसी मांग से इनकार किया। इसके बाद कार्यालय के विभिन्न पटलों पर कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति देखी गई। सभी सरकारी कर्मचारी निर्धारित आईडी कार्ड लगाए हुए मिले। हालांकि लाइसेंस प्रिंटिंग का काम कर रही सेवा प्रदाता कंपनी के कर्मचारियों के पास कंपनी का आईडी कार्ड नहीं था। इस पर एआरटीओ (प्रशासन) हिमांशु जैन ने बताया कि संबंधित कंपनी की ओर से कर्मचारियों को आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अपर परिवहन आयुक्त ने कंपनी को सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने और ड्यूटी के दौरान उसे अनिवार्य रूप से धारण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिकाओं की भी जांच की गई। इसमें दो सरकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों के वेतन रोकने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपर परिवहन आयुक्त ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की कवरेज भी जांची। परिसर में कुल 13 कैमरे लगे मिले और इनकी रिकॉर्डिंग 15 दिनों तक सुरक्षित रहने की जानकारी दी गई। निर्देश दिए गए कि



सीसीटीवी की 15 दिन की रिकॉर्डिंग शनिवार शाम तक मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा कार्यालय के सभी रिकॉर्ड रूमों का निरीक्षण किया गया। अत्यधिक रिकॉर्ड के कारण जगह की कमी को देखते हुए मुख्यालय के निर्धारित नियमों के अनुसार तत्काल वीडिंग की कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए। जिन अभिलेखों की वीडिंग संभव नहीं है, उनकी स्कैनिंग कराने के संबंध में मुख्यालय को प्रस्ताव भेजने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यालय में पारदर्शिता, जवाबदेही और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया।

## लोहिया संस्थान में हार्ट फेल्योर एवं पल्मोनरी हाइपरटेंशन क्लीनिक शुरू

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्डियोलॉजी विभाग में हार्ट फेल्योर और पल्मोनरी हाइपरटेंशन क्लीनिक की शुरुआत ओ गयी है। संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह ने शनिवार को कार्डियोलॉजी विभाग में हार्ट फेल्योर एंड पल्मोनरी हाइपरटेंशन क्लीनिक का शुभारंभ किया। यह विशेष ओपीडी प्रत्येक शनिवार सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक कार्डियोलॉजी विभाग में संचालित होगी। हार्ट फेल्योर एवं पल्मोनरी हाइपरटेंशन ऐसे रोग हैं, जिनमें केवल एक बार उपचार पर्याप्त नहीं होता है बल्कि नियमित निगरानी और समय-समय पर उपचार में बदलाव अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. भुवन चंद्र तिवारी ने बताया कि इस क्लीनिक का संचालन डॉ. आशीष झा और डॉ. मिथिलेश यादव द्वारा किया जाएगा। हार्ट फेल्योर और पल्मोनरी हाइपरटेंशन से पीड़ित मरीजों का पूरा मूल्यांकन, नियमित फॉलो-अप, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी और विशेषज्ञ परामर्श आदि सारी सुविधाएं मिलेंगी। विशेषज्ञों के अनुसार, सांस फूलने, जल्दी थक जाने, पैरों में सूजन या रात में सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए यह क्लीनिक बेहद मददगार साबित होगी।

# मध्यांचल में बिजली आपूर्ति बेहतर, एमडी ने संभाला मोर्चा

## वर्टिकल व्यवस्था के बाद राजस्व में भी बढ़ोतरी, उपभोक्ता सेवाओं पर बढ़ा फोकस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ ही राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। निगम प्रबंधन की ओर से वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी और अधिकारियों की जवाबदेही तय किए जाने का असर अब विद्युत आपूर्ति और राजस्व दोनों में दिखाई देने लगा है।

प्रबंध निदेशक ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए फील्ड अधिकारियों को उपभोक्ता सेवाओं में सुधार और राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। निगम में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण, फाल्ट कम करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी करने और खराब उपकरणों व जर्जर विद्युत लाइनों को समय से दुरुस्त कराने के



निर्देश दिए गए हैं। इसका परिणाम यह है कि कई क्षेत्रों में पहले की तुलना में बिजली आपूर्ति में सुधार हुआ है और ट्रिपिंग की समस्या को नियंत्रित करने में भी मदद मिली है। वित्तीय स्थिति की बात करें तो मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की शेयर पूंजी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शेयर पूंजी को 30,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये किया गया है। इससे निगम की वित्तीय क्षमता और भविष्य में विद्युत वितरण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में किए जाने वाले निवेश को बल मिलने की उम्मीद है। वहीं, उपलब्ध वित्तीय आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में निगम का अनुमानित राजस्व करीब 21,200 करोड़ रुपये रहा था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजली की बढ़ती मांग और राजस्व वसूली को लेकर किए जा रहे प्रयासों के चलते कुल राजस्व में भी वृद्धि का अनुमान है। खासकर बड़े बकायेदारों से वसूली, बिजली चोरी पर कार्रवाई और समय से बिल भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। प्रबंधन का जोर इस बात पर है कि बिजली आपूर्ति बेहतर होने के साथ निगम की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो। इसके लिए फील्ड स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जा रही है। उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण, फाल्ट रिस्पांस टाइम और राजस्व वसूली की नियमित समीक्षा की जा रही है।

अधिकारियों का मानना है कि बेहतर बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ेगा और समय से बिल भुगतान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। आने वाले महीनों में आपूर्ति व्यवस्था के साथ राजस्व में और सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पारा क्षेत्र में नारायणपुर रोड पर आतिश मिल के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार 16 वर्षीय किशोर (छात्र) गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह बाइक से कोचिंग पढ़ने जारहा था। हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक हरदोइया निवासी तनिष लोधी (16) पुत्र बबलू लोधी शुक्रवार को मोटरसाइकिल से कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकला था। वह नारायणपुर रोड स्थित आतिश मिल के पास मोड़ से शाम 7:30 बजे गुजर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तनिष गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने घायल किशोर को संभाला और तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। बाद में परिजन एंबुलेंस से तनिष को एरा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। मोहन रोड चौकी प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी के मुताबिक अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने तनिष को मृत घोषित कर दिया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ट्रक ड्राइवर को मौके पर ही पकड़ लिया।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नारायणपुर रोड पर मोड़ के आसपास वाहनों की तेज रफ्तार के कारण हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों ने सड़क पर गति नियंत्रण और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम कराने की मांग की है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## नाले में गिरे दो बच्चे, पांच वर्षीय बालक की डूबने से मौत

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र में खेलते समय दो बच्चे नाले में गिर गए। हादसे में पांच वर्षीय बालक हर्षित की डूबने से मौत हो गई, जबकि दूसरे को बचा लिया गया। हर्षित को इलाज के लिए डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। पुलिस हादसे के कारणों और घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। बताया जा रहा है कि यहां खेलते समय एक गहरे नाले (पानी से भरे गड्ढे) में गिरने से 5 वर्षीय मासूम बच्चे की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। 5 साल का बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था और टॉयलेट करने के लिए गया था। उसी दौरान अचानक पैर फिसलने की वजह से वह खुले नाले/गड्ढे में गिर गया। उसके साथ खेल रहे अन्य दो बच्चे थोड़े बड़े थे, जो सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन वह मासूम बच्चा गहरे पानी में डूब गया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद बच्चे को इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (लोहिया अस्पताल) ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि वहां पर डॉक्टरों ने बच्चे को देखने से मना कर दिया, जिससे उसे समय पर इलाज नहीं मिल सका और उसकी जान चली गयी।

## चूहा मार दवा खाने से किशोरी की मौत

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया। दर्द की दवा समझकर चूहे मारने की दवा खाने से किशोरी की मौत हो गई। घटना शुक्रवार को सुरगौला गांव में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुरगौला निवासी किसान रामपाल की बेटी शेजल (15) को शुक्रवार सुबह सिर में दर्द था। उसने मां जानकी से दवा मांगी। मां ने किचन के ऊपर रखे डिब्बे से दवा निकाल कर खाने को कहा। शेजल ने डिब्बे से एक पुड़िया निकाली और उसमें रखी दवा खा ली। कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, उल्टी होने लगी और वह बेहोश होने लगी। घबराए परिजन उसे पास के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ट्रांसपोर्टर का नाले में मिला शव

**लखनऊ।** मदेयगंज क्षेत्र के रहने वाले ट्रांसपोर्टर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव 5 किमी दूर हजरतगंज स्थित हैदर कैनाल नाले में पड़ा मिला है। वह दो दिन से लापता थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खदरा मदेयगंज निवासी जितेंद्र शर्मा (37) ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। भाई सत्येंद्र ने बताया 2 अगस्त सुबह करीब 6 बजे घर पर बिना किसी को बताएं निकल गए थे। देर रात जब वापस नहीं लौटे तो आसपास तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद अगले दिन पुलिस को सूचना दी गई। 24 घंटे बीत जाने पर गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे तब पुलिस ने सारी डिटेल ली। 4 अगस्त को करीब 12 बजे थाने से फोन आया उन्होंने एक अज्ञात शव मिलने की बात कही और पोस्टमार्टम हाउस बुलाया। वहां पर पत्नी संगीता ने पहुंचकर शव की शिनाख्त जितेंद्र के रूप में की। परिवार में दो बेटे हिमांशु व रूद्र हैं। घटना के बाद से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अपहरण कर हत्या के मामले में महिला अभियुक्त गिरफ्तार

● मुख्य हत्याभियुक्त रवि तिवारी की है पत्नी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी में एनजीओ संचालक भाजपा नेता धीरेन्द्र प्रताप सिंह का अपहरण कर हत्या के चर्चित मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपित रवि तिवारी की पत्नी पूजा को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार धीरेंद्र प्रताप सिंह के अपहरण और हत्या की घटना में शामिल अभियुक्तों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा था।

पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों तथा स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से शुक्रवार को वांछित अभियुक्ता पूजा पत्नी रवि किशन उर्फ रवि तिवारी (28) को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला वर्तमान में पटेल नगर स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री के पास, निलमथा क्षेत्र में रह रही थी। उसका मूल निवास मानपुर डेहवा, थाना जैतपुर, जनपद बाराबंकी है।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने मृतक की एक सफेद धातु की अंगूठी तथा 15 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद अभियुक्ता को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही अन्य कि भी गिरफ्तारी होगी।

## कैंसर से पीड़ित ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र में कैंसर से पीड़ित राजगीर मिस्त्री सोनू गौतम (35) ने शनिवार शाम को दुगार्गंज में ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काकोरी के भलिया निवासी सोनू गौतम बीते आठ माह से मुंह में कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। एक बार ऑपरेशन भी हो चुका है। अत्यधिक दर्द एवं परेशानी से पीड़ित होकर शनिवार दोपहर घर से निकल गया था और शाम को दुगार्गंज में रेलवे क्रासिंग के पास बनारस से जम्मू जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिवार में पत्नी चंदा बेटा सौरभ एवं बेटी अमृता है।

**सूचना**

प्रार्थी के ओरिजिनल omaxe की पेमेंट रिसीप्ट निशातगंज चौराहे के पास खो गये है Receipt no. 1911336 dt. 9-9-2022Amt. 424078 कृपया करके अगर मिले तो बताने का कष्ट करें Satish Chandra Gupta

**NOTICE**

I Inform that prior to my marriage, my name was recorded as Preeti Agrawal in the bank's official records; however, my name is registered as Preeti Mittal on my Aadhaar card and PAN card. Both Preeti Agrawal and Preeti Mittal refer to me.

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अमन को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **साईना पत्नी बबलू नि. 98/18, भूसा मंडी, अमीनाबाद, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री रूकसी महमूद उर्फ तलिहा रूकसी पत्नी सलमान अहमद सिद्दीकी को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **डा. महमूद हुसैन पुत्र स्व. यूसूफ हुसैन नि. म.नं. 86/222, राम गोपाल विद्यान्त रोड, मकबूल गंज, थाना कैसरबाग, लखनऊ।**

**एलान गायब गैर मफकूदुल खबर**

**ममला नम्बर: 1369/89**

फरीक अव्वलः अजमी बिन्त मुश्ताक अहमद मरहूम, साकिन 161/347 पुराना टिकैतगंज, लखनऊ

**बनाम**

फरीक दोमः आसिफ अन्सारी वल्द सिकन्दर अन्सारी, साकिन 70/355 अकबरी गेट , लखनऊ

**इत्तिला बनाम (आसिफ अन्सारी) फरीक दोम**

फरीक अव्वल अजमी बिन्त मुश्ताक अहमद मरहूम ने आप के खिलाफ यहाँ दारूल कजा में नान नफ्का न देने, हकूके जौजियत अदा न करने और लम्बे अरसे से गायब व लापता रहने की बुनियाद पर फस्ख ए निकाह का दावा किया है, इस एलान के जरिये आप को इत्तिला दी जाती है कि आप जहाँ कहीं भी हों बतारीख 20 सितम्बर 2026 ई0 दिन इतवार को सुबह दस बजे मरकजी दारूल कजा नदवतुल उलमा टैगोर मार्ग लखनऊ के दफ्तर में खुद हाजिर होकर या अपनी तरफ से किसी को बाकायदा वकील मुकर्रर करके इस मामले की पैरवी करें, मजकूरा तारीख पर पैरवी न पाये जाने की सूरत में इस मामले का तस्फिया एकतरफा तौर पर कर दिया जायेगा और तस्फिया हो जाने के बाद कोई उज्र या बहाना काबिले समाअत नहीं होगा।

**नियाज अहमद नदवी**
**(रूक्न काजी कोन्सिल)**
**मरकजी दारूल कजा नदवतुल उलमा**

## धोखाधड़ी कर करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप

● मृत पिता के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर दिया घटना को अंजाम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा के गढ़ी चुनौटी निवासी एक व्यक्ति ने चार लोगों पर उसके मृत पिता के स्थान पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर बंथरा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओम नारायण ने बताया कि उनके पिता भईयालाल की मृत्यु 3 मई 2024 को हो गई थी।

आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर कानपुर के जखौला सोरौली निवासी राजू ने पिता की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिए। दस्तावेजों में किसी अज्ञात युवक को उनका पिता दिखाया गया और उसी से जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। ओम के मुताबिक 4 अप्रैल 2004 को पिता की उसी जमीन का बैनामा आरोपी राजू ने गढ़ी चुनौटी के दरियापुर निवासी सुजीत को कर दिया। इस फर्जी बैनामे में उन्नाव के सफीपुर स्थित दीवान खेड़ा बंदा खेड़ा निवासी संजय और गोविंद गवाह बने थे।

ओम को फर्जीवाड़े की जानकारी 15 जनवरी 2025 को हुई, जब वह अपनी जमीन पर पहुंचे तो वहां कुछ लोग खेती कर रहे थे।

रजिस्ट्रार ऑफिस में जांच करने पर फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। पीड़ित ने 18 जनवरी को बंथरा थाने में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर राजू, सुजीत, संजय और गोविंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ताओं के चैंबरों में लगे एसी से तार चोरी करते पकड़ा

**लखनऊ।** कैसरबाग पुलिस ने कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं के चेंबरों में लगे स्प्लिट एसी के तांबे के तार चोरी करने वाले बाल अपचारी को पकड़ा है। उसके पास से चोरी किए गए 9 कॉपर पाइप बरामद हुए हैं, जिनका वजन करीब 3.5 किलोग्राम है।

इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि काफी समय से कचहरी परिसर में एसी के कॉपर वायर चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। जांच में बाल अपचारी की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने उसे संरक्षण में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी की बात कबूल की। बताया कि वह चोरी कर सामान बेच देता था और पैसों से अपना खर्च चलाता था। उसकी निशानदेही पर चोरी के कॉपर पाइप बरामद किए गए। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे थे हुक्का बार

● छह हुक्का, 24 हुक्का फिल्टर, छह पैकेट फ्लेवर्ड तंबाकू, 11 चिलम व अन्य सामान बरामद

**लखनऊ।** आईटी चौराहा स्थित बिग शॉट कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार पर महानगर पुलिस ने छापा मारा। दबिश के दौरान बार में भगदड़ मच गयी। पुलिस ने मौके से एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। मौके से छह हुक्का, 24 हुक्का फिल्टर, छह पैकेट फ्लेवर्ड तंबाकू, 11 चिलम व अन्य सामान बरामद किया है। महानगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

डीसीपी मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि कुछ दिनों से आईटी चौराहा के पास चंपारण मीट हाउस के ऊपर बिग शॉट कैफे में चल रहे हुक्का बार की सूचना मिल रही थी। गुरुवार देर रात उपनिरीक्षक विनोद कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस ने कैफे में छापा मारा। कैफे के हॉल में धुआं फैला और टेबल पर हुक्के रखे थे। पुलिस को देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। सभी वहां से भाग निकले। पुलिस ने घेराबंदी कर एक कर्मचारी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश रावत निवासी ग्राम मलहा दुबग्गा बताया। आरोपी ने बताया कि वे कैफे मालिक आमिर के इशारे पर ग्राहकों को हुक्के परोसते थे।

इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि 18 से कम उम्र के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद की बिक्री करना मना है। इस नियम की अनदेखी कैफे में की जा रही थी। जांच में पता चला कि संचालक कम उम्र के लड़कों और छात्रों को हुक्का बार का लाइसेंस होने का झांसा देता था। कई बार स्कूल ड्रेस में भी छात्र आते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि उपनिरीक्षक विनोद कुमार की तहरीर पर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## कॉलेज के गेट पर बीटेक छात्र पर चाकुओं से हमला

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में गुरुवार रात आरआर कॉलेज के गेट पर बीटेक छात्र पर चाकुओं से हमला किया गया। इस हमले में छात्र की पीठ और कंधे पर गंभीर घाव हुए हैं। वारदात के पीछे छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आ रहा है। अयोध्या निवासी तेजस श्रीवास्तव (21) एसआर कालेज के पास किराए पर कमरा लेकर बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। तेजस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कालेज में पढ़ने वाला आयुष तिवारी उसके दोस्त युवराज सिंह की बहन को लंबे समय से परेशान कर रहा था। छेड़छाड़ से तंग आकर युवराज ने इसकी जानकारी तेजस को दी। इसी मामले को लेकर तेजस गुरुवार रात करीब 8 बजे युवराज के साथ आयुष को समझाने आरआर कॉलेज गेट पहुंचा था। आरोप है कि गेट पर पहुंचते ही आयुष पहले से अपने साथियों के साथ मौजूद था। उसने तेजस को घेर लिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आयुष और उसके साथियों ने मारपीट शुरू कर दी और चाकुओं से हमला कर दिया। इंस्पेक्टर बख्शी का तालाब संजय कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की ओर से तहरीर पर एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## फ्रेंचाइजी के नाम पर 49 लाख की ठगी

**लखनऊ।** गोमतीनगर एक्सटेंशन निवासी स्कूल की पूर्व कर्मचारी से फ्रेंचाइजी के नाम पर 49 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई न होने पर कोर्ट के आदेश पर हजरतगंज पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की है। नम्रता वालिया ने बताया कि वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के पालमपुर की रहने वाली हैं। वह लखनऊ के एक निजी स्कूल में काम करती थीं। इसी दौरान उन्हें हार्ट और लीवर की बीमारी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर खुद का व्यापार करने की योजना बनाई। इस दौरान नम्रता ने हजरतगंज में दंपति से मिलकर फ्रेंचाइजी लेने की इच्छा जताई। 49 लाख रुपये में डील तय हुई। आरोप है कि नम्रता ने 49 लाख रुपये दे दिए, लेकिन आरोपियों ने फ्रेंचाइजी के फर्जी दस्तावेज दे दिए और कारोबार के लिए कोई माल भी नहीं दिया।

## युवती का युवती ने सोने का ब्रेसलेट लूटा

**लखनऊ।** विभूतिखंड में एक युवती ने दूसरी युवती का डेढ़ लाख रुपये का सोने का ब्रेसलेट लूट लिया। पीड़िता गोमतीनगर निवासी मंजूशा बंबोडे की तहरीर पर विभूतिखंड पुलिस ने आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंजूशा ने बताया कि शुक्रवार रात वह समिट बिल्डिंग स्थित क्लब द हाइपरूम गई थीं। वहां उनकी मुलाकात मायरा चौधरी नाम की युवती से हुई। क्लब में काफी थक जाने पर मायरा ने उन्हें साइबर हाइट बिल्डिंग स्थित बिग डैडी कैसीनो ले जाने का झांसा दिया। दोनों बिल्डिंग की छठी मंजिल पर पहुंचीं। आरोप है कि मायरा ने मंजूशा की थकान का फायदा उठाकर उनके हाथ में पहना 11 ग्राम का सोने का ब्रेसलेट लूट लिया और मौके से फरार हो गई।

# श्री कृष्णोत्सव में गूंजा हरिनाम संकीर्तन



● सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह से लिया भाग

**लखनऊ।** आईआईएम रोड स्थित इमैजिन रिजॉर्ट में प्री-जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य श्री कृष्णोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500-600 श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अक्षय पात्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरतर्षभ प्रभु का विशेष सान्निध्य रहा। उनके साथ कृष्ण पाद प्रभु, श्रीनिधि गोविंद प्रभु, भीमेश प्रभु, तरुण कृष्ण प्रभु सहित अनेक अतिथि भक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवद्गीता के श्लोक-पाठ के साथ हुआ। इसके बाद भजन, नृत्य, हरिनाम संकीर्तन, श्री राधा-कृष्ण का झूलन एवं भव्य अभिषेक सहित विभिन्न आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। हरिनाम संकीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ पवित्र नामों का सामूहिक गायन किया और भक्ति में झूमते हुए नृत्य किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रसिद्ध युवा भजन गायक अगम अग्रवाल की प्रस्तुति रही। वे अपने लोकप्रिय भजन वृंदावन मेरो वृंदावन के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं, जिसे वृंदावन चंद्रोदय मंदिर में भी प्रस्तुत किया गया है। उनकी भजन प्रस्तुति पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन हरे कृष्ण मंदिर, लखनऊ के भक्त अजय कृष्ण दास ने किया। मंदिर के भक्तों एवं स्वयंसेवकों ने आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट सेवा प्रदान की। कार्यक्रम स्थल के प्रायोजक रोहित अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। अन्य उत्सव प्रायोजकों ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

इस अवसर पर वृंदावन चंद्रोदय मंदिर की आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। श्री वृंदावन धाम में निर्माणाधीन यह मंदिर लगभग 700 फीट ऊंचा होने के साथ विश्व का आगामी सबसे ऊंचा मंदिर बनने की दिशा में एक ऐतिहासिक परियोजना है। मंदिर का उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं, भगवद्गीता तथा भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति के संदेश को विश्वभर में पहुंचाना है।

## ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा भाजपा अवध क्षेत्र के महामंत्री नियुक्त



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्रा को अवध क्षेत्र का महामंत्री नियुक्त किया गया। राजीव मिश्रा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं अखिल विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राम मंदिर आंदोलन एवं अनेक जनकल्याणकारी आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभायी है तथा राजनीतिक संघर्ष के दौरान जेल भी जाना पड़ा है। लखनऊ महानगर युवा मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में पार्टी की सेवा करते हुए अभी तक आम जनमानस के मध्य गरीबों के मसीहा के रूप में जाने जाते है।

महामंत्री के रूप में नियुक्ति की खबर आते ही अवध क्षेत्र के भाजपा विधायकगण, पार्षदगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण के विभिन्न समूहों ने भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न कोनों से ममता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लाभान्वित विद्यार्थियों के समूह, खिलाडियों के समूह, दिव्यांग छात्रों का समूह एवं अनेकानेक अवसरों पर लाभान्वित होने वाले मजदूर वर्गो ने जगह जगह काफिले को रोक रोककर भव्य स्वागत किया। मिश्रा के इस मनोनयन पर लखनऊ ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में उमंग एवं उत्साह की लहर दिख रही है। मनोनयन के के बाद राजीव मिश्रा भाजपा एवं संघ तथा सरकार के सम्मानित पदाधिकारिया एवं मंत्रियों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**लखनऊ।** कृष्णानगर पुलिस ने जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर युवक की जान बचाई और उपचार कराया। पुलिस के अनुसार 03 सितम्बर को थाना कृष्णानगर के चौकी क्षेत्र एलडीए प्रथम में भ्रमणशील पुलिस टीम को रीडिंग कैफे के पास एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना कृष्णानगर पीके सिंह व चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इन्जीनियर(टीआरएस), लोको शेड, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा सूचना सं. M/DSL/IZN/TC/OT/127 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए, सिंगल पैकेट सिस्टम के आधार पर खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्य का नामः** ट्रांसपोर्टेशन ऑफ 08 लोको सैट (16 अदद) एमजी डीजल लोकोमोटिव बोगीज फ्राम लोको शेड, इज्जतनगर टू मैलानी एण्ड मैलानी टू लोको शेड, इज्जतनगर ऑन रोड ट्रेलर ऑफ सुटेबल कैरींग कैपेसिटी विद लोडिंग/अनलोडिंग ऑफ बोगीज ऑन रोड ट्रेलर ऐट मैलानी फॉर दा पीरियड ऑफ टू इयर्स। **कार्य की अनुमानित लागत (₹में):** ₹8,79,958.80 (सभी कर सहित); **अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी (₹में):** ₹17,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹0.00; **कार्य की अवधिः** 02 वर्ष; **ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 28.09.2026 को समय 15:00 बजे। • निविदाकार ई-निविदा को **दिनांक 28.09.2026** को समय 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं ई-निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरि० मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस**
**मुजाधि/विद्युत-172** **इज्जतनगर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## एयरपोर्ट पर 1.677 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा मिला

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को नशीले पदार्थों की तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम कर दी गई। एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने खुफिया सूचना के आधार पर बैंकॉक से मस्कट होते हुए लखनऊ पहुंचे एक यात्री को पकड़ा। उसके सामान की तलाशी में 1.677 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एआईयू को मादक पदार्थ के एक यात्री के पहुंचने की सूचना मिली, जिसके आधार पर जांच एजेंसी सक्रिय हो गई और मस्कट से पहुंची उड़ान के यात्री पर निगरानी शुरू कर दी। इसी दौरान जांच एजेंसी ने एक संदिग्ध यात्री को रोक लिया। एआईयू को यात्री के सामान की जांच के दौरान कुछ टीन के डिब्बों पर संदेह हुआ। उन्हें समुद्री खाद्य पदार्थ (सी-फूड) से संबंधित बताया गया था। संदेह के आधार पर अधिकारियों ने डिब्बों की गहन जांच की। डिब्बों के भीतर छिपाकर रखा गया हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद होते ही अधिकारियों ने यात्री को हिरासत में ले लिया।

# राजधानी के विकास के लिए विशेष आर्थिक पैकेज जरूरी : डॉ. राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर लखनऊ के लिए एक व्यापक विशेष आर्थिक, नगरीय नियोजन एवं प्रशासनिक पैकेज आगामी राज्य बजट में शामिल करने का अनुरोध किया। उन्होंने जलभराव निस्तारण तथा किला मोहम्मदी नाले के पुनर्निर्माण के लिए लगभग 175 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेट्रो, आउटर रिंग रोड, गोमती रिवरफ्रंट, एक्सप्रेसवे और बेहतर कानून-व्यवस्था ने राजधानी को नई गति एवं पहचान दी है।

उन्होंने कहा कि लखनऊ की आबादी वर्ष 1991 के 16.7 लाख से बढ़कर आज लगभग 42-43 लाख हो गईहै, जबकि इसका निर्मित क्षेत्र 48 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 310 वर्ग किलोमीटर से अधिक हो चुका है। अब लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी को मिलाकर बने 27,826 वर्ग किलोमीटर के उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के समन्वित विकास की चुनौती भी सामने है इसलिए राजधानी का नियोजन नगर सीमा तक सीमित नहीं रह सकता, इसके लिए वर्ष 2050 तक का एकीकृत क्षेत्रीय रोडमैप आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जलभराव, यातायात दबाव, सीवर की अपर्याप्तता, 500 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियां, प्रतिदिन लगभग 2,000 मीट्रिक टन ठोस कचरा और करीब 18.5 लाख टन लिगेसी वेस्ट लखनऊ के तीव्र विस्तार से उत्पन्न सफलता की समस्याएं हैं। भूजल दोहन प्राकृतिक पुनर्भरण से लगभग 17 गुना तक पहुंच चुका है; वर्ष 2031 तक जलस्तर में 20-25 मीटर की अतिरिक्त गिरावट और कुछ क्षेत्रों में वार्षिक भू-धंसाव की आशंका भी गंभीर चेतावनी है। उन्होंने शहरी नियोजकों, भूजल विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों, अभियंताओं, परिवहन योजनाकारों और वित्त विशेषज्ञों की एक उच्चाधिकार प्राप्त बहुवर्षीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का प्रस्ताव रखा। इसमें एलडीए, नगर निगम, जल निगम, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का समन्वय हो और इसकी अध्यक्षता पर्याप्त वरिष्ठ अधिकारी करें। उन्होंने एससीआर प्राधिकरण की बैठक शीघ्र बुलाने की भी मांग की। उन्होंने कहा, एलडीए, नगर निगम और अन्य विभागों की नौकरशाही नीतियों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक है लखनऊ और एससीआर की दीर्घकालीन नीतियां तथा विकास योजनाएं वरिष्ठ स्तर पर विषय-विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में तैयार की जानी चाहिए।

## हादसे में ऑटो चालक घायल

**लखनऊ।** विभूतिखंड थाने के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार कार और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि कार सवार मौके से फरार हो गया।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0नि0वि0 सीतापुर**

पतांक- 4097 /352सी/ई-टेण्डर-सी0खी0/2026-27 दिनांक-27-08-2026

**ई-निवदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के ''मार्ग श्रेणी'' में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीच दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/ खण्ड का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत (लाख में) | अनुरक्षण की लागत (लाख में) | कार्य की लागत + अनुरक्षण की लागत का योग (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं अनुरक्षण की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | सेवता | सेउता से बरी का पुर्न निर्माण का कार्य। | 95.56 | 2.39 | 97.95 | 6.90 | 2715.00 | 02 माह 05 वर्ष अनुरक्षण अवधि | 'ए,बी' |
| 2 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | बिसवां | मजलीशपुर रतनापुर पक्के मार्ग से चौबगा मार्ग का पुर्न निर्माण का कार्य। | 39.92 | 1.00 | 40.92 | 4.05 | 2715.00 | 02 माह 05 वर्ष अनुरक्षण अवधि | 'ए,बी,सी' |
| 3 | सीतापुर/ प्रा.खण्ड | बिसवां | तेलरवा सम्पर्क मार्ग का पुर्न निर्माण का कार्य। | 39.91 | 0.98 | 40.89 | 4.05 | 2715.00 | 02 माह 05 वर्ष अनुरक्षण अवधि | 'ए,बी,सी' |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.09.2026 से 25.09.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 25.09.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.09.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एम.के. वर्मा)
अभधशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर

UPID-255485 Date: 03.09.26 Website : www.upgov.nic.in


जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार


बासमंडी के इस्कॉन मंदिर में कान्हा का हुआ विशेष श्रृंगार


खाटू श्याम मंदिर में प्रसाद वितरित करते राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा
फोटो-अमित वर्मा

# आधी रात जन्मे सृष्टि के पालनहार, कान्हा के जयघोष से गूंजा शहर

## राजधानी में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, आधी रात मंदिरों व घरों में जन्में कान्हा, डिजिटल झांकी ने मनमोहा





वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कान्हा का जन्मदिन यानि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। गंगा जमुनी रंग को अपने आंचल में समेटे शाम-ए-अवध श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उल्लास में मुस्कुरा उठी। शाम ढलने के साथ शुरू हुआ उल्लास देर रात तक चरम पर पहुंच गया। आधी रात मंदिरों से लेकर घरों में जब कान्हा का जन्म हुआ तो हर तरफ नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...जयकारे से पूरा शहर गूंज उठा। हर कोई कान्हा की जय-जयकार के साथ उनके दर्शन को आतुर दिख रहा था। राजधानी के पुलिस लाइन में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर मनमोहक झांकी ने हर किसी का दिल जीत लिया।

**पुलिस लाइन व जेलों में जन्माष्टमी पर सजावट और झांकी:** जिला कारागार, आदर्श कारागार और नारी बन्दी में जन्माष्टमी पर महिला और पुरुष बंदियों ने बैरकों में सजावट की और झांकी बनायी। लाइटिंग की व्यवस्था की गई। भारी संख्या में बन्दियों ने व्रत रखा। जिला जेल की महिला बैरक में बन्द महिला बन्दियों ने बच्चों संग जन्माष्टमी अलग तरह से मनाई। बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण और राधा की पोशाकें पहनाईं। पूजा अर्चना की।

**इस्कान मंदिर में कान्हा की भव्य आरती संग लगा 256 भोग:** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीश्री राधा रमण बिहारी मंदिर इस्कान सुशांत गोल्फ सिटी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की भीड़ जमा होने लगी। मंगला आरती, तुलसी आरती, गुरु पूजा, श्रृंगार आरती के बाद अविरल भजन कीर्तन होते रहे। इस मौके पर हरे राम हरे कृष्ण की धुन भक्त थिरकते नजर आए। जन्माष्टमी के अवसर पर लोक गायिका मालिनी अवस्थी द्वारा भजन गायन, जरी मोती मणि माणिक की विशेष पोशाक वृंदावन के विशेष कारीगरों द्वारा निर्मित से श्री श्री राधा रमण बिहारी जी का मनमोहक श्रृंगार किया गया। रात आठ से नौ बजे तक अभिषेक हुआ। महा आरती मध्य रात्रि 12 बजे की गयी और 256 भोग का भोग लगाया गया।

**सत्य मंदिर में मना जन्माष्टमी का पर्व:** सिद्ध शक्ति पीठ सत्य मंदिर में इस वर्ष का श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भक्ति, ज्ञान और कर्म के अद्वितीय संगम के रूप में सम्पन्न हुआ। जन्माष्टमी के अवसर पर सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर एवं विश्वात्मा मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित भव्य झांकियां सजाई गईं। इन अद्भुत सजावटों ने श्रद्धालुओं को मानो द्वापर युग में पहुंचा दिया। भगवान की अलौकिक झांकी का अनावरण दिव्य शक्ति मां पूनम जी एवं योगीराज श्री अभिनव महाराज जी ने किया। अपने प्रेरक प्रवचन में दिव्य शक्ति मां पूनम जी ने कहा भगवान श्रीकृष्ण की कृपा पाना केवल जन्माष्टमी मनाने से नहीं होता। सत्य और धर्म की रक्षा, प्राणीमात्र की सेवा, और अधर्म के विरोध में खड़ा होना ही सच्ची भक्ति है।

**चौक में जन्माष्टमी की अलग ही रौनक:** पुराने लखनऊ में 100 वर्ष से अधिक प्राचीन भगवान श्रीकृष्ण की छह हवेलियां हैं, जिसमें सबसे प्राचीन श्री मदनमोहन हवेली है, जो चूड़ी वाली गली में है। चौपटियां की खेतगली में सवा सौ पुराना श्री राधिका नाथ जी ठाकुरद्वारा है। यहां 7 को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष झांकी सजाई गयी। यहीं पर कुंदन लाल ठाकुरद्वारा भी है। यहियागंज के श्री बिहारी जी मंदिर में भी जन्माष्टमी पर भक्तों की भीड़ उमड़ी।

**हर घर जन्में कान्हा:** शहर में हर ओर श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की धूम रही। घरों में लोगों ने विधि विधान से श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। आशियाना में अंजू रघवंशी ने घर में दरबार सजाकर




श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। खीरे में प्रतीक स्वरूप उनका जन्म किया गया। विकास नगर की माया आनंद ने घर में झांकी सजाई और कान्हां को पालने में झुलाकर पूजन किया। इंदिरानगर निवसी सिद्धि जायसवाल ने घर में ही पूजन के साथ ही भजन गाकर उत्सव मनाया। महानगर में अनुराधा के घर झांकी सजाई गई तो बंगलाबाजार में सुनील गुप्ता ने घर में ही पूजन किया।

**शहर में जगह-जगह बाल रूप में दिखे कान्हा:** राजधानी के विभिन्न जगहों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बालक-बालिकाओं ने श्रीकृष्ण का रूप धारण किया वहीं बालिकाओं ने राधा का रूप धरणा कर मनमोहक दृश्य दिया। बेबी गौरी ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप के दर्शन कराये और सभी भक्तों ने दर्शन कर श्रीकृष्ण की जयकारे लगाये। जयकारों से पूरा श्रीकृष्ण दरबार गूंज उठा। कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन गाये और राधे राधे बोल श्याम भागे चले आयेंगे, मुख देखन हों आई लाल को, वृंदावन का मोर बनू गाऊ मैं तो राधे राधे, तेरे लाला ने माटी खाई जसोदा सुन माई, मेरी लगी श्याम संग प्रीत गाने पर नृत्य कर जन्माष्टमी पर्व को धूमधाम से मनाया।

**श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर खाटू श्याम मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े भक्त:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्रीकृष्ण और श्री श्याम के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिए मंदिर को देशी-विदेशी फूलों से आकर्षक फूल बंगला के रूप में सजाया गया । रंग-बिरंगी इलेक्ट्रॉनिक झालरों और गुब्बारों से की गई सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किया गया। राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा भी श्री श्याम मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और भगवान श्रीकृष्ण से सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। श्री श्याम परिवार के महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में 101 किलो मेवा मिल्क केक



काटा गया। मध्यरात्रि में श्रीकृष्ण जन्म के समय मेघों की गर्जना और वर्षा के वातावरण का मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया गया।

**शिव मंदिर पंतनगर में गूंजा जय श्रीकृष्ण का जयघोष :** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पंतनगर सांस्कृतिक समिति, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के तत्वावधान में पंतनगर स्थित शिव मंदिर में भव्य भजन संध्या एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग एवं सूचना विभाग के अनुभवी सांस्कृतिक दल के प्रमुख राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ मनमोहक भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे वातावरण को कृष्णमय कर दिया। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का विधिवत आयोजन किया गया। जन्मोत्सव के उपरांत श्रीकृष्ण की भव्य आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भक्तों ने देखी श्रीकृष्ण के गोकुल भ्रमण व माखन चोरी की लीला





**लखनऊ।** मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्तों ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की... मंगल गीत गाए, राधा कृष्ण को झूला झुलाकर आनंद उठाया। कान्हा के जन्मोत्सव पर आरती पूजन करके सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि 4 से 9 सितम्बर तक चलने वाले छ्ह दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियां प्रदर्शित की जा रही है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर डिजिटल मूविंग झांकी के पहले दिन श्रीकृष्ण का गोकुल भ्रमण प्रसंग दिखाया गया। एक दिन कृष्ण बाल सखाओं के साथ गोकुल भ्रमण पर निकले। जहां वह देख रहे हैं कि गोकुल में भव्य मेला चल रहा है। मेला क्षेत्र में रोजमर्रा के सामानों की दुकान, खेल तमाशा व भव्य झूलों से सजा है। कृष्ण ने बाल सखाओं के साथ रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी की, तरह-तरह की मिठाईयां खाई, झूला झूले, खेल तमाशा देखकर गोकुल भ्रमण का आनंद उठा रहे हैं।

दूसरे दिन की झांकी में माखन चोरी लीला दिखाई गई। कान्हा ने ग्वाल बालों के साथ गोपी के घर से माखन चोरी करने की योजना बनाई। एक दिन गोपी किसी आवश्यक काम से बाहर गई थी तभी कान्हा ग्वाल बालों के संग गोपी के घर के दरवाजे को चोरी छुपे खोलकर घर के अंदर पहुंचे। कान्हा ने गोपी के घर में ऊपर रस्सी से बंधी हुई माखन की मटकी को देखा। कान्हा ने ग्वाल बालों से तुरंत पिरमिड बनाओ को कहा। कान्हा पिरामिड पर चढ़कर मटकी से माखन चोरी करके ग्वाल बालों को दे रहे है। वहीं अन्य झांकियों में सावन में झूला झूलते राधा कृष्ण, बाबा बफार्नी अमरनाथ शिवलिंग के दर्शन, भक्त शिरोमणि हनुमान जी के हृदय में राम सीता के दर्शन की स्वचालित झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। बंदर और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसीदास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती फिरती झांकी भक्तों को लुभा रही थी। 20 फिट ऊंचे शिवलिंग से गंगा अवतरण का सेल्फी कार्नर का भी भक्त आंनद उठे रहे थे। डिजिटल मूविंग झांकी लाइट एंड साउंड के इफेक्ट के साथ स्वचालित मूर्तियां एक्शन करती हुई दिखाई दे रही थी जो सभी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

## नंद घर खुशियां अपार, कान्हा जी ने जन्म लियो...





**लखनऊ।** डालीगंज स्थित श्रीमाधव मंदिर में लल्ला को सुनकर मैं आयी यशोदा मैया दे दो बधाई....मेरौ मन अनंत सुख पावै, भजनों संग श्री कृष्ण प्राकट्योत्सव पर श्रीराधामाधव भव्य फूलों का श्रृंगार, हुमा साहू एंड ग्रुप के कलाकारो द्वारा महारास, इलेक्ट्रॉनिक झालरो व 5000 गुब्बारें का डेकोरेशन, दक्षिणावर्त श्रीलक्ष्मी शंख से भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक, 56 प्रकार के भोग, दही हाडी फोडने, श्री कृष्ण जन्माउत्सव पर भजन गायक धनंजय मित्तल, नितीश सिंह के भजनों की वर्षा, लॉर्ड कृष्णा संग सेल्फी प्वाइंट तथा आनंद उत्सव पर खुशी में जमकर प्रसाद लुटाने का कार्यक्रम ब्रज की तर्ज पर आयोजन किया गया ये जानकारी संयोजक अनुराग साहू ने दिया।

**भजनों का गुलदस्ता किया पेश:** संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि मनमोहक श्री लीलाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया वही लखनऊ शहर के श्री कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव सूफियान अंदाज में सूफी भजन गायक ने शमा बांधते हुए भजन सर झुकाना अगर जुर्म होगा, हम निगाहों से सजदा करेंगे..., देखा अजब नजारा, दरबार में कन्हैया', एक मैं हूं कभी शुक्रिया ना किया, एक तुम हो जो रहमत किए जा रहा...,जो तुमको भूल जाए, वह दिल कहां से लाए...,कृपा की ना होती जो आदत तुम्हारी... भजनों का गुलदस्ता पेश किया।

माधव मन्दिर के एफबी पेज राधामाधवएलकेओ से घर बैठे भक्तो ने लाइव दर्शन किया राकेश साहू ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मष्टमी का सीधा प्रासरण किया गया श्री राधामाधव के श्वेताम्बर बनारसी वस्त्रों, चॉदी के मुकूट धारण किये आलौकिक दर्शन व जन्म से पहले दक्षिणावर्त श्रीलक्ष्मी शंख से भगवान श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक बिहारी लाल साहू, कंचन साहू, भारत भूषण गुप्ता, श्याम जी साहू, राकेश साहू, गोविन्द साहू के साथ पुजारी लालता प्रसाद जी के मंत्र उच्चरण के साथ अभिषेक किया तथा मध्य रात्रि भव्य महाआरती किया गया जिसका दर्शन लगभग पॉच सौ अधिक भक्तो ने घर बैठे दर्शन के साथ अपने मित्रो को शेयर किया।देशी विदेशी फूलों का श्रृंगार के साथ पूरें मन्दिर परिसर में एल.इ.डी, तेजर लाइटो व इलेक्टानिक झालरो से जगमागता श्री माधव मन्दिर बाहर का परिसर तथा अनन्द जन्मोत्सव की थीम पर 5000 गुब्बारें का डेकोरेशन बच्चे व लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। श्री राधा माधव सेवा संस्थान के सदस्य बिहारी लाल साहू, भारत भूषण गुप्ता, धनश्याम दास अग्रवाल, गोविन्द साहू, श्यामजी साहू, ओमकार जायसवाल, राकेश साहू, मनोज साहू, दिनेश अग्रवाल, दीपक महरोत्रा, माया आनंद ने 56 प्रकार के भोग की झांकी में लडडू, बर्फी, रसगुल्ला स्वीठर्स से लेकर ड्राई फ्रुडर्स, फल केला, आम, अनार, अंगूर, इस प्रकार के 56 भोग संस्था के सदस्यों द्वारा लगाया गया।

### ग्वालों ने मटकी फोड़ी

श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर भव्य महाआरती के बाद पंचमेल प्रसाद वितरण किया गया। फिर यहा दही हाडी फोरी गयी जो कि 15 फिट की ऊचाई पर 15 ग्वालो के साथ प्रभु श्रीकृष्ण रुपी निकुंज साहू ने ग्वालो पर चढकर मटकी फोरी।

# भातखण्डे की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह पुनः तीन वर्ष के लिए कुलपति नियुक्त

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह को राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा पुनः तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है।

इस संबंध में राजभवन की ओर से आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रो. मांडवी सिंह के पिछले कार्यकाल में विश्वविद्यालय में शिक्षण एवं शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यशालाओं, व्याख्यानों, संगोष्ठियों, मास्टरक्लास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देश के प्रतिष्ठित कलाकारों, संगीतज्ञों, नृत्य गुरुओं एवं विषय-विशेषज्ञों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित कर विद्यार्थियों को उनके अनुभव एवं ज्ञान से लाभान्वित होने के अवसर प्रदान किए गए। पिछले कार्यकाल में कथक, भरतनाट्यम, ध्रुपद, शास्त्रीय गायन, तालवाद्य एवं अन्य भारतीय कला-विधाओं



से संबंधित अनेक शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शोध को प्रोत्साहन देने तथा भारतीय कला एवं संस्कृति की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं। प्रो. मांडवी सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक गतिविधियों को विकसित करने, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए गए। पुनः कुलपति नियुक्त किए जाने पर प्रो. मांडवी सिंह ने विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के प्रति हार्दिक आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कुलाधिपति महोदया के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए वे और अधिक निष्ठा, समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगी।

# जैन मंदिर निर्माण के लिए शिखर व वेदी पूजन संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** सआदतगंज स्थित चूड़ी वाली गली के श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर के नवनिर्माण को लेकर भव्य तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर के नवनिर्माण के क्रम में आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में शिखर एवं वेदी निर्माण का पूजन विधि-विधानपूर्वक संपन्न हुआ। मंदिर में आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश भी हुआ। सभी पूजा-विधान एवं प्रतिष्ठा संबंधी धार्मिक क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य पंडित अशोक जैन शास्त्री, दिल्ली वालों द्वारा विधिवत संपन्न कराई गईं। इस अवसर पर जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मूलनायक श्री पारसनाथ भगवान की प्रतिमा के दातार का चयन पर्ची द्वारा किया गया। इसका सौभाग्य कमला जैन, जागेश जैन, प्रमेश जैन, वैभव जैन एवं मीना जैन काला परिवार को प्राप्त हुआ। श्री जी को विराजमान करने के लिए वेदी निर्माण का सौभाग्य भी काला परिवार को मिला। वहीं शिखर निर्माण का सौभाग्य वीरेंद्र गंगवाल



परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि मुख्य द्वार के निर्माण का सौभाग्य मयंक जैन गंगवाल को मिला। सरस्वती देवी की वेदी निर्माण का सौभाग्य प्रमेश जैन काला की बेटियों रिशिका एवं इशिता को प्राप्त हुआ। भगवान पारसनाथ की यक्षिणी माता पद्मावती देवी की वेदी निर्माण का सौभाग्य विमल जैन एवं पीयूष जैन बाकलीवाल परिवार को मिला। पूजन के दौरान वेदी निर्माण स्थल पर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा स्वर्ण, रजत एवं कांस्य शिलाएं रखी गईं। धार्मिक विधि-विधान, मंत्रोच्चार एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे आयोजन को भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। बताया गया कि सआदतगंज चूड़ी अली गली स्थित यह दिगंबर जैन मंदिर काफी पुराना है। पुराने मंदिर को ग्राउंड लेवल से गिराकर अब उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य नए मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। नया मंदिर लगभग 7,000 वर्गफुट क्षेत्रफल में बनाया जाएगा। प्रथम मंजिल पर भव्य जिनालय का निर्माण होगा, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सभागार बनाया जाएगा। मंदिर निर्माण कार्य को लगभग एक वर्ष में पूर्ण कर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। मंदिर के पूर्ण होने के बाद यहां धार्मिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न आयोजनों का भव्य रूप से आयोजन किया जा सकेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

**दीपार्चन के साथ भगवान पार्श्वनाथ की आराधना:** इंदिरा नगर जैन मंदिर में आचार्य सुबल सागर जी महाराज के चातुर्मास के दौरान शनिवार को 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की विशेष आराधना की गई। प्रातःकाल भगवान पार्श्वनाथ का स्वर्ण कलशों से अभिषेक हुआ। शिप्रा जैन के परिवार ने शांतिधारा एवं अक्षय जैन ने अर्घ्य समर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। दीपार्चन के साथ 'कल्याण मंदिर स्त्रोत' का पाठ कर पूरे विश्व में शांति और अहिंसा की प्रार्थना की गई। आचार्य सुबल सागर जी ने दान और खान-पान की शुद्धि पर जोर देते हुए कहा कि श्रावकों को गुरुओं को विशुद्धि के साथ आहार दान देना चाहिए। घर के पिसे मसाले और आटा उपयोग करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा, ₹जैसा खाओ अन्न, वैसा हो मन। जितना शुद्ध भोजन होगा।

# धूमधाम से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



मीरजापुर। जिले सहित लालगंज और हलिया थाना क्षेत्रों में शुक्रवार रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने थानों में बने हनुमान और विष्णु भगवान के नए परिसरों का उद्घाटन कर पूजा की।

एसपी ने सभी को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुलिस बल के साथ मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। लालगंज थाने में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य सजावट की गई थी। यहां एक बड़ा जागरण कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। रात आठ बजे से पूरी रात जागरण-भजन कार्यक्रम चला। प्रयागराज के मेजा से आए प्रसिद्ध कलाकार तिवारी बंधुओं ने प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में पुरुषों के अलावा महिला श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में मौजूद थीं। भंडारे में हजारों भक्तों ने मनपसंद खाने का लुत्फ उठाया। एसएसआई ब्रम्हदीन पांडेय ने शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा की। इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय, आइजीआरएस जिला प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह, अनिलेश द्विवेदी, पंकज पांडेय समेत सभी उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल और महिला आरक्षी व्यवस्था में लगे रहे। पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ जय सिंह, महेंद्र गिरी, जिला पंचायत सदस्य विष्णु प्रसाद सिंह, राजेंद्र यादव, जेपी उपाध्याय, सपा नेता जुम्मन खां, तुफानी लाल यादव, आफताब अहमद, पूर्व प्रधान अनीस खां, पूर्व प्रधान दिलिप केशरी और गौरव उपाध्याय, डॉ लालबहादुर भी मौजूद थे। हलिया में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने थाना परिसर में नए बने हनुमान मंदिर का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहां मंत्रों के साथ हनुमान जी और भगवान शंकर की मूर्तियों की स्थापना की गई। इस दौरान एसपी ने सभी को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुलिस बल के साथ मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। इस अवसर पर सीओ अमर बहादुर और थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

## गुरु ही शिष्य के जीवन को देता है सही दिशा




जौनपुर। शहर के एक में शनिवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु श्रेष्ठ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव ने करीब 300 सेवानिवृत्त गुरुजनों को सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने प्रत्येक शिक्षक को स्मृतिचिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट किया।

राज्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा कभी समाप्त नहीं होती। गुरु का महत्व जीवन के प्रत्येक चरण में बना रहता है। गुरु ही वह व्यक्ति है, जो अपने शिष्य को ज्ञान देने के साथ उसके व्यक्तित्व और भविष्य को दिशा प्रदान करता है। गुरुजनों से प्राप्त शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति समाज और देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने के योग्य बनता है। गुरु और विद्यार्थी के संबंध को समझाते हुए कहा कि बच्चा जब मां के गर्भ में रहता है और जन्म के बाद लगभग पांच वर्ष की आयु तक उसका मस्तिष्क कोरे कागज की तरह होता है। माता-पिता अपने बच्चे के भविष्य की आधारशिला जरूर रखते हैं, लेकिन जब बच्चा प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश करता है, तब उसके व्यक्तित्व पर गुरुजनों के ज्ञान और संस्कारों की छाप पड़नी शुरू होती है। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुड़े वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षक भी मौजूद रहे। मंच पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदियापुर हरदीपुर के अध्यापक पं. त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय, तिलकधारी महाविद्यालय के गणित शिक्षक डॉ. आरपी सिंह, श्रीरामजानकी दिनकर बालिका इंटर कॉलेज जमालापुर की पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती उर्मिला सिंह, पीएम श्री विद्यालय जमालपुर के पूर्व प्रधानाध्यापक आनंद कुमार मौर्य, जनार्दन प्रसाद अस्थाना, लहुरी राम, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह और चेयरमैन श्रीमती मनोरमा मौर्या की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारी पीजी कॉलेज मिहरांवा के पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्येंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन संतोष त्रिपाठी ने किया।

## भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरिः कुन्दन



आजमगढ़। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर कोलपांडेय में शिक्षक दिवस भव्य समारोह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अनेक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो सराहे गये। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में सुप्रसिद्ध साहित्यकार और कवि पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है, क्योंकि गुरु ही सही और गलत का भेद सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के चरित्र निर्माण में शिक्षक की प्रमुख भूमिका है। शिक्षक ही छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें समाज के योग्य बनाते हैं। प्रधानाध्यापिका शीला सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन आकांक्षा पांडेय ने किया। मौके पर आर एस एस के नगर प्रचार प्रमुख गिरीश सेठ, श्वेता श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, पूजा गुप्ता, राम अवतार, अंतिमा यादव, ज्योति सोनकर, सुधीर श्रीवास्तव, आलोक सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, बच्चे उपस्थित थे।

## परिजनों को 1.83 करोड़ मुआवजा देने का आदेश

जौनपुर। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के जज मनोज कुमार अग्रवाल की अदालत ने सड़क हादसों में हुई दो मौतों के मामलों में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संबंधित बीमा कंपनियों को मृतकों के परिजनों को कुल 1.83 करोड़ रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है पहला हादसा 12 दिसंबर 2022 की शाम हुआ था। जफराबाद क्षेत्र के उत्तरगांव निवासी अध्यापक चंद्र प्रकाश यादव बाइक से घर जा रहे थे। कितापुर के पास दूसरी बाइक के चालक की लापरवाही से उनकी बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में चंद्र प्रकाश यादव की मौत हो गई थी। मामले में वाहन चालक, मालिक और बीमा कंपनी के खिलाफ मोटर दुर्घटना दावा याचिका दाखिल की गई। अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव ने कोर्ट में गवाहों के बयान दर्ज कराए। सुनवाई के दौरान अदालत ने दूसरी बाइक के चालक को हादसे के लिए लापरवाह माना। कोर्ट ने चंद्र प्रकाश यादव के मामले दूसरा हादसा 4 जुलाई 2022 को हुआ था। पंवारा क्षेत्र के कुंवरपुर निवासी लिपिक अजय कुमार सिंह बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान कार चालक की लापरवाही से हादसा हो गया। हादसे में अजय कुमार सिंह की मौत हो गई इस मामले में भी संबंधित कार चालक, मालिक और बीमा कंपनी के खिलाफ दावा याचिका दायर की गई थी। अदालत ने कार चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना। कोर्ट ने कार की बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को मृतक के परिजनों को मुआवजा देने का आदेश दिया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने दोनों मामलों में मृतकों के परिजनों को कुल 1.83 करोड़ रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## एडीजी नवीन अरोड़ा ने किया सपरिवार मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन

मीरजापुर। प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी धाम में शुक्रवार को एडीजी जोन वाराणसी नवीन अरोड़ा सपरिवार पहुंचे। उन्होंने मां विंध्यवासिनी का विधिवत दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। दर्शन पूजन तीर्थ पुरोहित धीरज मिश्रा ने कराया। इस दौरान उन्होंने धाम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए मातहतों से व्यवस्था परखी है। इस दौरान मंदिर परिसर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं के बीच भी विशेष उत्साह देखने को मिला। बताया गया कि एडीजी जोन वाराणसी का धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। दर्शन-पूजन के उपरांत आचार्य अनुपम एवं विनय महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान का हवन-पूजन संपन्न कराया। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां विंध्यवासिनी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। हवन के दौरान मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्रों और हवन की आहुतियों से पूरा परिसर भक्तिमय नजर आया। अनुष्ठान पूर्ण होने के बाद आचार्यों ने एडीजी एवं उनके परिवार को मां विंध्यवासिनी का प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मी भी मुस्तैद रहे। मां विंध्यवासिनी के दर्शन के बाद एडीजी जोन वाराणसी ने धाम की धार्मिक महत्ता और आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की।

## साइफन तोड़े जाने से जल निकासी बाधित गांवों में कृत्रिम बाढ़ का संकट

मीरजापुर। जिले के जमालपुर विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत हसौली नहर में वर्षों पूर्व बनाए गए साइफन को सिंचाई विभाग द्वारा तोड़े जाने से हसौली, कर्जी सहित आसपास के कई गांवों में जल निकासी गंभीर रूप से बाधित हो गई है। लगातार जलभराव के कारण क्षेत्र में कृत्रिम बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे किसानों की कई सौ बीघा फसल बर्बाद होने की आशंका है। ग्रामीणों के अनुसार पचासों वर्ष पूर्व क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए गड़ई नदी में बाढ़ के दौरान पानी की निकासी के लिए रामपुर, ओड़ी, भदावल, जमालपुर नहर मार्ग पर हसौली के समीप साइफन का निर्माण कराया गया था। यह साइफन बाढ़ के पानी की निकासी का प्रमुख माध्यम था। आरोप है कि बिना समुचित जांच-पड़ताल और वैकल्पिक व्यवस्था किए ही सिंचाई विभाग द्वारा उक्त साइफन को तोड़कर हटा दिया गया, जिसके चलते अब पानी निकासी का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। आज बाढ़ की स्थिति में संबंधित विभाग द्वारा रामपुर-जमालपुर नहर मार्ग को खोद कर बाढ़ का पानी निकाला जा रहा है। वहीं कुछ स्थानीय लोगों द्वारा नहर किनारे छोड़े गए नाले पर अतिक्रमण कर मकान बनाए जाने से समस्या और गंभीर हो गई है। जलभराव से किसानों की खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं, जबकि क्षेत्र के जर्जर पुराने मकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। हसौली सोसायटी परिसर में भी पानी घुसने से वहां रखे खाद, बीज, अनाज व अन्य सामग्री के नुकसान की आशंका बनी हुई है। कृत्रिम बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों एवं अन्नदाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने प्रशासन से तत्काल मौके का सर्वेक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने जल निकासी के लिए साइफन जैसी स्थायी व्यवस्था कराने तथा बाढ़ से प्रभावित सभी किसानों को हुए नुकसान का आकलन कर तत्काल पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है।

## नाबालिग को बहला कर भगाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान/मीरजापुर। थाना मड़िहान पर गत 19 जुलाई 2026 को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला- फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। उक्त के आधार पर थाना मड़िहान पर मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई थी। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना मड़िहान को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मड़िहान पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को उपनिरीक्षक जय प्रकाश यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर घटना से सम्बन्धित आरोपी सत्येदेव पुत्र स्वरु कोलई राम निवासी गहिरा को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

## अपहरण और जबरन जमीन का बैनामा कराने के आरोप में सभासद को भेजा जेल

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में विंध्यवासिनी देवी धाम के पंडा एवं विंध्याचल के सभासद सपा नेता अवनीश मिश्रा को पुलिस ने अपहरण के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई निरंजन लाल गुप्ता पुत्र विरेन्द्र लाल गुप्ता निवासी सदर बाजार, कोतवाली रोड द्वारा नामजद दी गई तहरीर पर की है। जानकारी के मुताबिक सभासद एवं विंध्याचल धाम के पंडा अवनीश मिश्रा के विरूद्ध वादी का अपहरण कर डरा-धमका कर जबरन जमीन का बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू की थी। उधर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित लोगों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में 5 सितंबर 2026 को उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा अवनीश मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रामजी मिश्रा निवासी पूरब मुहाल थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## संक्षेप

### संपादक के निधन पर जताया शोक

जौनपुर। अखिल भारतीय सम्पादक मण्डल ने शनिवार को सरदार पटेल सेवा संस्थान पर शोक सभा की। इस दौरान शान्ति संसार के सम्पादक रविन्द्र नाथ श्रीवास्तव के निधन पर शोक जताया गया। जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में उपस्थित सम्पादकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। साथ ही कहा कि दुख की इस घड़ी में परिजनों को ईश्वर शक्ति दें। श्री श्रीवास्तव के निधन से पत्रकारिता जगत सहित हम सभी के लिये अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में अखिल भारतीय सम्पादक मण्डल के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर (जलालपुर थाना क्षेत्र के बन्दीपुर गांव में एक विवाहिता ने शुक्रवार की रात को घर के निकट एक खम्भे से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।विवाहिता मानसिक बीमार बतायी जा रही है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।उक्त गांव निवासी करन राजभर पुत्र बचानू राजभर बंगलोर में किसी फैक्ट्री में काम करता था।पांच वर्ष पहले उसने असम प्रदेश की तुलसी से बंगलोर में शादी कर लिया था।लड़की के मायके का कोई नही था।कुछ दिन पूर्व करन पत्नी को लिवाकर बंगलौर से घर आया था।तुलसी की विक्षिप्त बतायी जा रही है।शुक्रवार की शाम को करन राजभर किसी परिचित के बीमार होने की सूचना पर उन्हें देखने शहर में स्थित एक नर्सिंग होम में चला गया था।वह देर रात को जब घर आया तो तुलसी घर पर नही थी।वह उसे आस पास व सिरकोनी स्टेशन तक खोजबीन कर लौट आया।सुबह घर से 300 मीटर दूर विद्युत पोल पर चढ़ने के लिए लगाए गए एंगल से तुलसी साड़ी के फंदे से लटकती दिखी।घटना की सूचना प्रधान सन्नी सिंह ने पुलिस को दिया।

### प्रयागराज के जंगलों में पहुंचा हाथियों का जोड़ा

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज वनरेंज के जंगलों में एक सप्ताह तक डेरा जमाए बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान से भटककर आए हाथियों का जोड़ा शुक्रवार की रात आठ बजे के करीब क्षेत्र के कटरा जंगल से सटे प्रयागराज जिले के बैठकवा व अतरेंजी जंगल में पहुंच गया। शनिवार शाम को हाथी और हथिनी का लोकेशन प्रयागराज जिले के बैठकवा वनरेंज के संसारपुर और महुली पियरी जंगल में पाया गया। क्षेत्र में एक सप्ताह से डेरा जमाए जंगली हाथियों के ड्रमंडगंज वनरेंज से करीब दस किलोमीटर दूर प्रयागराज जिले के जंगलों में जाने पर स्थानीय ग्रामीणों वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली। बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान से भटककर ड्रमंडगंज वनरेंज के जंगलों तक पहुंचे हाथियों का जोड़ा ने पिछले दिनों महुगढ़ी गांव में मक्का व धान की फसल को रौंदते हुए नष्ट कर दिया था साथ ही मड़हे और चारदीवारी को गिरा दिया था। वहीं लहुरियादह गांव में मक्का की फसल नष्ट कर मचान व टटिया उजाड़ दिया था। जंगलों में घूम रहे हाथियों के गांव में आने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गया था। शनिवार को ड्रमंडगंज वनरेंज के जंगलों से काफी दूर चले जाने पर वनविभाग की टीम ने भी राहत की सांस ली। रेंजर रविशंकर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की रात आठ बजे के करीब दोनों हाथियों का जोड़ा कटरा जंगल से निकलकर प्रयागराज जिले के बैठकवा जंगल में पहुंच गया। शनिवार को दोनों हाथियों की लोकेशन प्रयागराज के संसारपुर व महुली के जंगलों में पाई गई। फिलहाल दोनों हाथियों के मूवमेंट पर जीपीएस ट्रैकर से नजर रखी जा रही है।

### बारिश से कच्चा मकान गिरा

लालगंज, मीरजापुर। विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा खुर्द गांव में शुक्रवार की देर रात लगातार बारिश के बीच एक कच्चा मकान भर भरा कर गिर गया। मकान गिरने से रामपति मौर्य के परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया। हादसे में मकान के अंदर रखा गृहस्थी का सामान के साथ बर्तन, चावल, गेहूं, दाल आदि मलबे में दब कर खराब हो गया। रामपति मौर्य पुत्र स्वर्गीय मनीराम मौर्य ने शनिवार को बताया कि लगातार बारिश के कारण उनका कच्चा मकान कमजोर हो गया था। रात में अचानक भर भरा कर गिर गया। घर का पूरा हिस्सा गिरने से मलबे में दबकर घरेलू सामान खराब हो गया। पीड़ित की सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति राम उजागीर मौर्य ने हादसे की जानकारी हल्का लेखपाल को दिया।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्णःकुलपति



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक अतिथि गृह परिसर स्थित भारत के महान शिक्षाविद, दार्शनिक एवं पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य निर्माता होते हैं। शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व, चरित्र और चेतना के निर्माण की सबसे प्रभावी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन और दर्शन हमें यह संदेश देता है कि एक श्रेष्ठ शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उन्हें संस्कार, विवेक, नैतिक मूल्यों और जीवन की सही दिशा से भी जोड़ता है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीक सूचना उपलब्ध करा सकती हैं, किंतु संवेदनशीलता, नैतिकता, मानवीय मूल्यों और विवेक का विकास केवल शिक्षक ही कर सकता है। कुलसचिव ने शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि शिक्षक विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत तथा अनेक अवसरों पर अभिभावक की भूमिका भी निभाता है। प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. नीरज अवस्थी, शीलनिधि सिंह, उत्कर्ष सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## छत के रास्ते घुसकर लाखों की चोरी



जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र अंतर्गत मनवल गांव में चोरों ने बीती रात एक घर को अपना निशाना बनाते हुए नगदी सहित लाखों के आभूषण की चोरी के घटना को अंजाम दिया है। गांव निवासिनी रेनू पत्नी रवि कुमार के घर को अपना निशाना बनाते हुए रात में चोरों ने मकान की छत के रास्ते घर के भीतर दाखिल होकर नकदी सहित लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया।सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो देखा घर का दरवाजा खुला हुआ था।खुला दरवाजा देख परिवार के लोग जब वहां जाकर देखा तो घर के अन्दर घर में रखा बक्सा गायब था। घटना को लेकर जब परिवार के लोगों द्वारा हल्ला मचाया गया तो मौके पर आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गये। आस-पास के लोग व मौके पर पहुंची पुलिस खोज-बीन करने लगे तो चोरी हुए सामान का बक्सा पास के ही एक खेत में पड़ा हुआ मिला, जहां स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## सड़क हादसे में दो घायल

जौनपुर। खेतासराय थाना क्षेत्र के अब्बोपुर मार्ग पर शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे में एक घायल के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, दूसरे घायल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

जौनपुर बदलापुर क्षेत्र के बरौली स्थित संत भंगड़ दास कुटी पर हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा। अर्धरात्रि को जन्म के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा हाथी घोड़ा पालकी जयकन्हैया लाल की के उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात मंदिर के पुजारी केशवदास उर्फ गोल्हई महराज ने आरतीपूजन वंदन कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान सोनू सिंह, पूर्व सभासद नन्हकू यादव, मोहन शुक्ल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 68 प्रार्थना पत्र आये, मौके पर 6 का निस्तारण

लालगंज, मीरजापुर। तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न मामलों से संबंधित 68 प्रार्थना पत्र आए और मौके पर छः का निस्तारण किया। खोमार मैना निवासी रमेश ने गोपालपुर माइनर पर पुलिया निर्माण की मांग की।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। रेही गांव निवासी मुन्नालाल मौर्य ने लहंगपुर से रेही जाने वाली पीडब्ल्यूडी सड़क की बदहाली की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को सड़क की स्थिति का निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। बरी गांव निवासी तजिया देवी ने सीसी रोड पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने की मांग की। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। पंजरा गांव निवासी सुपर लाल यादव ने सीसी रोड निर्माण की मांग रखी। सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, सिंचाई, सड़क, विकास और अन्य विभागों से जुड़े मामले आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में एस शओसी अशोक तिवारी, एसडीएम अजीत कुमार, तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी रवि कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे वह हलिया थाना अध्यक्ष समेत जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दूसरों के जीवन में प्रकाश भरता है शिक्षकः हवलदार



आजमगढ़। शिक्षक दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं और शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि शिक्षक वह दीपक है, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को प्रकाश से भर देता है। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि अनुशासन, संस्कार और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की सीख भी देते हैं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य शिक्षा और शिक्षकों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में भी शिक्षक का महत्व कम नहीं हुआ है। शिक्षक विद्यार्थियों को सोचने, सवाल करने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविंद यादव, पूर्व मंत्री डॉ. रामदुलारे राजभर, राष्ट्रीय सचिव अजीत राय, जिला पंचायत सदस्य सूर्यनाथ यादव, जिला प्रवक्ता पप्पू कुमार यादव सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय के घर पहुंचकर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता

आजमगढ़। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ शनिवार को आजमगढ़ पहुंचे और बरदह के ग्राम जिवली स्थित भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय के आवास पर पहुंचकर उनकी दिवंगत माता जमुरता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।





मुख्यमंत्री ने दिवंगत जमुरता देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने परिजनों से आत्मीयता से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। बताया गया कि श्रीमती जमुरता देवी का 02 सितंबर 2026 को निधन हो गया था। उनके निधन की सूचना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को उनके पैतृक आवास पहुंचे और परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की।

मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी दिवंगत जमुरता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह एवं विनोद राजभर, पूर्व सांसद, विधायकगण, ब्लॉक प्रमुख, मंडलायुक्त विवेक, एडीजी वाराणसी जोन नवीन अरोड़ा, डीआईजी सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी डॉ. अनिल कुमार, सीडीओ राकेश कुमार पटेल, एडीएम प्रशासन संजय चावला, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह, एसपी ट्रैफिक पंकज श्रीवास्तव, डीडीओ संजय सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## कूटरचित पॉलिसी तैयार करने वाला आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

आजमगढ़। रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के नाम पर फर्जी और कूटरचित वाहन इंश्योरेंस पॉलिसी तैयार कर ग्राहकों से ठगी करने के मामले में मुबारकपुर पुलिस ने दिल्ली निवासी एक शातिर वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक ओप्पो मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आजमगढ़ के आदेश के बाद रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मुबारकपुर थाने में रवि कुमार झा और अंकित जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि दोनों फर्जी व कूटरचित इंश्योरेंस पॉलिसी तैयार कर आम लोगों से साथ धोखाधड़ी और ठगी करते थे। शनिवार को उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण और शांति व्यवस्था में लगे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित आरोपी रवि कुमार झा रोडवेज तिराहे के पास मौजूद है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 13:05 बजे रोडवेज तिराहे से कुछ दूरी पहले, कस्बा मुबारकपुर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार झा पुत्र विनोद झा, उम्र करीब 28 वर्ष के रूप में हुई है। उसका वर्तमान पता उत्तमनगर जनकपुरी, नई दिल्ली और मूल पता सीतामढ़ी, बिहार बताया गया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि वह ग्राहकों से रुपये लेकर रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के नाम पर फर्जी और कूटरचित इंश्योरेंस पॉलिसी तैयार करता था। इसके जरिए वह अनुचित लाभ अर्जित करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मु0अ0सं0 298/ 2026, धारा 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस के तहत अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, चौकी प्रभारी थाना कांस्टेबल कुलदीप सरोज और कांस्टेबल मुकुन्द मिश्रा शामिल रहे।

संक्षेप

## श्रील प्रभुपाद का 130वां आविर्भाव महोत्सव मनाया

मथुरा। संपूर्ण विश्व में श्रील भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद का 130वां आविर्भाव महोत्सव वृंदावन तीर्थ नगरी के श्रीकृष्ण बलराम इस्कॉन मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस्कॉन मंदिर में प्रभुपाद जो महाराज के समाधि मन्दिर में सेवित अर्चा विग्रह का पंचामृत, यमुना जल व जड़ी बूटियों के मिश्रित जल से महाभिषेक किया गया। इस दौरान उनके देशी विदेशी अनुयायी गगनभेदी स्वरों में हरिनाम संकीर्तन करते हुए नृत्य कर रहे थे। इसके उपरांत उन्हें विशेष पोशाक धारण कराकर उनका षोडशोपचार पूजन अर्चन किया गया। तदोपरांत उन्हें विविध भोग निवेदित किए गए। वहीं नंद महोत्सव का अवसर होने के चलते मंदिर में विराजमान भगवान कृष्ण बलराम, श्री निताई गौर एवं श्री राधा कृष्ण का भी विशेष पूजन अर्चन कर दिव्य भोग अर्पित किए गए। मंदिर के जनसंपर्क अधिकारी रविलोचन प्रभु ने बताया कि प्रभुपाद जो महाराज की जयंती व्यास पूजन के रूप में मनाई जाती है। सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में प्रभुपाद जी का योगदान अतुल्य है।

## श्री द्वारिकाधीश मंदिर नंद महोत्सव की धूम



मथुरा। पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के प्रसिद्ध ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में शुक्रवार को नंद महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर भक्ति उल्लास और जयकारों से गूंज उठा। परंपरागत धार्मिक विधानों के अनुसार हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नंद महोत्सव के दौरान मंदिर के मुखिया सुधीर कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने नंद बाबा और माता यशोदा का स्वरूप धारण किया जबकि मंदिर के कर्मचारियों ने ग्वालों के वेश में उत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की और श्हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

ठाकुर जी चांदी के पालने में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। इस दौरान श्रद्धालुओं पर प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें फ्ल फूल वस्त्र आभूषण खिलौने और मिष्ठान शामिल रहे। देश विदेश से आए तीर्थयात्रियों ने प्रसादी प्राप्त कर नंद महोत्सव का आनंद लिया और ठाकुर जी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर प्रशासन के अनुसार नंद महोत्सव के दर्शन प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुए। दोपहर 12 बजे मंगला दर्शन दोपहर 2 बजे ग्वाल श्रृंगार एवं राजभोग दर्शन तथा सायं 4:30 से 5 बजे तक शयन दर्शन संपन्न हुए। इसके पश्चात मंदिर के पट बंद कर दिए गए। शनिवार को भी सभी दर्शन पूर्व निर्धारित समयानुसार संपन्न होंगे।

# कान्हा के जन्म की खुशी से भावविभोर हो उठे श्रद्धालु



मथुरा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अन्तर्गत भाद्रपद कृष्ण नवमी तद्नुसार शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर भव्य नन्दोत्सव का आयोजन किया गया। श्रीभागवत भवन मंदिर प्रांगण को नन्दभवन का भव्य स्वरूप प्रदान किया गया एवं शास्त्रीय मान्यताओं, श्रुतियों एवं स्मृतियों के आधार पर नन्दनन्दन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस पर बधाई गायन एवं उद्दाम नृत्य-संकीर्तन से संपूर्ण भागवत-भवन गुंजायमान हो उठा। नन्दोत्सव के इस पवित्र उत्सव में हजारों की संख्या में ब्रजवासी एवं बाहर से पधारे श्रद्धालू शामिल हुए। कान्हा के जन्म की खुशी एवं अलौकिक भक्तिभाव सभी के मुख पर स्पष्ट दिख रहा था। बधाई गायन एवं संकीर्तन के मध्य भावमय नृत्य एवं तालियों की गड़गड़ाहट से संपूर्ण परिसर को झंकृत कर रहे श्रद्धालु, नन्दबाबा एवं मैया यशोदा परस्पर बधाई आयोजन को आदान प्रदान कर रहे थे। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव में संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी द्वारा हजारों खिलौने, वस्त्र, बर्तन, मिष्ठान आदि विभिन्न सामग्री बहुत बड़ी मात्रा में भक्तों में वितरित/लुटायी गयी। नर, नारी, वृद्ध, बालक, सभी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में अभिभूत हो प्रसाद को प्राप्त करने के लिए लालायित थे। वास्तव में संपूर्ण जन्मभूमि परिसर का वातावरण एवं दृश्य साक्षात ऐसा अनुभव करा रहा था कि सभी भक्त बाबा नन्द एवं माँ यशोदा को लाला के जन्म की बधाई देकर, कृपा प्रसाद प्राप्त कर रहे थे। ब्रज के सुविख्यात गायक कलाकारों ने भागवत भवन मंदिर में भजन व बधाई गायन कर रसिक भक्तजनों को परमानंद की अनुभूति कराई। इस अवसर पर अपरान्ह में लीलामंच पर सुप्रसिद्ध भजन-गायिका शालिनी शर्मा, जगदीश ब्रजवासी एवं सहयोगियों द्वारा लाला के जन्म पर भजन व बधाई गायन की प्रस्तुतियों दी। जिसे सुन श्रद्धालुजन भाव-विभोर होकर उद्दाम नृत्य करने लगे।

## वृंदावन में भव्य समापन : नंद उत्सव व दही हांडी पर झूमे मंत्री ठा. रघुराज सिंह

मथुरा। श्री धाम वृंदावन स्थित ठाकुर श्री राधा नील माधव जी महाराज मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2026 का शनिवार को भव्य और भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। इस समापन समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री व अध्यक्ष ठा. रघुराज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने ठाकुर श्री



राधा नील माधव जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आयोजित विशेष नंद उत्सव व दही हांडी कार्यक्रम ने उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया। इसके बाद हुए संकीर्तन, नृत्य और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को पूरी तरह से दिव्य और भक्तिमय बना दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ठा. रघुराज सिंह ने कहा, ह्नभगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य, साहस और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जन्माष्टमी जैसे पर्व हमारी युवा पीढ़ी को भारत की महान आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ने का कार्य करते हैं। वृंदावन केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। वहीं मंदिर के महाराज श्री प्रणव अवस्थी ने कहा कि जन्माष्टमी केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि अपने भीतर श्रीकृष्ण के विचारों और दिव्य संदेश को जागृत करने का पर्व है। सौ से अधिक भक्तों द्वारा एक साथ किए गए संकीर्तन से वृंदावन की पावन भूमि का आध्यात्मिक वातावरण और भी अलौकिक हो गया।

तीन दिवसीय इस भव्य महोत्सव के दौरान यज्ञ, श्रीकृष्ण कथा, संकीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाभिषेक, बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नंद उत्सव, दही हांडी और महाप्रसाद जैसे तमाम धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुए। कार्यक्रम के अंत में मंदिर प्रबंधन और महाराज श्री प्रणव अवस्थी ने सभी संतों, अतिथियों, श्रद्धालुओं और सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा देश व दुनिया में शांति, समृद्धि और मानव कल्याण की प्रार्थना की गई।

## दो दिवसीय खाद्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



फिरोजाबाद। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण केंद्र फिरोजाबाद के तत्वावधान में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को ग्राम भोड़ेला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान अजय कुमार ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेंद्र सिंह यादव, डीआरपी फिरोजाबाद ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी। वहीं जेसी शर्मा ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। अतिथि व्याख्याता मनोज कुमार दीक्षित ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में उपयोग होने वाली विभिन्न मशीनों की जानकारी देते हुए खाद्य पदार्थों के संरक्षण के तरीकों के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। राजकीय फल संरक्षण केंद्र के प्रभारी शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने जनपद में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े विभिन्न उद्योगों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेकरी, डेयरी मसाला उद्योग, आटा चक्की तथा मिनी ऑयल एक्सपेलर आदि उद्योग स्थापित करने की जानकारी दी। साथ ही विभाग द्वारा उपयुक्त मशीनों पर दिए जाने वाले अनुदान एवं अन्य योजनाओं की जानकारी भी प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान की गई। वक्ताओं ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने के अवसर मिल रहे हैं। छोटे एवं लघु खाद्य उद्योग स्थापित कर बेरोजगारी की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ग्राम प्रधान अजय कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं एवं अन्य लाभार्थियों को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों एवं संबंधित विभागीय कर्मियों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रियाकान्तजु मंदिर में कन्हैया के जन्म पर झूमें भक्त, मनाया नंदोत्सव

मथुरा। वृन्दावन ठा0 श्रीप्रियाकान्तजु मंदिर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और शनिवार नंदोत्सव की धूम मची रही। बीतीरात भक्तों ने मंदिर प्रांगण में दीप जलाकर बालकृष्ण की आगवानी की। आधी रात को कन्हैया के जन्म पर पटाखे फोड़े गये। मंदिर गर्भ गृह में बाल व्यास देवांश शर्मा एवं मंदिर सेवायतों ने पंचामृत से बालविग्रह का अभिषेक किया। मटकी फोड़ लीला में श्रद्धालुओं ने माखन-मिश्री लूटी। देर रात तक भक्त भजनों पर झूमकर नंदोत्सव मनाते रहे। छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भजन संध्या आयोजित की गयी। जन्माष्टमी महोत्सव में श्रद्धालुओं ने जगत के तारणहार की मीठी मनुहार से अपनी भक्ति प्रदर्शित की। मंदिर गर्भ गृह में पत्तल और पुष्पों के साथ आकृषक फूल बंगला सजाया गया। प्रियाकान्तजु को सुन्दर श्वेत पौशाक धारण करायी गयी। वहीं स्वर्ण मुकुट और सोने की बंशी में प्रियाकान्तजु भगवान ने भक्तों को दर्शन दिये। मंदिर संस्थापक देवकींनदन महाराज की अनुपस्थिती में उनके सुपुत्र देवांश शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में भक्तों को कृष्ण भक्ति प्रसंग सुनाये। कान्हा के जन्म से पूर्व बाल व्यास देवांश महाराज के साथ अन्य भजन गायकों ने ब्रज भक्ति गीतगाकर श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर विवश कर दिया। ठीक 12 बजे घंटे-घड़ियालों बजाकर कन्हैया के जन्म का उद्घोष किया गया। श्रद्धालु भक्तों ने हजारों दीप जलाकर पूरे मंदिर प्रांगण को सजा दिया। मंदिर सेवायतों ने दुग्ध-दही, शहद, घृत, आदि से बाल विग्रह का अभिषेक कर आरती उतारी। मंदिर के बाहर भक्तों ने जमकर आतिशबाजी चलाकर कन्हैया के जन्म की खुशियां मनायीं। इसके पश्चात मंदिर में बधायी गीत गाकर नंदोत्सव मनाया। मंदिर परिसर में मटकी फोड़ लीला की गयी। कृष्ण स्वरूप ने भक्तों पर खूब माखन-मिश्री लुटाया। जन्मोत्सव में आचार्य श्यामसुन्दर शर्मा, मंदिर सेवायत दिनेश शर्मा, राहुल मिश्रा, परसोति शर्मा, योगेश कुमार शर्मा, भजन गायक गोविन्दा शर्मा संदीप शर्मा, जगदीश वर्मा, विष्णु शर्मा, अजय दुबे आदि शामिल रहे।

## छाता में लगेगा प्रदेश का पहला मल्टीयूनिट एथनॉल और चीनी प्लांट, 200 से 250 करोड़ होगी लागत




मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी की अध्यक्षता में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि जनपद मथुरा की तहसील छाता में तीन चरणों में प्रदेश का पहला अनोखा मल्टीयूनिट प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में मंत्री श्रीचैधरी ने विस्तार से जानकारी दी कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। इसके प्रथम चरण में 120 केएलपीडी क्षमता का एथनॉल प्लांट लगाया जाएगा। यह प्लांट गन्ने के शीरे (बी-हैवी) से एथनॉल का उत्पादन करेगा और जब गन्ना उपलब्ध नहीं होगा, तब मक्का व धान से एथनॉल बनाया जाएगा। यह प्लांट वर्ष में 11 महीने संचालित होगा, जिससे करीब 369 लाख लीटर एथनॉल का उत्पादन होगा। द्वितीय चरण में क्षेत्र में गन्ने का पर्याप्त उत्पादन होने पर चीनी मिल प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे गन्ने से चीनी का उत्पादन होगा। तृतीय चरण में इस चरण में को-जनरेशन प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिससे बिजली का उत्पादन होगा। उत्तर प्रदेश में अपनी तरह के इस पहले मल्टीयूनिट प्लांट की स्थापना पर लगभग 200 से 250 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस परियोजना से क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ लाखों किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा। सरकार मथुरा क्षेत्र में गन्ने के अधिकाधिक उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करेगी और विभाग की ओर से उन्नत गन्ना बीज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

सरकार द्वारा छाता चीनी मिल को शुरू कराने के लिए 6 बार विज्ञापन के माध्यम से टेंडर आमंत्रित किए गए थे, लेकिन किसी का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था। अब यह प्लांट पार्टनरशिप के तहत आगामी दो वर्षों में तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही, मंत्रीजी ने चीनी मिल छाता के गेट पर धरना दे रहे पूर्व सैनिकों से अपील की है कि वे अपना धरना समाप्त कर प्लांट की स्थापना में सहयोग प्रदान करें, ताकि क्षेत्र के विकास का रास्ता सुगम हो सके। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम, बलदेव विधायक पूरन सिंह एवं जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म, दोनों आंखें फोड़ने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार

मथुरा। थाना जैत क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास बेहद खौफनाक रहा है, जिसने कुछ साल पहले एक युवक की आंखें भी निकाल ली थीं। थाना जैत पुलिस टीम ने शनिवार पूर्वान्ह करीब 10:35 बजे बाटी मघेरा चैराहे से आरोपी जयकिशन उर्फ जैकिशन (पुत्र विजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम मौरा, थाना जैत, उम्र करीब 25 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना जैत में मु0अ0सं0 591/2026, धारा 65(1)/351(3) बीएनएस, 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट और 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। जैंत थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया 3 सितंबर 2026 को आरोपी जयकिशन ने खेत पर काम कर रही एक नाबालिग बच्ची को एकांत में ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। गिरफ्तार आरोपी बेहद शातिर और आपराधिक प्रवृत्ति का है। इसके अलावा वर्ष 2022 में गांव के एक युवक से झगड़ा होने पर इस आरोपी ने युवक के ऊपर बैठकर अपनी उंगलियों से उसकी दोनों आंखें निकाल ली थीं। इस संबंध में थाना जैत में हत्या के प्रयास और अंग भंग (मु0अ0सं0 287/2022, धारा 307/323/325/326 भादवि) का मामला दर्ज हुआ था। आरोपी करीब 3 साल जेल में रहने के बाद एक साल पहले ही बाहर आया था और लगातार ऐसी वारदातों में संलिप्त रह रहा था। इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार, उपनिरीक्षक अभिनेन्दर राजपूत, कांस्टेबल रंजीत राठौर और कांस्टेबल पीताम्बर सिंह शामिल रहे।

## युवा रालोद ने गांव चौपाल से भरी संगठन की मजबूती की हुंकार

### संगठन की मजबूती को लेकर युवाओं ने भरी हुंकार, जयंत सिंह के हाथ मजबूत करने का लिया संकल्प



फिरोजाबाद। युवा राष्ट्रीय लोकदल के बैनर तले शनिवार को सिकरारी स्थित केपी मैरिज होम में गांव की चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में युवा, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। चौपाल में संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा रालोद के बृज क्षेत्र अध्यक्ष उमेश चौधरी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की वास्तविक ताकत उसके कार्यकर्ता और युवा शक्ति होती है। उन्होंने युवाओं से एकजुट होकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वरिष्ठ अतिथि कुलदीप चौधरी ने कहा कि गांव की चौपाल जनता और संगठन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को पार्टी से जोड़ने के साथ संगठन को नई मजबूती प्रदान की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश सिंह एडवोकेट ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मा. देशराज सिंह ने किया।

चौपाल के दौरान वक्ताओं ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ने की अपील की। साथ ही केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के हाथ मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं और कार्यकताओं में खासा उत्साह नजर आया। वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में गांव-गांव संगठन को मजबूत करने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए 'गांव की चौपाल' सहित अन्य जनसंवाद कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर रालोद बृज क्षेत्र सचिव किसान प्रकोष्ठ चौ.निरंजन सिंह पौनिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंवर सुधीर सिंह महासचिव जितेंद्र सिंह पौनिया, उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय, उपाध्यक्ष डॉ.मुन्नेश कुमार, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, विस अध्यक्ष अंशुल शर्मा, चौधरी राजपाल सिंह भरंगर चौधरी बलदेव सिंह सूबेदार धनगर रणवीर सिंह जितेंद्र सिंह हमवीर सिंह प्रधान रामगोपाल धनगर बृज बीर सिंह सोलंकी पप्पू सोलंकी मुन्नालाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत करने, युवाओं को रालोद से जोड़ने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

## धूमधाम से मनाया गया नंदोत्सव

मथुरा। भूतेश्वर स्थित श्रीजी बाबा आश्रम परिसर में विराजमान श्री मथुराधीश प्रभु मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपरांत नंदोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, भक्ति एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। ठाकुर जी के प्राकट्य की खुशी में समूचा आश्रम परिसर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीष्के जयकारों से गुंजायमान रहा। उत्सव के दौरान राधे-राणे संकीर्तन मंडल द्वारा बधाई गायन किया गया। मंदिर प्रबंधन एवं संतों द्वारा भक्तों के बीच खिलौने, वस्त्र, मिष्ठान, फल और दक्षिणा लुटाकर जन्मोत्सव की खुशियां बांटी गईं। इस अलौकिक वातावरण में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। ठाकुर जी की महाआरती के पश्चात उपस्थित सभी संतों, महंतों एवं दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुय रूप से मंहत राधाकांत गोस्वामी, रमाकांत गोस्वामी, मुकुन्द गोस्वामी, मधुसूदन गोस्वामी सेवायत उपस्थित रहे।

## विकास और जनसमस्याओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल



मथुरा। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और ग्रामीण समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग को लेकर आज एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के आनंदधाम कॉलौनी स्थित आवास पर मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व चेयरमैन (सोंख) भरत सिंह, मगोर्रा के चंद्रपाल प्रधान तथा मानवेन्द्र ओल मुख्य रूप से शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गांव-गांव में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय जनसमस्याओं से जिला पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया। सभी की बातों को अत्यंत ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्रीकिशन चैधरी ने मौके पर मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। अध्यक्ष किशन चैधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा, यह केवल आपकी समस्या नहीं, बल्कि मेरी अपनी समस्या है। गांव-गांव के विकास के लिए जिला पंचायत पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सभी गांवों में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# शिक्षक दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

फिरोजाबाद। शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सदर विधायक मनीष असीजा जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा मेयर कामिनी राठौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जयसवाल की उपस्थिति में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन के अवसर पर सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि आज समाज में शिक्षकों की प्रति सम्मान और निष्ठा काफी बढ़ी है, जिसके लिए शिक्षक स्वयं बधाई के पात्र हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य पेशो और प्रशासनिक पदों के मुकाबले शिक्षकों के पास मां सरस्वती की कृपा से स्वतंत्रता और सम्मानपूर्वक अध्यापन कराने का अनूठा अवसर होता है, शिक्षक और छात्र के बीच का संवाद अनुशासन और स्नेह जीवन के लिए एक अमिट छाप छोड़ता है। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षण कार्य केवल एक विषय नहीं है, बल्कि देश और समाज के भविष्य का निर्माण करने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र दायित्व है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि समारोह में दिया जाने वाला सम्मान प्रतीकात्मक है, इसके माध्यम से जनपद के सभी शिक्षकों का सम्मान निहित है, उन्होंने प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को बच्चों के जीवन और भविष्य का फाऊंडेशन स्टोन बताया, जिस पर आगे चलकर उनके प्रशासनिक वैज्ञानिक, तकनीकी या अन्य क्षेत्रों में जाने की मजबूत नींव तैयार होती है।

उन्होंने शिक्षकों से अपील की है कि वह विद्यालयों में एक बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाएं, ताकि यहां के बच्चे किसी भी मंच पर देश-दुनिया के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें।



उन्होंने प्रधानमंत्री के संकल्प को दोहराते हुए शिक्षकों से प्रति सप्ताह 2 घंटे श्रमदान के माध्यम से विद्यालय परिसर को स्वच्छ- सुंदर एवं सुव्यवस्थित रखने का आवहान किया। उन्होंने शिक्षकों को स्मार्ट क्लास का प्रभावी उपयोग करने, निरंतर नया सीखने और प्रशिक्षणों का पूरा लाभ उठाकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। मेयर कामिनी राठौर ने कहा कि शिक्षक समाज के आधार स्तंभ है, एक वकील अगर गलती करता है, तो उसकी गलतियां फाइलों में दब जाती है, एक इंजीनियर अगर गलती करता है, तो उसकी गलतियां ईंट-पत्थरों में दब जाती हैं, एक डॉक्टर गलती करता है, तो उसकी गलतिया कब्रिस्तान में दब जाती है, परंतु एक शिक्षक की गलती से एक सभ्य समाज और सशक्त राष्ट्र बनाने में कठिनाई आती है, इसलिए शिक्षकों की जिम्मेदारी राष्ट्र समाज के प्रति सबसे ज्यादा है। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा के विभिन्न शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिनमें डॉ. सुनील यादव प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल नगला पट्टी डॉ.सीमा यादव प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल कोडरा, योगेंद्र सिंह सहायक अध्यापक राजकीय हाई स्कूल नारखी शिवांगी लवानिया सहायक अध्यापक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला यतेंद्र कुमार प्रधानाचार्य दीनबंधु इंटर कॉलेज उसायनी, हिमांशु शर्मा प्रवक्ता डीएवी इंटर कॉलेज महेश चंद दुबे प्रहलाद टीकमानी इंटर कॉलेज, नारायण सिंह प्रवक्ता पुरातन सरस्वती बी एम इंटर कॉलेज, हरेंद्र सिंह प्रवक्ता डाइट आदि को प्रदान किया गया। जनपद स्तर पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम में विकासखंड से उत्कृष्ट शिक्षण के रूप में प्रतिभाग करने वाले शिक्षको में रश्मि सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कारीखेड़ा, दीपक बंसल प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय सोफीपुर, अखिलेश कुमार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय दिनौली गोरवा नेहा सक्सैना सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय चंदवार गेट एवं विशेष साफ सफाई अभियान में बेहतर करने वाले शिक्षक विनोद कुमार प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर मनोज कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय नंदनपुर हरिप्रसाद प्रधानाध्यापक पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय गढ़िया, मयंक रावत सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय नगला गंगी आदि शिक्षको भी सम्मानित किया। लखनऊ से इस कार्यक्रम का यहां पर सभी ने सजीव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पांडे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार आदि संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मामूली बहस पर दबंग कार चालक ने जेई को कार से रौंदा और कई मीटर तक घसीटा

मथुरा। जिले के व्यस्त मसानी चैराहे पर मामूली विवाद के बाद एक कार चालक ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (छाता) के अवर अभियंता (जेई) विक्रांत भारती को टक्कर मारकर सड़क पर कई मीटर तक घसीट दिया। इस दर्दनाक घटना में इंजीनियर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मसानी चैराहे पर किसी बात को लेकर कार चालक और अवर अभियंता विक्रांत भारती के बीच तीखी बहस हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि कार चालक ने अपना आपा खो दिया और विक्रांत को अपनी कार की चपेट में ले लिया। वहां मौजूद लोगों का आरोप है कि हैवान बने चालक ने ब्रेक लगाने के बजाय गाड़ी की रफ्तार और तेज कर दी और चिल्लते हुए लोगों की परवाह किए बिना इंजीनियर को सड़क पर कई मीटर तक घसीटते हुए फरार हो गया। जिस कार से यह हादसा हुआ, उस पर बीजेपी का झंडा लगा हुआ था और वायरल वीडियो में उसका नंबर यूपी 80 एफएस 7288 साफ दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल इंजीनियर को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। इस अमानवीय घटना से सहकर्मियों और स्थानीय नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और गाड़ी के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की पहचान कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

संक्षेप

## सड़क हादसों में तीन की मौत

शाहजहांपुर। जिले में शनिवार सुबह दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक थाना तिलहर अंतर्गत एक घटना में मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों की बस से टक्कर लगने से मौत हो गई जबकि दूसरी घटना में एक खराब गाड़ी को सही कर रहे उसके चालक को अज्ञात ट्रक ने कुचल दिया जिससे उसकी भी मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने शनिवार को बताया कि कनेग गांव के रहने वाले सोमेश शुक्ला (24), मोहित अवस्थी (23) मोटरसाइकिल से मंदिर जा रहे थे और जब उनकी मोटरसाइकिल भेदपुर के पास पहुंची तभी, पीछे से आ रही एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां दोनों की मौत हो गई। दूसरी घटना में जयपुरिया स्कूल के पास एक गाड़ी खराब हो गई थी जिसका चालक सतीश (26) उसे ठीक कर रहा था तभी पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने उसे कुचल दिया।

## लापता युवक का खेत में मिला कंकाल

सीतापुर। हरगांव क्षेत्र के उदनापुर कोरैया गांव के मजरा कोरैय्या में शनिवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों को कब्रिस्तान के दक्षिण दिशा में नर कंकाल पड़ा दिखाई दिया। कंकाल मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कटेसर चौकी प्रभारी विकास यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने भी मौकेपर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि कोरैय्या निवासी किशोरी उर्फ गोलू (26) करीब 17 दिन से लापता था। परिजनों को सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर मिले कपड़े और चप्पल के आधार पर परिजनों ने कंकाल की पहचान किशोरी उर्फ गोलू के रूप में की। परिजनों के मुताबिक युवक के लापता होने के बाद उसकी काफी तलाश की गई थी। कोई सुराग नहीं मिलने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। अब खेत में नर कंकाल मिलने के बाद युवक की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। थाना प्रभारी आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि नर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## डॉक्टर ने जांच कर दिव्यांग बच्चों के बनाये प्रमाण पत्र

मोहम्मदी खीरी। गांव सहदेवा के सिविलियन विद्यालय में जिला समन्वय समेकित शिक्षक माला श्रीवास्तव की देखरेख में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें जिले से आये डॉक्टर ने परीक्षण कर 57 बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए हैं। शनिवार को विद्यालय में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें शारीरिक अक्षमता वाले छात्र-छात्राओं की जांच की गई है जिसमें विशेष शिक्षक लाट साहब, रामकुमार और अनीता कुमारी की देखरेख में डॉ निखिल आर्य द्वारा छात्र-छात्राओं का शारीरिक परीक्षण किया गया जांच के दौरान शारीरिक अक्षम बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर उन्हें वितरित किया गया हैं।

## जनकपुर गांव में भी पहुंचा मोहाना का पानी

तिकुनियां खीरी। मोहाना नदी के उफनाने से जनकपुर गांव में पानी भर गया है। लोगों ने अपना अपना सामान पैक कर ऊंचे स्थानों पर जाने की कवायद शुरू कर दी है। लेखपाल व कानूनगो मौके पर डटे हुए है। भारत नेपाल सीमा पर बह रही मोहाना नदी उफना गई है, नदी के उफनाने से जनकपुर गांव जलमग्न हो गया है। इस गांव में करीब 120 घर है। गांव निवासी देवीदयाल, संतराम, गुड्डू ने बताया कि मोहाना नदी का पानी गांव में भरने लगा है सभी लोगो ने सामान पैक कर लिया है। गांव के गया प्रसाद और राकेश कुमार ने बताया कि गांव में 120 घर है और सभी लोग पड़ोस में स्थित गुरुद्वारा कौड़ियाला घाट में शरण लेंगे और जानवरों को सड़क के किनारे ऊंचे स्थान पर बांधा जायेगा। प्रधानपति मो मिया की सूचना पर पहुंचे लेखपाल फूलचंद और कानूनगो देवीचरन त्रिवेदी ने बताया कि सभी को ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

# 3000 से अधिक स्कूली छात्र बने फर्स्ट रिस्पॉन्डर



सोनभद्र। सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का व्यावहारिक ज्ञान और जीवन रक्षक कौशल प्रदान करने की दिशा में बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0 चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत एनसीएल द्वारा अब तक 56 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 3086 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्राथमिक उपचार देने के तौर-तरीकों से अवगत कराना है। साथ ही प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को जीवन रक्षक कौशल से सशक्त बनाते हुए, उन्हें जरूरत के समय तत्काल और सही सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

इस दौरान विद्यार्थियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन), सड़क दुर्घटना के दौरान तत्काल प्राथमिक उपचार, सर्पदंश की स्थिति में आवश्यक सावधानियां, जलने एवं गंभीर चोटों में त्वरित राहत, रक्तचाप की जांच तथा सामान्य रोगों की पहचान से संबंधित प्राथमिक जानकारी दी जा रही है।

विद्यार्थियों को विशेष रूप से इस बात के लिए जागरूक किया जा रहा है कि दुर्घटना अथवा किसी अन्य आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता पहुंचने से पहले उठाए गए सही कदम कई बार जीवन रक्षक साबित हो सकते हैं।

गौरतलब है कि एनसीएल ने ह्वबेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0ह्व के फेज-1 के तहत अपने पोषित विद्यालयों के 3,200 विद्यार्थियों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। एनसीएल की यह पहल विद्यालयीन शिक्षा को जीवन कौशल से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार का ज्ञान देने के साथ-साथ उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में जिम्मेदार और सक्षम फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में तैयार किया जा रहा है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

सोनभद्र। भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आज 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था। वे महान शिक्षक, दार्शनिक एवं शिक्षाविद थे। उनके शिक्षा के प्रति समर्पण और योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जयंती को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। समारोह में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ जी, सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, जिला पंचायत सदस्य सजीव त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा, सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे।

समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक और राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। शिक्षकों का सम्मान वास्तव में राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान का सम्मान है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षा और शिक्षक की महत्ता को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया। शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा देकर उनके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि शिक्षक देश के भविष्य को आकार देने वाले वास्तविक राष्ट्रनिर्माता हैं। विद्यालय में शिक्षक की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, संवेदनशीलता, रचनात्मक सोच एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी शिक्षक का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनका उत्कृष्ट कार्य अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन





सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उमंग भवन ऑडिटोरियम में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के अमूल्य योगदान को उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) मणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) डॉ.विनोद कुमार भराली, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (वीएसआर ओवरहालिंग) एच. पी.देवांगन, महाप्रबंधक (रसायन) टी.एन. सीतारमन, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रुमा दे शर्मा, डीपीएस, डीपॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं चैतन्य कोचिंग अकादमी के प्राचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों के स्वागत, उन्हें गुलाब के पुष्प एवं स्मृति-चिन्ह भेंट करने के साथ हुआ। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधन का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रुमा दे शर्मा ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु समाज के पथप्रदर्शक होते हैं, जो ज्ञान, संस्कार और प्रबोधन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के दौरान रविंद्र मिश्रा द्वारा स्वरचित गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के मनोरंजन हेतु फन गेम्स, क्विज प्रतियोगिताएँ एवं स्केटिंग डांस जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वरिष्ठ अधिकारियों एवं अतिथियों ने शिक्षकों के समर्पण, निष्ठा एवं उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दिवस की खुशी साझा करते हुए केक कटिंग का आयोजन भी किया गया। अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता ने शिक्षकों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं अथक प्रयासों के लिए बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज एवं राष्ट्र निर्माण के वास्तविक शिल्पकार हैं, जिनका योगदान सदैव प्रेरणादायी और अतुलनीय रहेगा। इस अवसर पर डीपीएस, डीपॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, टाइनी टॉट्स, बाल भवन एवं चैतन्य कोचिंग अकादमी के प्राचार्यों को मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्यों ने इस सराहनीय पहल के लिए एनटीपीसी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आरटीओ के औचक निरीक्षण से परिवहन कार्यालय में मचा हड़कंप



सीतापुर। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर शनिवार को जनपद गोंडा मंडल के संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार मौर्य ने खैराबाद स्थित सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे आरटीओ को देखकर कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। उन्होंने मौजूद आवेदकों से कर्मचारियों के व्यवहार, आवेदन प्रक्रिया, खर्च और अतिरिक्त धनराशि की मांग को लेकर सीधे जानकारी ली। आवेदकों के जवाब से अधिकारी संतुष्ट नजर आए। आरटीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यालय में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या बिचैलिये का प्रवेश नहीं होना चाहिए। किसी अधिकारी, कर्मचारी या अन्य व्यक्ति द्वारा काम के बदले रुपये मांगने पर तत्काल एआरटीओ को सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने फिटनेस यार्ड में वाहनों की जांच प्रक्रिया का जायजा लिया और निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी फिटनेस परीक्षण के निर्देश दिए। ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र में सिम्युलेटर और सीसीटीवी की जांच कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान बायोमेट्रिक कार्य में लगे कुछ कर्मचारी बिना पहचान पत्र के मिले। कंपनी की ओर से पहचान पत्र जारी न किए जाने की जानकारी पर आरटीओ ने तत्काल कंपनी से पत्राचार कर पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पटलों, अभिलेख कक्ष और सीसीटीवी व्यवस्था का निरीक्षण कर पारदर्शिता, जवाबदेही और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

## गौशाला पर 6.19 लाख का टैक्स, पूर्व विधायक ने नगर पालिका पर साधा निशाना

सीतापुर। निराश्रित, असहाय और वृद्ध गोवंशों के संरक्षण के लिए संचालित धर्मार्थ गौशाला पर नगर पालिका परिषद सीतापुर द्वारा 6 लाख 19 हजार 466 रुपये का गृह एवं जल कर लगाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व विधायक मिश्रिख-महोली एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनूप कुमार गुप्ता ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर भारी-भरकम कर बिल को तत्काल निरस्त करने और गौशाला को स्थायी रूप से करमुक्त किए जाने की मांग की है। गुप्ता के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए गौशाला के नाम जारी कर बिल में 6,19,466 रुपये की देनदारी दर्शाई गई है। उन्होंने इसे संवेदनहीन और अमानवीय बताते हुए कहा कि गौशाला का उपयोग किसी व्यावसायिक, औद्योगिक अथवा निजी आवासीय लाभ के लिए नहीं हो रहा है। परिसर में केवल दो सेवादार गोवंशों की देखभाल के लिए रहते हैं। पत्र में दावा किया गया है कि गौशाला उत्तर प्रदेश गौशाला अधिनियम, 1964 के तहत पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त धर्मार्थ संस्था है। इसका संचालन व्यापारियों, गौ-भक्तों और आम लोगों के सहयोग से चारे, भूसे और दाने आदि की व्यवस्था कर किया जाता है। यहां दूध की बिक्री अथवा किसी प्रकार का आर्थिक कारोबार नहीं होता। पूर्व विधायक ने उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 157 का हवाला देते हुए कहा कि धर्मार्थ एवं जनहितकारी संपत्तियों को कर से छूट देने का प्रावधान है। उन्होंने नगर पालिका से बिल निरस्त करने के साथ बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर गौशाला को गृह कर और जल कर से स्थायी रूप से मुक्त करने की मांग की है। मामला सामने आने के बाद नगर पालिका की कर व्यवस्था और धर्मार्थ संस्थाओं के प्रति उसके रवैये पर सवाल उठने लगे हैं।

## यूजीसी कानून के विरोध में सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज



सीतापुर। यूजीसी से संबंधित कानून के विरोध और विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों ने शहर में पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी महाराणा प्रताप चौक से नारेबाजी करते हुए लालबाग पहुंचे। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे प्रदर्शनकारियों ने यहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारियों ने मौके पर डीएम को बुलाकर ज्ञापन सौंपने की मांग की। इससे पुलिस-प्रशासन के सामने यातायात और कानून-व्यवस्था संभालने की चुनौती खड़ी हो गई। सीओ सिटी कपूर कुमार, एसडीएम सदर जनार्दन कुमार समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी करीब 45 मिनट तक प्रदर्शनकारियों को समझाते रहे, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों के समझाने पर प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट जाने को राजी हुए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने जमीन पर बैठकर फिर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी से संबंधित कानून वापस लेने, शिक्षा व्यवस्था में समानता और सामाजिक समरसता समेत विभिन्न मांगें उठाईं। प्रदर्शन के दौरान फिल्म अभिनेत्री स्वरा भास्कर के कथित विवादित बयान को लेकर भी आपत्ति जताई गई। प्रदर्शनकारियों ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और मुकदमा दर्ज करने की मांग की। कोतवाली गेट पर भी प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया। प्रदर्शनके दौरान अनिल सिंह पाताबोझ, संदीप अवस्थी, विजय कुमार अवस्थी, अखंड प्रताप सिंह, करणी सेना जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, पूनम मिश्रा, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, अंशुल सिंह, विकास हिंदू, अधिवक्ता विक्रम सिंह, हरिओम मिश्रा, लोकतंत्र सेनानी जिलाध्यक्ष संतराम त्रिवेदी, विशंभर तिवारी, रविंद्र तिवारी गुरु जी, अशोक सिंह इस्माईलगंज, मनोज सिंह, रामनारायन त्रिवेदी, पवन पतौजा, अभिषेक त्रिपाठी, और कमलेश पांडे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

### घंटा-घड़ियाल के बीच गूंजे नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे

जिला संवाददाता



दुद्धी, सोनभद्र। धर्म एवं आस्था की नगरी दुद्धी नगर व क्षेत्र में शनिवार, 5 सितंबर को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि 12 बजे नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। घंटा-घड़ियाल और शंखध्वनि के बीच मंदिर परिसर ह्यनंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न, ह्यमदना गोपाल कीह्न जैसे जयकारों से गूंज उठे।

नगर पंचायत परिसर स्थित श्रीसंकट मोचन मंदिर, प्राचीन शिवाला, विष्णु मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, मां काली मंदिर, चैकी कस्बा थाना मंदिर, पंचदेव मंदिर, प्राचीन शिवाजी तालाब मंदिर, डिहवार बाबा मंदिर सहित विभिन्न ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मल्लदेवा स्थित डॉ.हर्षवर्धन प्रजापति के यहां भी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान नगर एवं क्षेत्र की भजन-कीर्तन मंडलियों के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। बड़ी देर भई नंदलाला, एक राधा, एक मीरा, दोनों ने श्याम को चाहा, अंतर क्या दोनों की चाह में, बोलो एक प्रेम दीवानी, एक दरस दीवानी सहित अन्य भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। जन्मोत्सव के बाद जमकर आतिशबाजी हुई और पटाखे फोड़े गए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देर रात तक मंदिरों में दर्शन-पूजन कर भगवान के समक्ष मत्था टेका।

जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों को रंग-बिरंगी आकर्षक झालरों एवं विद्युत सजावट से सजाया गया था। वहीं लड्डू गोपाल का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें मनमोहक परिधानों से सजाया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, युवतियों और बच्चों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी रही। कई बच्चे भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण कर सजे-धजे नजर आए और मंदिरों व सड़कों पर घूमते हुए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर चौधरी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दुद्धी विश्वनाथ प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय सिंह, महिला थाना प्रभारी संतु सरोज, उपनिरीक्षक श्याम जी यादव सहित महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी विभिन्न मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। पुलिस की सतर्कता और श्रद्धालुओं के सहयोग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ।

## विपिन सिंह बने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक फेरबदल के तहत वरिष्ठ एवं संघर्षशील नेता विपिन सिंह को भाजपा काशी क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आगामी 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया गया यह निर्णय रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस घोषणा के बाद से ही काशी क्षेत्र के सभी 16 जिलों के भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह की लहर है। यह नियुक्ति मिशन 2027 के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह उत्तर प्रदेश का काशी क्षेत्र राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील और निर्णायक माना जाता है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहराने के लिए संगठन को एक ऐसे अनुभवी चेहरा की आवश्यकता थी, जिसकी पकड़ बूथ स्तर तक हो। विपिन सिंह की छवि एक निष्ठावान, कर्मठ और सर्वसमावेशी नेता की रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि उनकी यह नियुक्ति 'मिशन 2027' के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मील का पत्थर साबित होगी। उनके सांगठनिक अनुभव और रणनीतिक कौशल का सीधा लाभ पार्टी को आगामी चुनावों में मिलेगा। विपिन सिंह का राजनीतिक जीवन सादगी, समर्पण और आम कार्यकर्ताओं के साथ सीधे जुड़ाव के लिए जाना जाता है। वे सदैव जमीनी स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर उनके मनोनयन से बूथ और मंडल स्तर के कार्यकताओं में एक नया विश्वास जगा है। कार्यकताओं का कहना है कि विपिन सिंह के रूप में उन्हें एक ऐसा सुलभ और सशक्त मार्गदर्शक मिला है, जो हर स्थिति में उनके साथ खड़ा रहता है। इस निर्णय से कैडर में नई ऊर्जा का संचार हुआ है, जो 2027 के चुनावी रण में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। ?काशी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 16 जिलों में विपिन सिंह का व्यापक जनसंपर्क रहा है। आगामी दिनों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और विपक्ष के नैरेटिव का करारा जवाब देने में उनकी भूमिका अहम रहेगी। वे क्षेत्र के हर जिले और विधानसभा स्तर पर कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर संगठन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में कार्य करेंगे। उनकी दूरदर्शी सोच से न केवल पारंपरिक वोट बैंक मजबूत होगा, बल्कि नए मतदाताओं और युवाओं को भी संगठन से जोड़ने में गति मिलेगी।

### 2027 में एतिहासिक विजय का संकल्प

काशी क्षेत्र में विपिन सिंह की नियुक्ति से यह स्पष्ट संदेश गया है कि पार्टी अपने समर्पित और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को हमेशा आगे बढ़ाती है। उनके नेतृत्व में काशी क्षेत्र का भाजपा कैडर एक बार फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के संकल्प के साथ मैदान में उतरने को तैयार है। समस्त क्षेत्रवासियों और पार्टी पदाधिकारियों ने विपिन सिंह को इस नए दायित्व के लिए अनंत बधाई दी है और विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में भाजपा काशी क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर ऐतिहासिक सफलता दर्ज करेगी।

## कृष्ण जन्माष्टमी की झांकी देखकर लौट रहे तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत

कन्नौज। जिले में जन्माष्टमी पर झांकी देखकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे तीन युवकों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसा शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में डुडवा बुजुर्ग चौराहे के पास हुआ। थाना प्रभारी अजय अवस्थी ने बताया कि बैंसन पुरवा गांव निवासी अनुराग (18), आशीष (17) और अमोलर ताल्ग्राम निवासी अमन उर्फ कृष्णा (18) जन्माष्टमी के अवसर पर गुरसहायगंज में झांकियां देखने गए थे। तीनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखवा दिया है और अज्ञात वाहन तथा उसके चालक का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों की मौत

कानपुर। कानपुर जिले के कल्याणपुर इलाके में एलपीजी सिलेंडर लदे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो दोस्तों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान मसवानपुर-रावतपुर निवासी सचिन वाल्मीकि (25) और उसके दोस्त सूरज (35) के रूप में हुई है। दोनों शुक्रवार रात करीब आठ बजे मोटरसाइकिल से पनकी की ओर जा रहे थे तभी एलपीजी सिलेंडर ले जा रहे ट्रक ने आगे निकलने के दौरान उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक के पहियों के नीचे आ गए। सहायक पुलिस आयुक्त (कल्याणपुर) दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक कथित तौर पर मौके से भाग गया, लेकिन स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने पनकी नहर के पास उसे रोक लिया। ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल और वाहन के पंजीकरण संबंधी विवरण के आधार पर मृतकों की पहचान की और उनके परिजनों को सूचना दी। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। सचिन के भाई नितिन ने बताया कि परिवार में सबसे छोटा सचिन एक निजी कंपनी में काम करता था और करीब तीन महीने पहले उसकी सोनी से शादी हुई थी। शुक्रवार शाम वह सूरज के साथ घर से यह कहकर निकला था कि दोनों पनकी जा रहे हैं। बाद में दोनों परिवारों ने ट्रक चालक के खिलाफ कल्याणपुर पुलिस को लिखित शिकायत दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## डीएम के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच टीम गठित, मौके पर पहुंचकर जांच शुरू

सोनभद्र। निजी अस्पतालों में उपचार के दौरान एक महिला एवं एक बच्ची की मृत्यु तथा परिजनों द्वारा उपचार में लापरवाही के लगाए गए आरोपों से संबंधित प्रकाशित समाचारों का जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संज्ञान लेते हुए दोनों प्रकरणों की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है। जांच टीम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को शामिल किया गया है। टीम को दोनों प्रकरणों की जांच कर दो दिवस के भीतर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं मुख्य चिकित्साधिकारी ने घोरावल स्थित नेशनल हॉस्पिटल, धर्मशाला रोड पहुंचकर बच्ची की मृत्यु से संबंधित प्रकरण की मौके पर जांच शुरू की। अधिकारियों द्वारा अस्पताल में उपलब्ध उपचार संबंधी अभिलेखों एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। आवश्यक अभिलेखों को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत रिकॉर्ड रूम को सील करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई। जांच के दौरान अस्पताल में उपस्थित संबंधित चिकित्सक का बयान दर्ज किया गया। उपचार से संबंधित अभिलेखों, दस्तावेजों एवं अन्य तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है। महिला की मृत्यु से संबंधित प्रकरण में भी उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखों के आधार पर जांच की कार्यवाही की जा रही है। दोनों प्रकरणों में जांच निष्पक्ष एवं तथ्यों के आधार पर की जा रही है। जांच कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित अवधि में स्पष्ट जांच आख्या जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

## श्रीकृष्ण-राधा के वेश में बच्चों ने मोहा मन

सोनभद्र। मानवीय चेतना के महानायक श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का यादगार पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी संपूर्ण मानवता के लिए आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। श्रीकृष्ण का जन्म केवल एक तिथि मात्र का स्मरण नहीं है। यह आंतरिक पांच महाविकारों और अज्ञानता की जंजीरों से स्वतंत्र होने का पर्व है। परमात्मा का अवतरण ही उस समय होता है जब अधिक अधर्म फैला हुआ होता है। इसी प्रकार मनुष्य का जीवन जब सबसे अधिक भय, अहंकार, सत्ता और समाज के डर से घिरा होता है तो जीवन में दिव्य चेतना के जन्म लेने की संभावना विद्यमान होती है। इसलिए जीवन की सभी परिस्थितियों में श्रीकृष्ण के समान समभाव होकर चलते रहना चाहिए। यही जन्माष्टमी का अध्यात्मिक संदेश है। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के विकास नगर स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र की मुख्य संचालीका बीके सुमन दीदी ने जनपद के विभिन्न भागों से आए हुए श्रद्धालुओं से कहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवन और समाज की परिस्थितियां हमारे लिए हमारी सकरात्मक मनोवृति के कारण प्रेरणा का माध्यम बन जाती है। ईश्वरीय ज्ञान और राजयोंग के अभ्यास से जीवन में सकारात्मक मनोवृति का निर्माण होता है। बीके दीपशिखा बहन नें श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य बताई। सभी का स्वागत नृत्य कु0साक्षी व कु0प्रियंसी ने किया। अनेक मनमोहक नृत्य नाटक नायरा, रिया, मोना, ज्योति, निक्की, कविता, जिया, आरती, ओम, देव, दीप, बैभव, हर्षित, पूनम, बच्चों के द्वारा इतना आकर्षक नृत्य नाटिका देखकर सभी का मन प्रफूल्लीत हो गया। लक्ष्मी के रूप मे-रिद्धि, नारायण-के भेष मे प्रीति ने अपना रूप धारण किया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे बीके सीता, बीके सरोज, बीके कविता, बीके दीपशिखा, डॉ अनुपमा सिंह, बीके हरीन्द्र भाई, डॉ0संजय सिंह, अवधेश भाई, राजीव भाई, बृजकिशोर भाई, रामप्रवेश भाई आदि का विशेष योगदान रहा।

संक्षेप

## फसल क्षति पर 72 घंटे में दर्ज करायें शिकायत

ललितपुर। जिले में लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए किसानों के हित में उप कृषि निदेशक के कार्यालय की ओर से महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। किसानों से अपील की गई है कि बारिश के कारण फसल को नुकसान होने की स्थिति में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत निर्धारित समयसीमा में क्षति की सूचना दर्ज कराएं, ताकि नियमानुसार बीमा लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। उप कृषि निदेशक की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिन किसानों की फसल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित हफसल को क्षति हुई है, वे अपनी फसल क्षति की शिकायत क्षति होने के 72 घंटे के अंदर दर्ज कराएं। इसके लिए भारत सरकार की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क कर फसल क्षति की सूचना दी जा सकती है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि शासन द्वारा ऋणी किसानों के फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 सितंबर 2026 कर दी गई है। ऐसे किसान जो अभी तक फसल बीमा नहीं करा सके हैं, वह निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अपनी फसल का बीमा अवश्य करा लें।

# शिक्षक ही समाज का इंजन है: सिद्धार्थ शर्मा



ललितपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि मनुष्य जीवन के प्रत्येक क्षण कुछ न कुछ सीखता और सिखाता है। इस अर्थ में हर व्यक्ति शिक्षक की भूमिका में है, लेकिन आचार्यों, संतों और महात्माओं ने ज्ञान एवं जीवन-दृष्टि का जो प्रसार किया, उसकी शक्ति सम्राटों, सेनापतियों और धनकुबेरों की शक्ति से अलग रही है। यही कारण है महत्वपूर्ण पथप्रदर्शक की भूमिका निभाता है। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि मनुष्य की शिक्षा यात्रा की पहली गुरु उसकी मां होती है। शिशु जब पहली बार संसार में आता है तो अपनी आवश्यकताओं को रोकर व्यक्त करता है। मां अपने वात्सल्य से उसे सीने से लगाती है, उसकी भूख शांत करती है और अनजाने में ही प्रेम, ममता और त्याग का पाठ पढ़ाती है। इसी कारण भारतीय संस्कृति में मां को प्रथम गुरु का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिशु शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा का आधार भी वात्सल्य और आत्मीयता है। शिक्षक केवल पुस्तकों का ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थी के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानता है, उसकी जिज्ञासा को दिशा देता है और उसके व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना या विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं है। उसका वास्तविक दायित्व ऐसी पीढ़ी तैयार करना है, जो ज्ञानवान होने के साथ-साथ जिम्मेदार, संवेदनशील और संस्कारवान नागरिक बने। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्रशासक, न्यायाधीश, साहित्यकार, कलाकार और राजनेता जैसे विभिन्न

**ज्ञान के साथ संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण की जिम्मेदारी भी निभाता है शिक्षक**

कि भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा आज भी प्रासंगिक और कालातीत बनी हुई है। आधुनिक शिक्षक दिवस को प्राचीन भारतीय गुरु पूर्णिमा की परंपरा का आधुनिक स्वरूप भी माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य मूलतरू कर्मशील और सृजनशील प्राणी है। प्रकृति से प्राप्त धरती, धूप, हवा, पानी, अग्नि और आकाश जैसी शक्तियों का उपयोग कर वह अपने आदर्शों के अनुरूप संसार को बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करता है। ज्ञान और विवेक के बल पर मनुष्य अपने परिवेश को बदलने तथा स्वयं को निरंतर विकसित करने की क्षमता रखता है। इसी विकास यात्रा में शिक्षक सबसे

क्षेत्रों में किसी न किसी शिक्षक के मार्गदर्शन की छाप दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति का आकलन केवल उसकी आर्थिक समृद्धि से नहीं किया जा सकता। यह भी देखना आवश्यक है कि उस समाज में शिक्षकों को कितना सम्मान प्राप्त है और वे नई पीढ़ी के निर्माण में कितनी प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। सिद्धार्थ शर्मा ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि चाणक्य ने चंद्रगुप्त जैसे शिष्य को तैयार कर इतिहास की दिशा बदल दी। गुरु द्रोणाचार्य, स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस और आधुनिक भारत के महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसी गौरवशाली परंपरा के महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन केवल देश के राष्ट्रपति ही नहीं, बल्कि महान दार्शनिक, शिक्षाविद और शिक्षक भी थे। उनके जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाना शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता ऐसे शिक्षकों की है, जो विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अच्छा इंसान, जिम्मेदार नागरिक और संवेदनशील समाज का निर्माता बनने के लिए प्रेरित करें। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति के भीतर विवेक, संवेदना और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि शिक्षक वास्तव में समाज का इंजन है। इंजन जितना सक्षम होगा, समाज की यात्रा उतनी ही तेज, संतुलित और सही दिशा में होगी। शिक्षक केवल वर्तमान पीढ़ी को शिक्षित नहीं करता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की नींव भी रखता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान केवल शिक्षक दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जिस समाज ने अपने शिक्षकों को सम्मान दिया है, उसने वास्तव में अपने भविष्य को सम्मान दिया है। शिक्षक के हाथों में केवल चॉक और किताब नहीं होती, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य की जिम्मेदारी होती है।

## आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि कल

ललितपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए राहत की खबर है। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने सत्र अगस्त-2026 में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब चयनित अभ्यर्थी 7 सितंबर 2026 की रात 12 बजे तक संबंधित राजकीय आईटीआई में अपना प्रवेश सुनिश्चित करा सकेंगे। इससे पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 4 सितंबर निर्धारित की गई थी। कार्यालय नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की ओर से जारी जानकारी के अनुसार जनपद के ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली और मड़ावरा स्थित राजकीय आईटीआई संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। प्रथम चयन सूची में चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर संबंधित संस्थान में पहुंचकर प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। अभ्यर्थी अपना व्यवसाय एवं संस्थान आवंटन पत्र राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को आवंटन/बुलावा पत्र, भरे हुए आवेदन पत्र की छायाप्रति, सभी मूल प्रमाणपत्र एवं उनकी प्रमाणित छायाप्रतियां साथ लानी होंगी।

## कार्यकर्ता क्षेत्रों में जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचायें: रामअचल



बाराबंकी। सफेदाबाद के ग्राम खसपरिया के मल्धेश्वर महादेव मंदिर पर राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष राम अचल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र महासचिव रमेश द्विवेदी का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में जन जन तक पहुंचाएं और पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य करें। बैठक में महासचिव परशुराम सिंह, कैलाश वर्मा, हनुमान शरण, राम, सुधीर सिंह, राम प्रताप, जमीलुर रहमान, मो0 कलीम, दिलीप वर्मा, संदीप सिंह, प्रेम नाथ अवस्थी, शत्रोहन यादव, महादेव रावत, राम समझ, गंगा राम, सुशील, भगवान दीन, लालकेश्वर, राम प्रवेश, गोपी, राजेंद्र, छोटे लाल तिवारी, नत्था राम, गुड्डू, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## रालोद कार्यकर्ताओं ने की सड़कों और जलभराव की समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग



बाराबंकी। राष्ट्रीय लोकदल मुख्य महासचिव दिलीप वर्मा ने लखपेड़ाबाग की खराब सड़को एवं जलभराव की समस्याओ को लेकर कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया। बैठक मे मुख्य महासचिव दिलीप वर्मा ने कहा कि पायनियर स्कूल रोड से महारानी लक्ष्मी बाई चैराहे तक सड़क जर्जर, गड्ढे हो जाने पर जगह जगह पानी भरने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तथा बिजली के खंभों पर लाइटें न होने की समस्याओ को लेकर जिलाधिकारी को कुछ दिन पूर्व ज्ञापन सौपा गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई। पदाधिकारियो ने समस्या का संज्ञान लेते हुये निस्तारण कराये जाने की मांग की है।

## मुआवजा और बीमा लाभ दिलाने की मांग

ललितपुर। पिछले तीन दिनों से हुई लगातार मूसलाधार बारिश से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में जलभराव और नदियों-नालों के उफान के चलते उड़द, मूंग, मूंगफली, मक्का, तिल और सोयाबीन की फसलें बर्बाद होने का दावा किया गया है। फसल नुकसान को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के पदाधिकारियों एवं किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा एवं फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की। भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की स्थिति बेहद खराब हो गई है।

संगठन की टीम ने बिरधा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में पहुंचकर फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। संगठन के अनुसार बिरधा ब्लॉक के लगभग हर गांव में बारिश और जलभराव से फसलें प्रभावित हुई हैं। किसानों का कहना है कि खेती ही उनकी आय का प्रमुख साधन है। बड़ी संख्या में किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लेकर खेती में पूंजी लगाई थी। अब फसलें नष्ट होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और बैंक ऋण चुकाने की चिंता भी बढ़ गई है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग की कि राजस्व विभाग की टीम और संबंधित फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से खेतों का जल्द सर्वे कराया जाए। नुकसान का वास्तविक आकलन कर पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा एवं फसल बीमा की राशि उपलब्ध कराई जाए।

भाकियू लोकशक्ति ने प्रशासन से बारिश से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने तथा फसल नुकसान की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# शिक्षक दिवस पर ललितपुर में 10 शिक्षक सम्मानित

ललितपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) जखौरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर से

**छात्रांकन बढ़ाने वाले शिक्षकों को मिला सम्मान**

आयोजित शिक्षक दिवस समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान जनपद के शिक्षक, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान तथा बीएसए रत्नेश कुमार उपस्थित रहे।

अतिथियों एवं शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम



के दौरान प्रदेश के 61 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बाद जनपद ललितपुर में आयोजित कार्यक्रम में गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष विद्यालयों में छात्रांकन बढ़ाने और बेहतर विद्यालय संचालन में योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मोहम्मद इसरार, प्राथमिक विद्यालय बुढ़वार, निधि पचौरी, प्राथमिक विद्यालय दंगा, अजय श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय बरखिरिया, मनीष जैन, प्राथमिक विद्यालय पंचमपुर, सुनील कौशिक, प्राथमिक विद्यालय रायपुर, मनोरमा साहू, प्राथमिक विद्यालय सिलावन, गजेंद्र सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय नत्थीखेड़ा, अशोक कुमार, कंपोजिट विद्यालय बालाबेहट; प्रमोद राय, कंपोजिट विद्यालय सोजना; तथा रविशंकर झा, उच्च प्राथमिक विद्यालय हसरा शामिल रहे। इसके अलावा गरिमा जैन, उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलहरी को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाना केवल आंकड़ों तक सीमित उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ाने और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। शिक्षकों से इसी तरह नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और बेहतर विद्यालय संचालन के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बीएसए रत्नेश कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों सहित सभी शिक्षकों को इसी प्रकार मेहनत करते हुए छात्र संख्या बढ़ाने, विद्यालयों का बेहतर संचालन करने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम का संचालन एआरपी इंदर सिंह पटेल ने किया। आयोजन में सिंघई विकास जैन, मनोज विश्वकर्मा, दिलीप सेन, अभिषेक राजपूत, विकास राजपूत, अनिल पंथ, मनीष जैन, मोहम्मद अंसार, मोहम्मद साजन आदि है।

## श्रम विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर श्रमिकों को दी योजनाओं की जानकारी



बाराबंकी। सहायक श्रमायुक्त के निर्देश पर जनपद के नाका सतरिख लेबर अड्डे पर श्रमिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन लाल व योगेश दीक्षित ने श्रमिको को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं सहित श्रमिक पंजीयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तथा ही डिजिटल लेबर चैक ऐप पर रजिस्ट्रेशन से होने वाले लाभों से अवगत कराया।

# बीईओ ने किया शिक्षक दिवस पर 48 शिक्षकों शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सम्मानित





बंकी, बाराबंकी। शिक्षक दिवस पर विकासखंड बंकी में विद्यालयों में नवाचारी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 48 शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करते हुए, उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा शिक्षिका आशा यादव सहित 48 शिक्षको को विभिन्न विद्यालयों में शैक्षिक नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, खेलकूद एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी श्री यादव ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा व्यक्ति अपने जीवन को नई-नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण करने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, वेदप्रकाश श्रीवास्तव, सूरज यादव, राजेंद्र सिंह, अमित कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

ललितपुर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री मनोहरलाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विधि-विधान से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव



**भजन-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां**

**राज्यमंत्री मनोहरलाल ने किया दीप प्रज्ज्वलित, नपाध्यक्ष सोनाली जैन रहीं विशिष्ट अतिथि**

**एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने सपरिवार लिया जन्मोत्सव में हिस्सा**

के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रस्तुतियों से पूरा पुलिस लाइन परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने सपरिवार रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मंदिर पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के भजन-कीर्तन में सहभागिता की। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर जन्माष्टमी महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। एसपी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों सहित जनपदवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर पुलिस परिवारों में खासा उत्साह नजर आया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं भक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण पूरी तरह कृष्णमय हो गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने भी भगवान श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके संदेश को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

देर तक चले धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में पुलिस परिवारों और उपस्थित श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

## आरटीओ लखनऊ अरुण कुमार ने अचानक मारा- आरटीओ कार्यालय में छापा



बाराबंकी। अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज शनिवार को उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय का सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अरुण कुमार वार्ष्णेय ने अचानक छापा मारा। इस दौरान आरटीओ श्री वार्ष्णेय ने विभिन्न पटलो पर पहुंच कार्यप्रणाली की समीक्षा कर आम नागरिकों को दी जा रही सेवाओं और लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुये सारथी और वाहन पोर्टल पर लंबित आवेदनों, हाजिरी रजिस्टर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन, परमिट सहित रिकॉर्ड रूम के अभिलेखों की गहनता से जांच की। तथा समस्त कर्मचारियों को आईडी कार्ड अनिवार्य रुप से लगाने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, मोटर यान निरीक्षक बलवन्त सिंह यादव सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील सिरौलीगौसपुर में डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



बाराबंकी। जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने को लेकर तहसील सिरौलीगौसपुर में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक एवं स्थायी राहत मिलनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे तहसील नवाबगंज में 151 प्रार्थना मे 15, तहसील रामसनेहीघाट मे 99 मे 14, तहसील सिरौलीगौसपुर मे 98 मे 12, तहसील रामनगर मे 89 मे 5, तहसील फतेहपुर मे 32 मे 6, तहसील हैदरगढ़ मे 53 मे 2 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एएसपी, उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज सहित समस्त सम्बन्धित जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# टीआरसी लॉ कॉलेज में शिक्षक दिवस पर हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



जिला संवाददाता

सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में महान शिक्षाविद, दार्शनिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती शिक्षक दिवस पर विचार

**शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते: डॉ. सुजीत चतुर्वेदी**

गोष्ठी का शुभारम्भ कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष डॉ0 सुजीत चतुर्वेदी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह सुधीर कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती और डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर शिक्षकों के मध्य विभिन्न मनोरंजक खेल एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग कर कविता, गीत, कैंडल गेम, चिट एण्ड बाउल, पीनट गेम, सिटी नेम, जी0के राउण्ड, पहेली में प्रस्तुति दी। इस मौके पर शासी निकाय अध्यक्ष डॉ0 चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थी के व्यक्तित्व और भविष्य को नई दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता, डॉ0 अविनाश मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी, डॉ0 दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ0 मंजय यादव, डॉ0 नवीन कुमार सिंह, डॉ0 अमजद अंसारी, डॉ0 वीर विक्रम सिंह, डॉ0 इन्द्र दमन तिवारी, डॉ0 प्रमोद पाण्डेय, डॉ0 रत्ना वर्मा, गोपाल पाण्डेय मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण

बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय महमूदाबाद सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षिक, आवासीय एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने बालिकाओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं तथा किसी प्रकार की समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर हँसता बचपन, खिलता जीवनह अभियान के तहत विद्यालय में चिन्हित 15 बालिकाओं को टेस्टेड चश्मे भी प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं एसपी ने बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन किया। तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराये



जाने की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने तथा स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कक्षा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली पांच पासआउट बालिकाओं तनु, लक्ष्मी, संध्या, लक्ष्मी प्रथम एवं संध्या प्रथम को जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संवाद के दौरान बालिकाओं ने उच्चीकृत एकेडमिक भवन तक आने-जाने वाले मार्ग पर इंटरलॉकिंग कार्य कराये जाने तथा बरसात के दौरान विद्यालय परिसर एवं आसपास जलभराव की समस्या से अवगत कराया। बालिकाओं की मांग को गंभीरता से लेते हुए, जिलाधिकारी ने तत्काल ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को एकेडमिक भवन तक इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी मो0 आफताब आलम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी, वार्डेन ज्योति स्वरूप, शिक्षिकाएं नीलम, सुषमा रानी आदि मौजूद रहे।

## जल बिहार महोत्सव को भव्य बनाने को लेकर आज होगी आमसभा

ललितपुर। श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं. ब्रजेश चतुर्वेदी एवं प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि जल बिहार (डोल ग्यारस) महोत्सव को लेकर रविवार, 6 सितंबर को एक आमसभा आयोजित की जाएगी। आमसभा का आयोजन श्रीरघुनाथ जी बड़ा मंदिर, चैबेयाना पर दोपहर 1.30 बजे से किया जाएगा। बैठक में नगर के समस्त देवालयों के प्रबंधकों एवं पुजारियों के साथ-साथ नगर के नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक का उद्देश्य आगामी जल बिहार उत्सव की तैयारियों पर विचार-विमर्श करना तथा आयोजन को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए सभी से सुझाव प्राप्त करना है। बैठक में उत्सव की व्यवस्थाओं, आयोजन की रूपरेखा तथा अन्य आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय कानून को कायम रखने की आवश्यकता

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को यहां ब्रिक्स प्रधान न्यायाधीश फोरम (ब्रिक्स-सीजेएफ) में स्वस्थ असहमति और विचार-विमर्श की संस्कृति के महत्व पर जोर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस फोरम में ब्रिक्स के सदस्य और साझेदार देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों तथा प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय की समयबद्ध और पूर्वानुमेय व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।

इस अवसर पर ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और समूह के अन्य सदस्य एवं साझेदार देशों के न्यायिक अधिकारियों ने भी संबोधित किया। ब्राजील के सर्वोच्च संघीय न्यायालय के अध्यक्ष लुइज एडसन फाचिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया। रूस के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश इगोर क्रास्नोव, चीन के प्रधान न्यायाधीश और सर्वोच्च जन न्यायालय के अध्यक्ष झांग जुन, मिस्र के सर्वोच्च संवैधानिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बौलोस गहमी इस्कंदर बौलोस और इंडोनेशिया के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुनार्तो ने भी अपने विचार रखे। अन्य वक्ताओं में संयुक्त अरब अमीरात के संघीय सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष मोहम्मद हमद अल बादी अल धाहेरी, बेलारूस के सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष आंद्रेई श्वेद, कजाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष



असलाम्बेक मर्गालियेव, दक्षिण अफ्रीका की सर्वोच्च अपील अदालत अध्यक्ष महुबे बेट्टी मोलेमेला, ईरान के प्रधान न्यायाधीश अयातुल्ला गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई और उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय की उपाध्यक्ष मलिकाखोन कलंदरावा शामिल थीं। ब्राजील के सर्वोच्च संघीय न्यायालय के अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने वैश्विक अस्थिरता और बदलाव के मौजूदा दौर में अंतरराष्ट्रीय कानून के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में कानून के शासन को कायम रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। चीन के प्रधान न्यायाधीश ने न्यायिक सहयोग को ब्रिक्स सदस्य देशों के लिए महत्वपूर्ण योगदान बताया और सदस्य एवं साझेदार देशों के बीच एकजुटता एवं सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने मौजूदा औद्योगिक बदलाव के दौर में नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता और न्याय को बढ़ावा देने में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने न्यायिक कार्यप्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की बढ़ती भूमिका का भी उल्लेख किया और सीमापार वाणिज्यिक विवादों के समाधान में न्यायपालिका की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। चीन के प्रधान न्यायाधीश ने कानूनी प्रणालियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और विश्व न्यायिक सभ्यता के निर्माण में योगदान देने का भी आह्वान किया। मिस्र के सर्वोच्च संवैधानिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने एक स्वतंत्र और निष्पक्ष कानूनी व्यवस्था तथा वैश्विक स्तर पर साझा आवाज की जरूरत पर बात की। वहीं, इथियोपिया के संघीय सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्ष ने वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र पर ध्यान केंद्रित किया और कानून के शासन तथा आर्थिक विकास के बीच संबंध पर चर्चा की।

# जलवायु परिवर्तन पर नेपाल की चिंताओं को संयुक्त राष्ट्र में उठाएंगे पीएम बालेंद्र

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे और संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह संभवतः जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाएंगे और विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मुआवजे की मांग करेंगे। नेपाल-तिब्बत सीमा के पास 26 अगस्त को चट्टानों के खिसकने और हिमस्खलन के कारण अचानक आई बाढ़ ने उत्तरी और मध्य नेपाल के शहरों एवं गांवों में भारी तबाही मचाई थी। इसमें 1,300 से अधिक लोगों की मौत हुई तथा करीब 4,900 लोग अब भी लापता हैं। संयुक्त राष्ट्र के आधिकारिक वक्ताओं के कार्यक्रम के अनुसार, प्रधानमंत्री शाह 24 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र को संबोधित करेंगे। यह 27 मार्च को पदभार संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा में नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। महासभा में नेपाल का पक्ष तय करने के लिए विभिन्न स्तरों पर चर्चा



और विचार-विमर्श जारी है। अधिकारियों के अनुसार, विदेश मंत्रालय इस यात्रा की तैयारियों में जुटा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों को लेकर नेपाल और विदेशों के विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की है। ऐसी संभावना है कि नेपाल संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाएगा और इससे हुए नुकसान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मुआवजे की मांग करेगा। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल भी इस उच्चस्तरीय यात्रा पर शाह के साथ जाएंगे। खनाल ने कुछ दिन पहले नेपाल स्थित विभिन्न देशों के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधियों के साथ क्लाइमेट जस्टिस (जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान और उससे निपटने की जिम्मेदारी को लेकर न्यायसंगत व्यवस्था) के मुद्दे पर व्यापक चर्चा की थी। नेपाल इस मुद्दे को वैश्विक मंच पर उठाने की योजना बना रहा है। सरकार आपदा से हुए जान-माल के नुकसान का आकलन कर रही है। वित्त मंत्रालय और विदेश मंत्रालय संयुक्त रूप से एक रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

## संक्षेप

### टाटा उत्तराधिकार की दौड़ में नरेंद्रन, अग्रवाल व आशीष चौहान शामिल

नयी दिल्ली। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के उत्तराधिकारी की तलाश तेज कर दी है और इसके लिए तीन प्रमुख कॉरपोरेट दिग्गजों -टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) टी वी नरेंद्रन, टाटा संस के कार्यकारी निदेशक एवं समूह सीएफओ सौरभ अग्रवाल, और एनएसई के एमडी एवं सीईओ आशीष चौहान के नाम उभरकर सामने आए हैं। मामले से परिचित लोगों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, जहां आंतरिक उम्मीदवारों में नरेंद्रन सबसे आगे चल रहे हैं, वहीं अग्रवाल भी अपने निवेश बैंकिंग और पूंजी आवंटन अनुभव के साथ दौड़ में बने हुए हैं। दूसरी ओर, भारत के पूंजी बाजारों के दिग्गज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के संस्थापक अधिकारियों में से एक चौहान इस दौड़ में अप्रत्याशित दावेदार साबित हो सकते हैं। चयन प्रक्रिया अभी जारी है और कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

### आई-ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे 500 से अधिक निवेशक

नयी दिल्ली। आई-ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 में 500 से अधिक संस्थागत निवेशक, पेंशन निधियां और पारिवारिक संपत्ति प्रबंधन संस्थाएं शामिल होंगी। इन निवेशकों के पास कुल 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की संपत्ति प्रबंधन के तहत है। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में 12 और 13 सितंबर को दो दिवसीय 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसका मकसद ब्रिक्स के 21 सदस्य एवं साझेदार देशों में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा तथा डिजिटल क्षमता से जुड़ी बैंक योग्य परियोजनाओं के लिए संप्रभु पूंजी और निवेशकों के बीच संपर्क स्थापित करना है। सॉवरेन वेल्थ फंड इंस्टीट्यूट ने एक बयान में कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं बदलती व्यापार परिस्थितियों, अमेरिका की शुल्क नीतियों और डॉलर में लेनदेन की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों के बीच अपनी रणनीतियों को बदल रही हैं।

### बिहार : गंगा ने पार किया उच्चतम बाढ़ 10 लाख प्रभावित

पटना। बिहार में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य के 11 जिलों में करीब 10.26 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, वहीं भारी बारिश के बीच शनिवार सुबह पटना के गांधी घाट पर गंगा नदी का जलस्तर 10 सेंटीमीटर बढ़कर उच्चतम बाढ़ स्तर को पार कर गया। आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंत्रियों और अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में रहकर राहत कार्यों की निगरानी करने को कहा गया है, क्योंकि गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

# विहिप ने महाराष्ट्र में गरबा और डांडिया में मुसलमानों की भागीदारी पर रोक लगाई

एजेंसी

मुंबई। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में मुसलमानों के शामिल होने पर रोक लगाने का फैसला किया है। साथ ही, आयोजकों के लिए प्रतिभागियों की हिंदू पहचान की पुष्टि करने के लिए 'दिशानिर्देश' भी तय किए हैं। इन उपायों में कार्यक्रम में आने वालों के आधार कार्ड की जांच करना और उनके माथे पर तिलक लगाना शामिल है। नवरात्रि उत्सव 11 अक्टूबर से शुरू होगा। विहिप के प्रवक्ता और संयुक्त सचिव श्रीराज नायर ने कहा कि संगठन ने गरबा और डांडिया कार्यक्रमों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भागीदारी रोकने का निर्णय लिया है। नायर ने कहा, हमने नवरात्रि उत्सव के दौरान गरबा-डांडिया नृत्य में मुसलमानों को भाग लेने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, नवरात्रि केवल गीत और नृत्य का त्योहार नहीं है, बल्कि यह देवी की पूजा का पर्व है। जो मुसलमान मूर्ति पूजा के खिलाफ हैं, उन्हें इस उत्सव में क्यों शामिल होना चाहिए? विहिप ने आयोजकों के लिए जारी दिशा-निर्देशों में कार्यक्रम में आने वाले लोगों के आधार कार्ड की जांच करने और उनके माथे पर तिलक लगाने जैसे कदमों का उल्लेख किया है, ताकि उनकी हिंदू पहचान सुनिश्चित की जा सके। नायर ने कहा कि इन प्रतिबंधों का मतलब यह नहीं है कि विहिप किसी खास समुदाय के खिलाफ है। उन्होंने इन्हें एहतियाती कदम बताया, जिनका मकसद हिंदू त्योहारों की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, विहिप धर्मांतरण और गो-हत्या रोकने के अपने मुख्य एजेंडे पर कोई समझौता करने को तैयार नहीं है, उसका मानना है कि त्योहार हिंदुओं की सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा हैं

## दही हांडी उत्सव के दौरान महिला की मौत, मुंबई में कई गोविंदा घायल

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे में दही हांडी उत्सव के दौरान लोहे के ढांचे का एक हिस्सा गिरने से 45-वर्षीय एक महिला की मौत हो गई, जबकि मुंबई में कम से कम 32 गोविंदा घायल हो गए। ठाणे जिले में भी उत्सव के दौरान 10 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ उपनगर के ओल्ड सांगवी इलाके की रहने वाली सलमा सलउद्दीन पठान की मौत शुक्रवार रात दही-हंडी कार्यक्रम के लिए लाउडस्पीकरों को सहारा देने के लिए बनाये गये लोहे के एक अस्थायी ढांचे के गिरने से हो गयी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात उस समय हुई।

# मेघालयः उपराष्ट्रपति सात सितंबर को 1,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

एजेंसी

शिलांग। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सात सितंबर को मेघालय का दौरा करेंगे और इस दौरान 1,010.95 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं से राज्य में जल आपूर्ति, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं एवं बिजली ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति शिलांग में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह



में भी शामिल होंगे और राज्य की तीन प्रमुख जनजातियां सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगी। अधिकारियों के अनुसार, उपराष्ट्रपति जिन पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनमें उमंगोट नदी पर 110 मीटर लंबे पुल का निर्माण, न्यू शिलांग जल आपूर्ति योजना का दूसरा चरण और 30 बिस्तरों वाले आयुष अस्पताल का निर्माण शामिल है। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी परियोजना 850.58 करोड़ रुपये की न्यू शिलांग जल आपूर्ति योजना का दूसरा चरण है और इसके तहत न्यू शिलांग शहर और आसपास के 32 गांवों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, योजना के पूरा होने पर 4.34 लाख लोगों और करीब 86,900 घरों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा, इसमें मेघालय की पहली शहर-स्तरीय स्मार्ट मीटरिंग और पानी की खपत के आधार पर बिलिंग व्यवस्था शुरू की जाएगी।

# हाइपरवॉल्ट हैदराबाद में 70,000 करोड़ तक करेगी निवेश

नयी दिल्ली। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की अनुषंगी कंपनी हाइपरवॉल्ट ने हैदराबाद में बड़े स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) डेटा सेंटर परिसर विकसित करने के लिए 264 एकड़ जमीन हासिल की है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना में कुल 70,000 करोड़ रुपये तक का निवेश किया जाएगा। हाइपरवॉल्ट ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस उद्देश्य के लिए तैयार किए जा रहे परिसर की क्षमता एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक होगी। उसने कहा, कंपनी ने हैदराबाद में एक गीगावाट तक क्षमता वाला बड़े स्तर का एआई डेटा सेंटर परिसर विकसित करने के लिए 264 एकड़ जमीन हासिल की है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना से क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई हजार रोजगार पैदा होंगे। हाइपरवॉल्ट और उसके साझेदार इस बुनियादी ढांचे के निर्माण और प्रबंधन में 70,000 करोड़ रुपये तक निवेश करेंगे। परियोजना को ग्राहकों की मांग और प्रौद्योगिकी संबंधी जरूरतों के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस परियोजना को राज्य और देश के लिए ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा, यह दर्शाता है कि हैदराबाद अब बुनियादी ढांचे पर मजबूत ध्यान के साथ वैश्विक एआई क्रांति में सबसे आगे है। यह दशक एआई का है।

# मेट्रो रेल नेटवर्क मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ देगा भारत : मनोहर

एजेंसी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को कहा कि भारतीय शहरों में मेट्रो रेल सेवा का तेजी से विस्तार हो रहा है और देश अब इसके नेटवर्क की लंबाई के मामले में अमेरिका से महज 216 किलोमीटर पीछे है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत अगले दो वर्षों में अमेरिका को पीछे छोड़कर चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश बन जाएगा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने इंदौर में मेट्रो रेल की 2,850 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विस्तारित सेवा का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने उद्घाटन समारोह में कहा, चीन में फिलहाल करीब 8,000 किलोमीटर लम्बी मेट्रो रेल लाइन है, जबकि अमेरिका में 1,386 किलोमीटर का मेट्रो रेल नेटवर्क है।

भारत में इंदौर की विस्तारित लाइन को मिलाकर मेट्रो रेल नेटवर्क 1,170 किलोमीटर हो गया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आने वाले दो वर्षों में हम अमेरिका को पीछे छोड़ देंगे और (चीन के बाद) दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क वाला देश बन जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, उस समय पांच शहरों में सिर्फ 245 किलोमीटर लंबी लाइन पर मेट्रो रेल का संचालन हो रहा था, जबकि अब 26 शहरों में मेट्रो चल रही है और इसके नेटवर्क की कुल लंबाई 1,170 किलोमीटर हो गई है। मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो रेल केवल यातायात का साधन नहीं है, बल्कि यह सेवा लोगों के लिए ईज ऑफ लिविंग बढ़ाने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेल का विस्तार 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य से भी जुड़ा हुआ है। समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मेट्रो रेल सेवा इंदौर में विकास का नया अध्याय लिख रही है और इसे उज्जैन तथा अन्य नजदीकी क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा।

# एथर एनर्जी लिमिटेड ने लॉन्च किया कोणार्क के

लखनऊ। एथर एनर्जी ने आज लखनऊ में अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर, कोणार्क के लॉन्च की घोषणा की। यह उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक स्कूटर को मेनस्ट्रीम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोणार्क को एथर के नए ईएल प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है, जो रोजमर्रा की राईड, कम्फर्ट, रेंज, ड्यूरेबिलिटी और ईज



ऑफ ओनरशिप का रिफाईंड अनुभव प्रदान करेगा।सौरभ शर्मा, हेड ऑफ मार्केटिंग, एथर एनर्जी ने कहा कि कोणार्क एस और जैड प्रोडक्ट लाईंस के साथ छः वैरिएंट्स में उपलब्ध है, जो 200 किलोमीटर तक की आईडीसी रेंज प्रदान करते हैं। इस स्कूटर में एथर की टेक्नोलॉजी के साथ रोजमर्रा की राइडिंग को बेहतर बनाने वाले फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकिंग सिस्टम, मैजिक की, ऑटोपॉप और एयरवॉक शामिल हैं। उत्तर प्रदेश एथर के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

## पेज एक का शेष

### सच की हुंकार

कि इस संस्थान ने अपनी अलग पहचान बनाई है और कारोबार, सार्वजनिक जीवन तथा समाज में नेतृत्व करने वाली पीढ़ियों को तैयार किया है। मोदी कॉलेज के शताब्दी समारोह में शामिल होने के लिए परिसर पहुंचे। वह मेट्रो से कॉलेज पहुंचे और इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस कॉलेज ने बरसों से अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यह शैक्षणिक उत्कृष्टता, संस्थान-निर्माण और कारोबार, सार्वजनिक जीवन तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की नयी पीढ़ियों को तैयार करने के लिए जाना जाता है।

### शिक्षा में

में आए सकारात्मक परिवर्तन की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बेसिक और माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था में सुदृढ़ता लाने का काम वर्ष 2017 से पहले भी हो सकता था। पर, तत्कालीन सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने तंज कसा, ह्यजितना पैसा आप सैफई महोत्सव में खर्च करते थे, उसी में थोड़ा सा पैसा शिक्षा की तरफ डाइवर्ट करते तो लाखों बच्चों का भविष्य बन चुका होता। जितने पैसे में बकिंघम की बग्गी मंगा कर अपना जन्मदिन मनाते थे, उतना पैसा शिक्षा पर खर्च करते, तो बच्चों का भविष्य बनता, पहचान का संकट नहीं आता। मुख्यमंत्री ने शिक्षा पर राजनीति करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि चुनावी घोषणा अलग बात है, लेकिन स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी बनाना कठिन होता है, यह आज प्रदेश में दिखाई दे रहा है। बयान देना आसान है, लेकिन 1.60 करोड़ बच्चों के अकाउंट में डीबीटी से पैसा पहुंचाना कठिन है और यह हुआ है। संस्कृत की छठी क्लास से लेकर आचार्य तक, बच्चों को स्कॉलरशिप के साथ जोड़ना कठिन था, लेकिन सरकार ने वह भी किया। प्रोजेक्ट अलंकार, ऑपरेशन कायाकल्प से बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में परिवर्तन कठिन था, पर इसे भी किया गया। टिप्पणी करना बहुत आसान है, लेकिन करके दिखाना मुश्किल। सीएम योगी ने यूपी को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य के जर्जर विद्यालय भवन का वीडियो झांसी का बताकर चलाया गया। यूपी के शिक्षा जगत को अपमानित करने का प्रयास करने वालों को स्मार्ट क्लास, ऑपरेशन कायाकल्प जैसे व्यापक परिवर्तन दिखाई नहीं देते। लेकिन, हमारी प्रतिस्पर्धा चुनावी घोषणाबाजों से नहीं, समय से है। जिस बच्चे को आप पढ़ा रहे हैं, अगर उसमें चूक हो गई तो उसका बचपन दोबारा नहीं आने वाला। इसलिए सही समय पर सही दिशा में सही निर्णय लेने की आदत होनी चाहिए। शिक्षा के प्रति विश्वास को बनाए रखना सरकार और शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बदलती टेक्नोलॉजी पर हम मौन नहीं रह सकते। हमें एआई, रोबोटिक्स व ड्रोन टेक्नोलॉजी के अनुरूप खुद को तैयार करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों को प्रदेश में चार बार शासन करने का अवसर मिला और जिस कांग्रेस को लगभग छह दशक तक यूपी में शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ था, वे दोनों प्रदेश की बदलती व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। पुराने जर्जर भवन दरअसल उन्हीं के स्मारक थे, जिन्हें हम रिप्लेस कर चुके हैं, वे शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। डबल इंजन की सरकार शिक्षा व्यवस्था को एक्सक्लूसिव, अधिक संसाधनपूर्ण तथा पारदर्शी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कोई ऐसा शिक्षक नहीं होगा, जिसने नौ वर्ष पहले और आज के उत्तर प्रदेश का परिवर्तन नहीं देखा हो। 2017 से पहले उपद्रव, कर्फ्यू, दंगे व अराजकता के माहौल में स्कूल-कॉलेजों के चलने की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। अब कहीं कोई संकट नहीं। कोई उत्सव से पहले उपद्रव नहीं कर सकता। कल जन्माष्टमी थी। सभी 1586 थानों में, देव मंदिरों में, 75 जनपदों की पुलिस लाइन में, सभी जेलों में, हर मोहल्ले-गांव में इसके आयोजन हुए, लेकिन कहीं कर्फ्यू या दंगे का नाम भी नहीं सुना होगा।

### सीएम योगी

राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के 45 जिले बाढ़ से प्रभावित होते थे और दर्जनों जनपदों में मस्तिष्क ज्वर से बच्चे कालकवलित होते थे। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा, इतनी राहत सामग्री पहले नहीं मिलती थी। तब एक सूखी ब्रेड मिलती थी और हम देते हैं 50 किलो की किट, जिसमें 26 प्रकार के सामान होते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की डूबी फसलों का सर्वे किया जा रहा है। उन्हें भी मुआवजा देने के आदेश कर दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि उस समय न बच्चों के लिए दूध था, न गर्म भोजन, न राशन और न डिग्निटी किट। यही सामग्री या यही पैसा 2017 के पहले ये सपाई सब खा जाते थे। गरीब का हक खाकर डकार जाते थे। जब अच्छी सरकार आती है, अच्छी स्कीम लेकर आती है, लूट-खसोट पर रोक लगाती है और गरीब को उसका हक उपलब्ध करवाती है।

### मुख्यमंत्री योगी

भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने निर्धारित कार्यक्रम में बदलाव करते हुए शेष 71 शिक्षकों को भी मंच पर बुलाया और स्वयं उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री की इस पहल से प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे शिक्षक बेहद प्रसन्न और भावुक नजर आए।

सम्मानित शिक्षकों को मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार राशि के रूप में 25 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। महिला शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी और पुरुष शिक्षकों को बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। समारोह के बाद सभी पुरस्कृत शिक्षकों को मां सरस्वती की प्रतिमा भी भेंट की गई।

राज्य स्तरीय अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में आजीवन प्रतिवर्ष 4,000 किलोमीटर तक निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उनकी सेवानिवृत्ति की आयु सीमा में भी दो वर्ष की वृद्धि की जाएगी।

### एके-203 राइफल

अंतर-सरकारी समझौते के तहत भारतीय सशस्त्र बलों के लिए एके-203 राइफल के निर्माण के मकसद से 2019 में की गई थी। इसका विनिर्माण संयंत्र उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के कोरवा में स्थित है। इस संयुक्त उद्यम में भारतीय शेयरधारक - एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड और म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड हैं, जबकि रूस के शेयरधारक कंसर्न कलाश्निकोव और रोसोबोरोन एक्सपोर्ट हैं। रक्षा मंत्रालय ने आईआरआरपीएल को एके-203 राइफल के स्वदेशी उत्पादन के लिए जिम्मेदार संयुक्त उद्यम के रूप में चुना है। सरकार ने दिसंबर 2021 में कंपनी के साथ 6,01,427 एके-203 राइफल के निर्माण के लिए अनुबंध किया था। इन राइफल का निर्माण कोरवा स्थित संयंत्र में किया जाना है। अदाणी डिफेंस ने भारत में छोटे गोला-बारूद के निर्माण की क्षमता विकसित की है। कंपनी का कानपुर में भी एक उत्पादन संयंत्र है।

### झीरम घाटी

कि बचाव पक्ष ने अपना पक्ष मजबूती से रखा और उम्मीद है कि आरोपियों को उच्च न्यायालय से न्याय मिलेगा। चौधरी ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार 11 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई शुरू हुई थी, जिनमें से एक की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। दोषी ठहराए गए कोसा कवासी के भाई गुड्डू कवासी ने दावा किया कि उनके भाई और मुक्का मंडावी को इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

उन्होंने दावा किया कि जब हमला हुआ, तब कोसा कवासी परिवार में एक शादी समारोह की तैयारी में लगे थे, जबकि मंडावी भी गांव में शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। गुड्डू ने कहा वे हमले के समय वहां मौजूद नहीं थे। जो लोग इसमें शामिल थे, उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया और आजादी से रह रहे हैं, जबकि जो लोग शामिल नहीं थे, वे सजा भुगत रहे हैं। परिवार के लोग टूट चुके हैं। यह हमला 25 मई 2013 को हुआ था, जब माओवादियों ने बस्तर जिले के दरभा पुलिस थाना इलाके के अंतर्गत झीरम घाटी में एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांग्रेस कौ परिवर्तन यात्रौ पर घात लगाकर हमला किया था।

### रूस ने 72

दोनों अमेरिकी दूत रविवार को यूक्रेन की राजधानी का दौरा करेंगे। अमेरिकी दूतों की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों पक्षों ने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। क्रेमलिन द्वारा पड़ोसी देश यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू किए जाने के करीब साढ़े चार साल बाद भी संघर्ष जारी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिकी दूतों की यात्रा के दौरान यूक्रेन हवाई हमले रोक देगा और मॉस्को से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया था।

### युवा प्रतिभा

एक-दूसरे की संस्कृति और परंपराओं को करीब से जान पाते हैं। आपसी संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान से राज्यों के बीच संबंध मजबूत होते हैं और युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना और गहरी होती है। उन्होंने मैरी कॉम, मीराबाई चानू, लवलीना बोरगोहेन, बाइचुंग भूटिया और भारत रत्न भूपेन हजारिका जैसी हस्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। उचित मंच और अवसर मिलने पर पूर्वोत्तर का युवा विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ा सकता है।

### ताइवान की

के साथ भी निवेश, संयुक्त उपक्रम और दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर बातचीत हुई। आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए राज्य के औद्योगिक बुनियादी ढांचे, प्रगतिशील प्रोत्साहन नीतियों, कुशल कार्यबल और मजबूत टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम विकसित करने की योजनाओं की जानकारी दी। ताइवानी कंपनियों को सेंसर मॉड्यूल, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, एप्लीकेशन इंजीनियरिंग, परीक्षण और सप्लाई चेन के व्यापक स्थानीयकरण में निवेश के अवसरों से अवगत कराया गया। योगी सरकार राज्य की रणनीति को आईएसएम 2.0, ईसीएमएस और एमपीएमएस जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 और उत्तर प्रदेश एफडीआई नीति-2023 के अनुरूप आगे बढ़ा रही है। इन्वेस्ट यूपी, यीडा तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग निवेशकों को औद्योगिक बुनियादी ढांचे, नीतिगत प्रोत्साहनों और सरल अनुमोदन प्रक्रियाओं के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। निवेशकों के सामने उत्तर प्रदेश के बड़े लैंड बैंक, एनसीआर से निकटता, कुशल कार्यबल, मजबूत आपूर्तिकर्ता आधार और तेजी से विस्तार कर रहे इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम को प्रमुख निवेश लाभ के रूप में प्रस्तुत किया गया। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर और उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्र में देश के प्रमुख निवेश केंद्रों में स्थापित करना है।

## यूपी समेत चार राज्यों में जनगणना एक दिसम्बर से

नयी दिल्ली। भारत के महापंजीयक ने शनिवार को कहा कि जनगणना 2027 के लिए गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में जनसंख्या की गणना एक दिसंबर, 2026 से चार जनवरी, 2027 तक की जायेगी। अगले साल की शुरुआत में जिन राज्यों में चुनाव होने की संभावना है, वहां जनगणना की यह प्रक्रिया पहले शुरू की जा रही है। भारत के महापंजीयक (आरजीआई) एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने राजपत्र अधिसूचना में कहा कि इन क्षेत्रों के नागरिक 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना का विकल्प अपना सकते हैं। अधिसूचना में कहा गया है।




# दलीप ट्रॉफी फाइनल : पडिक्कल, सूर्यवंशी की नजरें बड़े स्कोर पर



चेन्नई। वैभव सूर्यवंशी, देवदत्त पडिक्कल और तिलक वर्मा पूर्वी क्षेत्र और दक्षिणी क्षेत्र के बीच रविवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के फाइनल में लाल गेंद क्रिकेट में अपने हाल के प्रदर्शन को और बेहतर करने की कोशिश करेंगे जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की निगाह लय हासिल करने पर होगी। पडिक्कल को साई सुदर्शन के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम में जो मौका मिला, उसका उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भरपूर फायदा उठाया। कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने दो टेस्ट मैचों में दो शतक लगाए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

दलीप ट्रॉफी के फाइनल में दक्षिण क्षेत्र की तरफ से खेलते हुए वह इस प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे। पडिक्कल अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे निश्चित रूप से उनकी टीम को 2023 के बाद खिताब वापस जीतने में मदद मिलेगी। इससे वह तीसरे नंबर पर अपना दावा और मजबूत करना चाहेंगे। सूर्यवंशी और तिलक दोनों ही फिलहाल भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं है। लेकिन भारत के टी20 उप-कप्तान तिलक ने हाल ही में बेंगलुरु में उत्तर क्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक और अर्धशतक बनाकर टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा पेश किया। इसके बाद उन्होंने खुलकर कहा कि उनका लक्ष्य टेस्ट टीम में जगह बनाना है। पूर्वी क्षेत्र से खेलने वाले सूर्यवंशी ने मध्य क्षेत्र के खिलाफ सेमीफाइनल में 92 और 40 रन बनाकर यह साबित कर दिया कि वह परिस्थितियों के अनुसार अपना खेल खेलने में माहिर हैं और उन्हें केवल सीमित ओवर के प्रारूपों तक ही सीमित नहीं माना जाना चाहिए। अगर वह फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हैं तो उनकी सभी प्रारूप में खेलने की संभावना बढ़ जाएगी। अनुभवी तेज गेंदबाज सिराज को न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में आना होगा। वह दक्षिण क्षेत्र की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज विदवत कावेरप्पा की जगह ले सकते हैं। सिराज श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला में प्रभाव नहीं छोड़ पाए और वह किसी भी समय लय में नहीं दिखे। उनके इस प्रदर्शन को देखते हुए कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि सिराज को अपनी लय वापस पाने की जरूरत है। इशान किशन पूर्व क्षेत्र की कप्तानी करेंगे और अगले सप्ताह अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल होने से पहले वह कुछ रन बनाने के लिए उत्सुक होंगे। केएल राहुल भी अगले महीने न्यूजीलैंड दौरे की तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेंगे।

हालांकि मैच से 24 घंटे पहले तक राहुल दक्षिण क्षेत्र की टीम से नहीं जुड़ पाए थे। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मुकेश कुमार और स्पिनर अनुकूल रॉय की मौजूदगी में पूर्वी क्षेत्र का गेंदबाजी आक्रमण गेंदबाजों की मददगार रही पिच पर राहुल के कौशल की परीक्षा लेगा। शमी का यहां 100वां प्रथम श्रेणी मैच होगा जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। वह राष्ट्रीय टीम में वापसी की कोशिश में लगे हैं और वह यहां अच्छा प्रदर्शन करके अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। भारत के लिए उन्होंने अपना आखिरी मैच मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के रूप में खेला था।

# टी20 टीम में जुड़ना चुनौतीपूर्ण, लेकिन ढलना हमारा काम : किशन, तिलक

चेन्नई। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के सदस्य ईशान किशन और उपकप्तान तिलक वर्मा ने माना है कि दलीप ट्रॉफी के फाइनल के तुरंत बाद अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला में उतरना आसान नहीं होगा लेकिन दोनों खिलाड़ियों का मानना है कि पेशेवर क्रिकेटर के तौर पर उन्हें परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा और इसके लिए किसी तरह का बहाना नहीं बनाया जा सकता। पांच दिवसीय दलीप ट्रॉफी का फाइनल रविवार से शुरू होगा और 10 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद भारतीय टीम 13 सितंबर से नयी दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला खेलेगी।



पूर्व क्षेत्र की कप्तानी कर रहे किशन ने मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह समझना जरूरी है कि आप किस प्रारूप में खेल रहे हैं। जब आप टेस्ट मैच खेल रहे हों और अचानक सफेद गेंद के प्रारूप में पहली गेंद से ही आक्रामक बल्लेबाजी करनी पड़े, फिर वापस घरेलू टीम में जाकर बिल्कुल अलग भूमिका निभानी हो, तो यह मुश्किल हो जाता है। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान और भारत के टी20 उपकप्तान तिलक वर्मा ने भी माना कि लगातार पांच दिन खेलने के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़ना चुनौतीपूर्ण होगा। उन्होंने कहा, हां, यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण जरूर होगा। यहां पांच दिन खेलने के बाद फिर भारतीय टीम से जुड़ना होगा। यहां से हम दिल्ली जाएंगे इसलिए हमारे पास करीब दो दिन का अंतर रहेगा। वहां हम अभ्यास कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण होगा।

इस स्थिति से निपटने के सवाल पर किशन और तिलक दोनों ने परिस्थितियों से ढलने की अपनी क्षमता पर भरोसा जताया। तिलक ने कहा, हमने पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेला है और हर तरह की परिस्थितियों में खेल चुके हैं, इसलिए हम खुद को उसके मुताबिक ढाल सकते हैं। हमें पता है कि अपनी मानसिकता कैसे बदलनी है और शरीर को पर्याप्त तरल पदार्थ तथा अन्य जरूरी चीजों के साथ कैसे तैयार रखना है। उन्होंने कहा, हम पहले भी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मैच खेल चुके हैं इसलिए हम इसके काफी अभ्यस्त हैं। तिलक ने बेंगलुरु में सेमीफाइनल जीतने के बाद दलीप ट्रॉफी के फाइनल में खेलने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर की थी। अब उनका मानना है कि फाइनल के बाद सीधे टी20 क्रिकेट में लौटने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। किशन ने कहा, एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर परिस्थितियों के अनुसार ढलना हमारा काम है। जब हमें पहले से पता है कि अगले कुछ दिनों की दिनचर्या कैसी रहने वाली है,

तो हम बहाने नहीं बना सकते। इसलिए बेहतर है कि हम ऐसी स्थिति ही न आने दें जहां हमें बहाने बनाने पड़ें। उन्होंने कहा, साथ ही हमें यह भी पता होना चाहिए कि आगे क्या होने वाला है। इसके बाद मैं टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलूंगा, इसलिए मेरी भूमिका अलग होगी। लेकिन शुरुआती मैच से पहले हमें दो दिन अभ्यास का समय मिल रहा है और मेरे हिसाब से यह काफी है। दक्षिण क्षेत्र की बल्लेबाजी को लय में चल रहे देवदत्त पडिक्कल के टीम में शामिल होने से मजबूती मिली है।

## संक्षेप

### अनाहत लंदन स्क्वाश क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में हारी

लंदन। भारत की अनाहत सिंह क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी शिवसंगारी सुब्रमण्यम से हारकर लंदन स्क्वाश क्लासिक पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता से बाहर हो गई। मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत को शुक्रवार को 4-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। अनाहत ने विश्व की नंबर 11 खिलाड़ी नेली गिलिस को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज यह भारतीय खिलाड़ी अब 12 सितंबर से शुरू होने वाले कतर क्लासिक टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट जापान में 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी का हिस्सा है।

### इंडियन वुमैन्स लीग का नया सत्र 16 अक्टूबर से शुरू होगा

नयी दिल्ली। देश की शीर्ष स्तर की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) का नया सत्र अगले महीने शुरू होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। नया सत्र 16 अक्टूबर से शुरू होगा। पिछले सत्र की छह टीम ईस्ट बंगाल एफसी, सेतु एफसी, किकस्टार्ट एफसी, नीता एफए, गोकुलम केरला एफसी और गढ़वाल यूनाइटेड एफसी के साथ प्रमोट हुई एचओपीएस एफसी और जुबा सांघा एफसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। आईडब्ल्यूएल-2 का ग्रुप चरण 23 अक्टूबर से शुरू होगा जिसमें 20 टीम को पांच-पांच टीमों के चार समूहों में बांटा जाएगा। चारों ग्रुप की विजेता टीम और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम को छह टीम के फाइनल दौर में जगह मिलेगी। फाइनल दौर की शुरुआत 25 नवंबर से होगी।

### भारत को अपनी ताकत पर करना होगा विश्वास : काफू

मुंबई। ब्राजील के दिग्गज और पूर्व कप्तान काफू ने शनिवार को कहा कि भारत को फुटबॉल के नक्शे पर अपनी निचली रैंकिंग के बारे में सोचने के बजाय अपनी क्षमता पर विश्वास करना चाहिए और आगे बढ़ने के लिए खेल तथा शिक्षा में निवेश करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ब्राजील इस क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। काफू ने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतर संपर्क और सहयोग के जरिए भारत और ब्राजील इसे संभव बना सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जापान और चीन अतीत में पांच बार की विश्व कप विजेता ब्राजील से मदद ले चुके हैं। भारत और ब्राजील तीन अक्टूबर को कोलकाता में पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेंगे। काफू ने स्वीकार किया कि दोनों राष्ट्रीय टीमों के स्तर में अंतर हो सकता है, लेकिन भारत के लिए इस मुकाबले से सकारात्मक चीजें हासिल की जा सकती हैं। काफू ने शनिवार को यहां ग्लोबल इम्पैक्ट फोरम में चर्चा के दौरान भारत-ब्राजील मैत्री मैच पर बाइचुंग भूटिया की टिप्पणी के जवाब में कहा, भारत को वास्तव में इसी तरह की सोच रखने वाले किसी व्यक्ति की जरूरत है।

# भारत ने पाक को सात विकेट से हराया

## वीमेंस एशिया कप का सबसे छोटा स्कोर, श्री चरणी और प्रेमा को 3-3 विकेट

एजेंसी



दुबई। भारतीय महिला टीम ने टी-20 एशिया कप में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। उसने 56 रन का टारगेट 8.4 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में शनिवार को पाकिस्तान की टीम 55 रन पर ऑलआउट हो गई। यह टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान का सबसे छोटा स्कोर है। पाकिस्तान की 8 बल्लेबाज ही दहाई तक नहीं पहुंच सकी। सबसे ज्यादा 14 रन शवाल जुल्फिकार ने बनाए। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी और प्रेमा रावत को 3-3 विकेट मिले। दीप्ति शर्मा को 2 विकेट मिले। शनिवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान की 2 बल्लेबाज ही दहाई तक पहुंच सकी।

सबसे ज्यादा 14 रन शवाल जुल्फिकार ने बनाए। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी और प्रेमा रावत को 3-3 विकेट मिले। दीप्ति शर्मा को 2 विकेट मिले। भारत ने विमेंस एशिया कप में पाकिस्तान के 8 बैटर्स को पवेलियन भेज दिया है। दुबई में चल रहे इस मैच में 16 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 53/8 है। 14वें ओवर में ईमान फातिमा 5 रन बनाकर रनआउट हुईं। इससे पहले दीप्ति शर्मा ने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को जीरो पर आउट किया। प्रेमा रावत ने सदफ शमास को आउट किया। श्री चरणी ने 3 विकेट झटके। शेफाली वर्मा को भी एक विकेट मिला। टॉस के समय भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक बार फिर पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। भारतीय कप्तान ने 14 जून को खेले गए विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के मैच में भी पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिला था। 22 अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय और पाकिस्तानी खिलाड़ियों के बीच हैंडशेक नहीं करने की नीति देखी जा रही है। हरमनप्रीत ने 14 जून को विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप मैच में भी पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिला था।

भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तानियों से नो-हैंडशेक पॉलिसी पिछले साल मेंस एशिया कप से शुरू हुई थी। जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। हरमनप्रीत कौर 150वें मैच में कप्तानी कर रही हैं। वे टी-20 इंटरनेशनल में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं। 10वें ओवर की पहली बॉल पर दीप्ति शर्मा ने फातिमा सना को छइह आउट किया। फातिमा अंपायर के फैसले से नाखुश दिखीं, लेकिन ऊफर उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। फातिमा सना 7 गेंदों पर 0 रन बनाकर आउट हुईं।

9वें ओवर की आखिरी बॉल पर प्रेमा रावत ने सादफ शमास को बोल्ड कर पाकिस्तान को 5वां झटका दिया। सादफ शमास 8 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हुईं। 8वें ओवर की दूसरी बॉल पर श्री चरणी ने तीसरा विकेट हासिल किया। उन्होंने आयशा जफर को आउट किया। स्टंप्स पर फुल और अंदर आती गेंद पर आयशा ने मिड-ऑन के ऊपर से खेलने की कोशिश की, लेकिन हरमनप्रीत कौर के हाथों में मार बैठीं। आयशा जफर 7 गेंदों पर 2 रन बनाकर आउट हुईं। पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही है। टीम ने पावरप्ले में 29 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। छठे ओवर में श्री चरणी ने दो विकेट झटके। उन्होंने गुल फिरोजा और शवाल जुल्फिकार को आउट किया। 5वें ओवर की तीसरी बॉल पर शेफाली वर्मा ने मुनीबा अली को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने स्टंप्स पर तेज गेंद डाली, जिसे मुनीबा कट करने से चूक गईं। गेंद टर्न लेते हुए ऑफ स्टंप की बेल्स से टकरा गई। मुनीबा अली 15 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुईं, जिसमें एक चौका शामिल था। तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर पाकिस्तानी ओपनर मुनीबा अली को जीवनदान मिला।

क्रांति गौड़ की गेंद पर कवर-पॉइंट पर प्रतिका रावल से आसान कैच छूट गया। मैच के पहले ओवर में पाकिस्तान ने 4 रन बनाए। क्रांति गौड़ ने पहली बॉल वाइड डाली। उनकी चौथी बॉल पर 3 रन आए। इस ओवर में पाकिस्तान ने कोई विकेट नहीं गंवाया। टीम इंडिया पिछले 4 मैचों से अजेय है। पाकिस्तान ने आखिरी बार अक्टूबर 2022 में एशिया कप के मुकाबले में ही भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी। यह एशिया कप टी-20 में भारत के खिलाफ उसकी इकलौती जीत भी है। टूर्नामेंट में खेले बाकी के 6 मुकाबले भारत ने अपने नाम किए। दोनों टीमें टी-20 इंटरनेशनल में 17 बार भिड़ी हैं। इनमें भारत ने 14 मैचों में पाकिस्तान को हराया है। पाकिस्तान 3 मुकाबलें ही जीत सका है। ग्रुप में भारत 4 अंकों के साथ पहले और पाकिस्तान 2 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है। यह मैच जीतने पर पाकिस्तान टॉप-4 में पहुंच जाएगा।

# श्रीनिति ने दो खिताब जीते, फजल ने जीता लड़कों का खिताब



बेंगलुरु। स्थानीय खिलाड़ी श्रीनिति चौधरी ने शनिवार को यहां केएसएलटीए विश्व टेनिस जूनियर जे30 बेंगलुरु में लड़कियों के एकल और युगल दोनों खिताब जीत लिए। पंद्रह वर्षीय चौथी वरीयता प्राप्त श्रीनिति ने पहले एकल फाइनल में शहर की अपनी साथी खिलाड़ी आहिदा सिंह को 6-4, 6-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने रिद्धि शिंदे के साथ जोड़ी बनाकर युगल खिताब भी अपने नाम किया। दोनों ने फाइनल में जोहा कुरैशी और दीप्ति वेंकटेशन की जोड़ी को 4-6, 6-2, 13-11 से मात दी। लड़कों के एकल फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त फजल अली मीर ने अमेरिका के तीसरी वरीयता प्राप्त नियांथ बद्रीनारायणन के रिटायर होने पर 6-4, 4-6, 2-0 से जीत दर्ज की। बद्रीनारायणन ने इसके बाद मैच से हटने का फैसला किया। चुक्का लक्ष्य वर्धन और पार्थिव नल्लागुंडला की जोड़ी ने लड़कों के युगल का खिताब जीता।

उन्होंने एक रोमांचक फाइनल में नितिनभारत केएस और अभिवाद्या मिश्रा को 6-7 (3), 7-6 (3), 10-4 से हराया। दसवीं कक्षा की छात्रा श्रीनिति पिछले सप्ताह हैदराबाद में आईटीएफ जे60 का खिताब जीतकर बेंगलुरु पहुंची थीं और इसके बाद जे30 में दोनों खिताब अपने नाम कर शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सेरेना और वीनस विलियम्स एक बार फिर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र रहीं, लेकिन वे वापसी पर जीत हासिल नहीं कर पाई जबकि अप्रैल के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में खेल रहे कार्लोस अल्काराज़ ने अपना विजय अभियान जारी रखा। सेरेना और वीनस ने हालांकि महिला युगल के पहले दौर के मैच में कड़ी चुनौती पेश की। इन दोनों बहनों ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचाया। उनके पास जीत का शानदार मौका था लेकिन टाईब्रेकर में उन्होंने 5-0 की बढ़त गंवा दी और और आखिर में हाओ-चिंग चान और माया जॉइंट से 6-3, 6-7 (6), 7-6 (10-7) से हार गईं। यह 2022 के बाद यूएस ओपन में उनका पहला मैच था। उन्होंने यहां दो बार युगल खिताब जीता है। तीसरे सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए सेट को बराबरी पर ला दिया था।

सेरेना ने इस साल 44 साल की उम्र में टेनिस में वापसी की। वीनस 46 साल की उम्र में भी टूर पर खेलना जारी रखे हुए हैं। इस बीच पुरुष एकल में मौजूदा चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने वू यिबिंग को 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। दाहिनी कलाई में चोट के कारण चार महीने तक खेल से बाहर रहने वाले दो बार के चैंपियन अल्काराज़ का सामना अब 20वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा।

## एशियाई खेलों में अपने प्रदर्शन को दोहरा सकता हूं : साबले

बेंगलुरु। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले अविनाश साबले का मानना है कि उनकी फिटनेस का स्तर 2022 जैसा ही है और वह एशियाई खेलों में 3000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण पदक बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साबले को एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की सर्जरी करानी पड़ी थी जिस कारण वह राष्ट्रमंडल खेलों में भाग नहीं ले पाए थे। उन्होंने हालांकि एशियाई खेलों के लिए कड़ा अभ्यास किया है और उन्हें जापान में होने वाले इन खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

# वारविकशर ने हैम्पशर को हराया

एजेंसी

साउथम्पटन। भारत के युवा स्पिनर मानव सुथार ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप के शीर्ष डिविजन के मैच में सात विकेट झटककर वारविकशर को हैम्पशर के खिलाफ पारी और 129 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वारविकशर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 398 रन बनाए, जिसके जवाब में हैम्पशर की टीम पहली पारी में 115 और दूसरी पारी में 154 रन पर सिमट गई। मैच तीन दिन के भीतर समाप्त हो गया। श्रीलंका में भारतीय टीम के प्रतिनिधित्व के लिए रवाना होने से पहले सुथार ने वारविकशर के लिए अपने शुरुआती दो मैचों में 11 विकेट लिए थे। वापसी के बाद उन्होंने उसी लय को बरकरार रखते हुए कुल 38.3 ओवर में 94 रन देकर सात विकेट हासिल किए। पहली पारी में उन्होंने 15 ओवर में 42 रन देकर तीन और दूसरी पारी में 23.3 ओवर में 52 रन देकर चार विकेट झटके। लंदन के द ओवल में खेले गए एक अन्य मुकाबले में जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने सरे की जीत में योगदान दिया।

**सुथार ने लिए सात विकेट**

## भारत के खिलाफ मैत्री मैच के लिए उरुग्वे की टीम में वाल्वर्दे प्रमुख चेहरा

कोलकाता। भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए उरुग्वे की स्टार खिलाड़ियों से भरी टीम में रियाल मैड्रिड के स्टार फेडरिको वाल्वर्दे प्रमुख खिलाड़ी होंगे। मुख्य कोच डिएगो फोर्लान के मार्गदर्शन वाली दो बार की विश्व चैंपियन टीम में अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और उभरते हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण होगा। भारत छह अक्टूबर को यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में उरुग्वे का सामना करेगा जो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबलों की श्रृंखला का हिस्सा है। इससे पहले भारतीय टीम 25 सितंबर को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में पनामा और तीन अक्टूबर को यहां पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील से भिड़ेगी।

# गर्वित ने जीते दो स्वर्ण, विक्रम ने रजत पदक पर साधा निशाना

खेल संवाददाता

लखनऊ। जयपुर में चल रही 45वीं नॉर्थ जोन शॉटगन शूटिंग प्रतियोगिता में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। ट्रैप स्पर्धा में लखनऊ के गर्वित पाण्डेय ने जूनियर और सीनियर वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीते। वहीं मास्टर वर्ग में विक्रम राय ने रजत पदक हासिल किया।

दोनों खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इसके अलावा लखनऊ के ट्रैप शूटर अमित अग्रवाल ने निर्धारित क्वालीफाइंग स्कोर हासिल कर नेशनल



प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली है। जयपुर के जगतपुरा शूटिंग रेंज में 2 से 7 सितंबर तक आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन के 10 प्रदेशों के 350 से अधिक निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में ट्रैप शूटिंग के मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

## आईएसएल सत्र 10 अक्टूबर से होगा शुरू

नयी दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2026-27 सत्र का आगाज 10 अक्टूबर से होगा और प्रतियोगिता मई 2027 तक चलेगी। लीग इस बार अपने पारंपरिक होम एंड अवे (घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर मुकाबला) प्रारूप में लौटेगी और करीब आठ महीने तक 163 मुकाबलों का मैराथन आयोजित किया जाएगा। पिछले सत्र में प्रशासनिक और व्यावसायिक अनिश्चितताओं के कारण आईएसएल का आयोजन देरी से हुआ था। इसके चलते टूर्नामेंट को सीमित अवधि में एकल चरण प्रारूप में कराया गया था। अब 2026-27 सत्र क्लबों की अगुवाई वाले नए दौर में आयोजित किया जाएगा। लीग चरण में सभी टीमें राउंड-रॉबिन आधार पर घरेलू मैदान और बाहर मैच खेलेंगी।

# टेनिस : अल्काराज व सबालेंका चौथे दौर में

एजेंसी

न्यूयॉर्क। सेरेना और वीनस विलियम्स एक बार फिर यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र रहीं, लेकिन वे वापसी पर जीत हासिल नहीं कर पाई जबकि अप्रैल के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में खेल रहे कार्लोस अल्काराज़ ने अपना विजय अभियान जारी रखा। सेरेना और वीनस ने महिला युगल के पहले दौर के मैच में कड़ी चुनौती पेश की। इन दोनों बहनों ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचाया।

**सेरेना और वीनस टाईब्रेकर में हारी**



उनके पास जीत का शानदार मौका था लेकिन टाईब्रेकर में उन्होंने 5-0 की बढ़त गंवा दी और और आखिर में हाओ-चिंग चान और माया जॉइंट से 6-3, 6-7 (6), 7-6 (10-7) से हार गईं। यह 2022 के बाद यूएस ओपन में उनका पहला मैच था। उन्होंने यहां दो बार युगल खिताब जीता है। तीसरे सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए सेट को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया था।

जॉइंट ने कहा, मुझे लगता है कि दर्शक लगभग वैसे ही थे जैसा हमने उम्मीद की थी। हमने पूरे स्टेडियम के भरे होने और उन दोनों का समर्थन करने की उम्मीद की थी और लगभग वैसा ही हुआ। माहौल वाकई में बहुत खास है। हमें शायद ही किसी और टीम के खिलाफ ऐसा माहौल दोबारा देखने को मिले। सेरेना ने इस साल 44 साल की उम्र में टेनिस में वापसी की। वीनस 46 साल की उम्र में भी टूर पर खेलना जारी रखे हुए हैं। वीनस एकल मुकाबले के पहले दौर में हार गई थी।

इस बीच पुरुष एकल में मौजूदा चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने वू यिबिंग को 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। दाहिनी कलाई में चोट के कारण चार महीने तक खेल से बाहर रहने वाले दो बार के चैंपियन अल्काराज़ का सामना अब 20वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा, जिन्होंने 15वीं वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर बुब्लिक को पांच सेटों में हराया। अल्काराज़ ने कहा, मैंने जितना सोचा था मैं उससे बेहतर प्रदर्शन कर रहा हूं। महिला एकल में दो बार की मौजूदा चैंपियन एरीना सबालेंका ने भी चौथे दौर में प्रवेश किया।

# इकाना स्टेडियम में आज भिड़ेंगे लखनऊ व मेरठ

खेल संवाददाता

लखनऊ। यूपी टी20 लीग 2026 अपने सबसे रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुकी है। रविवार को खेले जाने वाले 'ग्रैंड फिनाले' की पूर्व संध्या पर लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेसवार्ता में यूपी टी20 गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन

**बारिश के लिए रिजर्व डे का ऐलान, नए स्टेडियम में भी हो सकते हैं अगले सीजन के मैच, फाइनल आज**

डॉ. संजय कपूर, सदस्य संजीव कुमार सिंह, लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार, मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू सिंह, लखनऊ के बल्लेबाजी कोच उमंग शर्मा और मेरठ के हेड कोच उत्कर्ष चंद्रा शामिल हुए। सीजन 4 की सफलता और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के विजन पर बात करते हुए गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा: लखनऊ से शुरू हुआ यह सफर कानपुर से होता हुआ अब इकाना में अपने सबसे बड़े मुकाबले के लिए लौट आया है। हमें इससे बेहतर फाइनल नहीं मिल सकता था। एक तरफ अनुभवी भुवी हैं तो दूसरी तरफ रिंकू सिंह। युवा खिलाड़ियों को इनके साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। डॉ. कपूर ने बारिश के बावजूद ग्राउंड्समैन के काम की तारीफ की और घोषणा की कि फाइनल्स के लिए एक



'रिजर्व डे' रखा गया है, ताकि बारिश होने पर भी नतीजा निकल सके। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अगले सीजन से वाराणसी जैसे नए शहरों में भी मैच आयोजित कराए जा सकते हैं। पहली बार फाइनल का टिकट कटाने वाली लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने युवा खिलाड़ियों के नर्वस होने पर कहा: टीम में थोड़ी घबराहट होना स्वाभाविक है क्योंकि यह फ्रेंचाइजी का पहला फाइनल है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा उत्साह है। मेरी युवा खिलाड़ियों को यही सलाह है कि वे इस बड़े मौके का आनंद लें। दबाव में यह न भूलें कि उन्होंने क्रिकेट खेलना क्यों शुरू किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या लखनऊ में खेलने का उन्हें होम एडवांटेज मिलेगा, तो भुवी ने मुस्कराते हुए कहा पूरा उत्तर प्रदेश ही हम सबका घर है। उन्होंने मेरठ के स्पिनर जीशान अंसारी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके खिलाफ सतर्क रहकर बल्लेबाजी करनी होगी।

# वैज्ञानिक सोच वाली पीढ़ियां तैयार करें शिक्षक

## नैतिकता के पथ पर चलते हुए समृद्धि और यश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक की सफलता के जीवंत प्रतिमान : राष्ट्रपति

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की ऐसी पीढ़ियां तैयार करने का शनिवार को आह्वान किया जिनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण हो और जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से आगे बढ़ें। मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर लिखे एक लेख में कहा कि विद्यार्थियों को अच्छा व्यक्ति बनाना शिक्षक का पावन कर्तव्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि नैतिकता के पथ पर चलते हुए समृद्धि और यश प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही शिक्षक की सफलता के जीवंत प्रतिमान होते हैं। उन्होंने कहा कि देश सामाजिक समावेश के साथ विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मैं चाहूंगी कि विकास यात्रा के इस क्रम में हमारे शिक्षकगण ऐसी पीढ़ियों का निर्माण करें जो हमारी संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्व समझें, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ मानवता के हित में कार्य करें, अंत्योदय के आदर्शों को आत्मसात करें, पर्यावरण और सभी जीव-जंतुओं के संरक्षण में सक्रिय रहें, व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों में उत्कर्ष प्राप्त करें तथा राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से आगे बढ़ें। शिक्षक गढ़ते कल का भारत शीर्षक वाले लेख में राष्ट्रपति ने कहा कि माता-पिता और



अभिभावक बड़े विश्वास के साथ अपने बच्चों को शिक्षकों के पास भेजते हैं। उन्होंने कहा, वे यह मानकर चलते हैं कि शिक्षक अपनेपन की भावना से बच्चों की सुरक्षा और प्रगति पर ध्यान देंगे। इस पवित्र आस्था की रक्षा करना प्रत्येक शिक्षक का धर्म है। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षक की भावना, आचरण और व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे बच्चों में भय और आशंका पैदा न हो, उनका मनोबल न टूटे तथा उनमें हीन भावना विकसित न हो। उन्होंने कहा कि अच्छे शिक्षक यह सुनिश्चित करते हैं कि विद्यार्थी अपने सर्वोत्तम स्वरूप को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में स्वतंत्र चिंतन को प्रोत्साहित करना, उनमें जिज्ञासा उत्पन्न करना, प्रश्न करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना, उनकी तर्क और निर्णय क्षमता को विकसित करना तथा उनके स्वतंत्र व्यक्तित्व के निर्माण में मदद करना शिक्षण के सबसे उपयोगी और प्रेरक आयामों में शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा, ऐसी प्रेरक शिक्षा से ही सफल उद्यमियों, प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों, सृजनशील कलाकारों और उभरती चुनौतियों के नवीन समाधान प्रस्तुत करने वाले नागरिकों की पीढ़ियां तैयार होंगी।

राष्ट्रपति मुर्मू अपने शिक्षकों की भूमिका का उल्लेख करते हुए ने कहा कि स्नेही और समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों में असीम क्षमता और प्रेरणा का संचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रोत्साहन से विद्यार्थियों में जीवन की कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना करने का साहस और बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल करने का आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम ही नहीं पढ़ाते, बल्कि अपने आचरण और उदाहरण से विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मेरा सभी देशवासियों से अनुरोध है कि वे निष्ठावान और समर्पित शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान की भावना रखें।

## बंगाल के प्रत्येक जिले में दो सीएम श्री स्कूल स्थापित किये जाएंगे : शुभेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में दो सीएम श्री स्कूल खोले जाएंगे। शुभेंदु अधिकारी ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीएम श्री पहल केंद्र की पीएम श्री योजना की तर्ज पर होगी और विद्यालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी उपलब्ध होंगी।






## संक्षेप

### रूस, यूक्रेन के बीच शांति की नयी कोशिश में विटकॉफ व कुशनर मास्को पहुंचे

मास्को। यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले को समाप्त करवाने के बारे में रुकी हुई कोशिशों को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शनिवार को मास्को पहुंचे। रूसी सरकारी समाचार प्रतिष्ठानों ने यह जानकारी दी। यह दौरा ऐसे समय में हुआ जब दोनों पक्षों ने हवाई हमले तेज कर दिए थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन दूतों की यात्रा के दौरान हवाई हमले रोक देगा और उन्होंने मास्को से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। मास्को ने इस प्रस्ताव पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वॉशिंगटन की अब पांचवें साल में चल रही लड़ाई खत्म करने की कोशिश धीमी पड़ गई है।

## शिक्षक दिवस पर अपने स्कूल पहुंचे भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर यहां अपने स्कूल ज्ञान निकेतन पहुंचे और कहा कि उनके स्कूली जीवन के शुरुआती वर्षों की यादें

### छात्रजीवन को याद किया

हमेशा उनके मन में कायम रहेंगी। नवीन ने कहा कि वह जिस भी पद पर रहें, उनके स्कूल के प्रति उनकी भावनाएं हमेशा वैसी ही रहेंगी।

उन्होंने कहा, शिक्षक दिवस के मौके पर अपने स्कूल आने का अवसर पाकर मैं बहुत खुश हूं। मैं जिस भी पद पर रहूं, अपने स्कूल के प्रति मेरी भावनाएं नहीं बदलेंगी। स्कूल के शुरुआती साल हर बच्चे के लिए हमेशा यादगार होते हैं,



चाहे वह जीवन में कितनी भी ऊंचाइयों तक पहुंच जाए। भाजपा अध्यक्ष ने पूर्व आईपीएस अधिकारी और महावीर मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सचिव दिवंगत किशोर कुणाल को याद किया, जिन्होंने उनके स्कूल की स्थापना की कल्पना की थी। नवीन ने स्कूल परिसर में किशोर कुणाल की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा, इस प्रतिमा ने मेरे अंदर नयी ऊर्जा जगाई है और यह बच्चों को ऐसे सक्षम अधिकारी बनने के लिए प्रेरित करेगी, जो समाज के लिए अपनी स्थायी विरासत छोड़ सकें। नवीन ने किशोर कुणाल की पत्नी अनीता कुणाल से आशीर्वाद लिया। अनीता कुणाल ने उस दौर में स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी संभाली थी जब नवीन ने पढ़ाई की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा, मैडम के मार्गदर्शन में स्कूल का विस्तार हुआ और इसे सुंदर रूप दिया गया।

मुझे किशोर कुणाल का आशीर्वाद मिला था और बाद में मैंने राजनीति में कदम रखा। आज शिक्षक दिवस पर मैं इसी परिसर में खड़ा हूं और मैडम का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा हूं। भाजपा अध्यक्ष ने उनके छात्र जीवन के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य रहे जे एन दत्त को भी याद किया।

## नेपाल में बाढ़ से 5000 लोग अब भी लापता

काठमांडू। नेपाल में अचानक आई विनाशकारी बाढ़ के बाद प्रभावित जिलों से और शव बरामद किए जाने के साथ मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 1,344 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचाव दल करीब 5,000 लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं, जिनमें कम से कम 589 विदेशी नागरिक शामिल हैं। वहीं, 13,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। शनिवार को बचाए गए लोगों में नुवाकोट जिले के बिदुर शहर में चार मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल से सुरक्षित निकाली गई 60 वर्षीय महिला भी शामिल है। यह मकान मलबे और कीचड़ में दब गया था और महिला उसमें 10 दिनों से फंसी हुई थी। चंडिका श्रेष्ठा को सशस्त्र पुलिस बल की एक टीम ने बेहोशी की हालत में पाया। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए त्रिशूली स्थित नेपाली सेना की मैथिली बैरक ले जाया गया।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com